ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 24 मई 2023 • वर्ष-29 • अंक-217 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

इंडो-यूके को-प्रोडक्शन 'शेरनी' को लीड ... पेज 10 पर



सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND



धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती पर


श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
भारत की माननीय राष्ट्रपति

का हार्दिक अभिनंदन और जोहार

24 मई, 2023



सी. पी. राधाकृष्णन
राज्यपाल, झारखण्ड



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 298156 (IPRD) 2023-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

NEWS इन ब्रीफ

## राज्यपाल से मिले पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर

**मेदिनीनगर।** हुसैनाबाद नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले को लेकर राज्य के पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आज राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान श्री किशोर ने गत दिनों पलामू जिला के हुसैनाबाद थाना अंतर्गत एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म तथा पाटन थाना की एक जनजाति लड़की का बाल मुड़वाकर घुमाए जाने के मामले की जानकारी दी। राज्यपाल को पूरे मामले से अवगत कराते हुए पीड़िता को सहायता राशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इसको लेकर उन्होंने राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपा।

## बटाने नदी में बालू खनन से बने गड्ढे में डूबकर एक बच्ची की मौत

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के विशुनपुर गांव के समीप मंगलवार को बटाने नदी घाट में बालू उठाव के बाद बने गड्ढे में डूबने से एक बच्ची की मौत हो गयी। मृतक 5 वर्षीय बिलू कुमारी विशुनपुर गांव निवासी भीखारी भुइयां की पुत्री थी। बताया जाता है कि गांव के नजदीक बटाने नदी के किनारे आसपास के बच्चों के साथ वह खेलने गयी थी। तभी पैर फिसलने से वह नदी में बालू निकालने के लिए खोदे गये गड्ढे में गिर पड़ी तथा पानी में डूबने से उसकी मौत हो गयी,। घटना के बाद जहां स्वजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। वहीं इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

# बाइक दुर्घटना में विधायक प्रतिनिधि घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया के चैनपुर प्रखंड प्रतिनिधि जुगल किशोर सिंह (55 वर्ष) मंगलवार की दोपहर सड़क हादसे में गंभीर हो गए। एमआरएमसीएच में प्रारंभिक इलाज के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। वे होश में हैं, लेकिन उनका शरीर काम नहीं कर रहा है। दुर्घटना के बाद बाइक जलकर खाख हो गई है। बताते चलें कि विधायक प्रतिनिधि जुगह किशोर की पुत्री की शादी थी। इस कारण वे पिछले दो तीन रातों से सो नहीं पाए थे। मंगलवार की दोपहर डालटनगंज से वापस अपने गांव सलतुआ बाइक से लौट रहे थे। लोहरसिमी गांव में अचानक जुगल किशोर को झपकी आई और वे बाइक सहित सड़क पर गिर गए। इसी बीच बाइक में आग लग गई और जलकर खाख हो गई।आनन फानन में उन्हें इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया। यहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। जुगल किशोर के जख्मी होने की सूचना पर विधायक आलोक चौरसिया, जिला पार्षद रामलव चौरसिया सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग एमआरएमसीएच में पहुंचे।

# विद्युत विभाग के द्वारा शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को विद्युत विभाग के द्वारा उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं के निष्पादन को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्जनों की संख्या में विपत्र सुधार, ओटीएस तथा अन्य शिकायतों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। प्रखंड के विभिन्न इलाकों से आए लोगों ने अपनी बिल संबंधी समस्याओं को शिविर में रखा। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया की इस शिविर में बकायेदार उपभोक्ताओं से 55 हजार रूपए की वसूली की गई है। उन्होंने कहा की ओटीएस योजना के तहत उपभोक्ताओं का डीपीएस यानी डिले पेमेंट सबचार्ज माफ किया जा रहा है। उपभोक्ता जल्द से जल्द इस स्कीम का लाभ उठाए। 30 जून 2023 के बाद इस स्कीम का लाभ लोगो को नही मिल पाएगा।इस मौके पर कैशियर लंकेश कुमार,मानवदिवस कर्मी ललितेश्वर मेहता, चंदन कुमार, रौनक कुमार सिंह, रविशंकर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# झरगाड़ा गांव में हत्या कर शव को पेड़ पर लटकाने का आरोप

## सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी था मृतक सचिन ठाकुर


### थाना में दस लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत झरगाड़ा गांव निवासी रामजी ठाकुर ने अपने पुत्र की हत्या कर शव को पेड़ पर लटकाने को लेकर हुसैनाबाद थाना में दस लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में भरत पासवान, ममता देवी,मुन्ना पासवान, मुकेश पासवान, विकास पासवान, राकेश पासवान, राजू पासवान, राहुल पासवान, राजनाथ पासवान, सनेश पासवान आदि का नाम शामिल है। लिखित आवेदन में कहा गया है की गत 18 मई को गांव में हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में छह लोगों को आरोपी बनाया गया, जिसमें मेरे पुत्र सचिन ठाकुर का भी नाम शामिल है। मेरा पुत्र घटना के दिन घर पर नहीं था, वह उटारी थाना क्षेत्र के सतबहिनी-भादुमा गांव में शादी समारोह में गया हुआ था। जब उसे इस मामले की जानकारी हुई तो वह वहीं से धनबाद चला गया। वह 22 मई को धनबाद से अपने आप को सरेंडर करने के लिए शक्तिपुंज एक्सप्रेस से डाल्टनगंज पहुंचा। वहीं से इसे बोलोरो गाड़ी में बैठा अगवा किया गया और उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी गई। फिर गांव से करीब एक-डेढ़ किलोमीटर उतर दिशा में दो मुहान के समीप एक महुआ के पेड़ पर लटका दिया गया। ताकि लोग इसे आत्महत्या समझे। गांव के ही भरत पासवान के बोलोरो वाहन में ही इस घटना को अंजाम दिया गया है। इसके पूर्व भी लोगों ने बीते 20 मई को लाठी डंडे व हथियारों से लैस होकर मेरे घर समेत अन्य छह ठाकुरों के घरों पर तोड़फोड़ की थी और लोगों ने कहा था कि पकड़े जाने पर तुम्हारे लड़के का हत्या कर देंगे। इस घटना के बाद गांव का पुरा ठाकुर परिवार दहशत में है।

## रेहला ज्ञानदीप कॉन्वेंट स्कूल का शत-प्रतिशत मैट्रिक परीक्षा परिणाम



**विश्रामपुर।** ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल का मैट्रिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के सभी छात्र-छात्रा प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुये। मनीष कुमार 93 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल का टॉपर बना। जबकि दिव्या शुक्ला 89 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। वहीं विवेक कुमार गौरव 87 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहा।स्कूल के संस्थापक अवध बिहारी पांडेय परीक्षा परिणाम से प्रसन्न दिखे। उन्होंने कहा कि स्कूल के कुल 56 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुयेऔर सभी 80 प्रतिशत से ऊपर अंक लाकर प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुये। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यालय के अनुशासन,समर्पण व बच्चो के कड़ी मेहनत का फल है। परीक्षा परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुये उन्होने कहा कि टॉपर छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन सम्मानित करेगा। मौके पर कई छात्र-छात्रा व शिक्षक-शिक्षिका मौजूद थे।

## भाजपा ने महा जनसंपर्क अभियान को लेकर की बैठक

**हुसैनाबाद।** भारतीय जनता पार्टी की **हैदरनगर** मंडल कार्यसमिति की बैठक मंगलवार को श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में की गई। इस बैठक में प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह विधानसभा महाजनसंपर्क अभियान के प्रभारी प्रफुल्ल सिंह ने कहा कि 30 मई से 30 जून तक प्रस्तावित विधानसभा महा जनसंपर्क अभियान को सभी के समन्वय व एकजुटता से सफल किया जाना है। बैठक से पूर्व पार्टी के उपस्थित नेता व कार्यकताओं ने पार्टी के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमेशचंद्र शिव जबकि संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. अजय जयसवाल ने कीया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह के अलावे राजा सिंह, वीरेन्द्र सोनी, प्रदीप कुमार सिंह सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता शामिल थे।

**वहीं जपला** में भारतीय जनता पार्टी की मंडल कार्यसमिति की बैठक रिद्धि सिद्धि होटल में हुई। इसमें कार्यक्रम प्रभारी के रूप भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल कुमार सिंह, भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कर्नल डॉ .संजय कुमार सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता तथा संचालन श्रवण अग्रवाल ने की। भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक में प्रभारी प्रफुल्ल कुमार सिंह ने कहा कि एक माह का जनसंपर्क महाअभियान भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा निर्धारित किया गया है। इस मौके पर कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी कार्य को सफल करने के लिए अग्रिम योजना बनाकर सभी बिंदुओं पर विचार करना अनिवार्य होता है। मौके पर भाजपा नेता संतोष कुमार सिंह, प्रशांत सिंह, नीरज सिंह, अखिलेश मेहता, नरेंद्र उपाध्याय, सुभाष कुमार, मनोहर सिंह, जनेश्वर सिंह तथा महिला मोर्चा से तृप्ति सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## किराना दुकानदार की बेटी जिला टॉप टेन में 7वां स्थान प्राप्त की

किराना दुकानदार जितेंद्र प्रसाद गुप्ता की बेटी किक्या कुमारी मैट्रिक परीक्षा में 474 अंक लाकर जिला टॉप टेन में सातवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र में नाम रौशन की है। किक्या कुमारी जितेंद्र प्रसाद गुप्ता की दूसरी पुत्री है। जिसने हरिहरगंज तेंदुआ स्तरोन्नत उच्च विद्यालय से मैट्रिक परीक्षा दी थी। किक्या कुमारी के पिता अपनी किराना दुकान चलाते हैं। किक्या के बड़ी बहन सुकन्या कुमारी ने भी पिछले साल मैट्रिक की परीक्षा में जिला टॉप टेन में स्थान प्राप्त किया था। माता अंचला देवी घरेलू महिला है। किक्या सिविल सर्विस में जाना चाहती है व बेहतर परीक्षा फल का श्रेय अपनी मेहनत , परिवार के सहयोग एवं शिक्षकों को देती है। इस मौके पर केंद्र प्रभारी परशुराम सिंह मौजूद थे।

# पाटन मे आंगनबाड़ी सेविका चयन चुनाव में अनियमितता

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड के ग्राम गहर पथरा में आंगनबाड़ी चुनाव में अनियमितता को लेकर गहरपथरा निवासी पूजा सिंह पति सत्य प्रकाश सिंह ने उप विकास आयुक्त पलामू को आवेदन देकर बताया कि स्थानीय निवासी नहीं होने के बावजूद फर्जी प्रमाण पत्र पर चयनित अभ्यर्थी की बहाली की गयी । 28 - 4- 2023 दिन गुरुवार को गहर पथरा गांव में आंगनबाड़ी का चुनाव किया गया था। चुनाव में हिसरा बरवाडी के पंचायत समिति मीणा देवी, वार्ड सदस्य निरंजन सिंह, सीडीपीओ अनिता कुमारी, प्रवेशिका शांति कमलेश, तथा उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह की उपस्थिति में आंगनबाड़ी सेविका का चयन किया गया इस चयन प्रक्रिया में बहुत सारी गड़बड़ियां हुई और एक व्यक्ति को लाभ दिलाने हेतु बाकी सभी के क्वालिफिकेशन कागजात को नजर अंदाज किया गया। पूजा सिंह के द्वारा जब आवाज उठायी गयी तो किसी ने इस पर संज्ञान नहीं लिया ना ही उसकी बात सुनी गई। आंगनबाड़ी सेविका पद के चयन के लिए 10 उम्मीदवार मैदान में थे। लेकिन चयन समिति के द्वारा रुचिका देवी पति पुनीत कुमार सिंह को चयनित किया गया। पूजा सिंह ने बताया कि रुचिका देवी से मेरी योग्यता अधिक थी और रुचिका देवी का सर्टिफिकेट भी फर्जी था।इस सर्टिफिकेट पर चयन समिति ने जांच नहीं की और मेरी योग्यता को कम आंकते हुए रुचिका देवी का चयन किया गया। जब मैंने सारे ओरिजिनल डॉक्युमेंट देखने के लिए कहा और मैंने अपना सारा ओरिजिनल डॉक्यूमेंट को दिखाया। फिर भी रुचिका देवी के सिर्फ छाया प्रति को देखकर उसको गलत तरीके से चयनित किया गया। और हमारी आवाज को दबाने के लिए प्रशासन का इस्तेमाल किया गया। पूजा सिंह ने उप विकास आयुक्त से आंगनबाड़ी सेविका के चयन को रद्द करने की मांग की है।

## महाजनसंपर्क अभियान की सफलता को लेकर भाजपा ने की बैठक

**हरिहरगंज।** शहर के पुरानी बस स्टैंड स्थित भाजपा कार्यालय में मंगलवार को मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम की अध्यक्षता में महा जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि प्रखंड के 12 पंचायतों के 61 बूथों पर 30 मई से 30 जून तक महा जनसम्पर्क अभियान चलाया जाएगा। बैठक में प्रभारी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य सत्येन्द्र मेहता, सहसंयोजक राजीव रंजन मिश्रा ,सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा, दिनेश गुप्ता, सत्येन्द्र पासवान, सिकन्दर पासवान, रघुनंदन साव, प्रखंड महामंत्री सन्नी गुप्ता, मंत्री सनोज गुप्ता,संतोष शौडिक, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनुपमा देवी, महामंत्री रानी देवी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष विक्की पटेल, लखन साव, राजू गुप्ता आदि शामिल थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
ई–मेलः– rdsdgumla123@gmail.com

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 1015 दिनांक 17.05.2023 द्वारा अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GUMLA/02/2023-24जिसका पी०आर० (PR) सं०–297643 Rural Development (2023-24)#D है, जो की अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला।

PR 298065 Rural Development(23-24)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

शुद्धि- पत्र

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि निविदा आमंत्रण सूचना सं0–05/2023–24 के PR संख्या– 296983 (Building) 23-24#(D) के द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 298050 Building (23-24)_D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Road Construction Department, Road Division, Daltonganj.

e-Procurement Notice

e-Tender Ref No- 1/ RCD/Daltonganj/2023-24/ 469 Dated:- 23.05.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Widening & Strengthening/Reconstruction of Japla – Navinagar (MDR 127) Bihar Border Road (Total Length- 14.895 K.m) for the year 2022-23. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 47,84,58,981.31 (Rupees Forty Seven Crore Eighty Four Lacs Fifty Eight Thousand Nine Hundred Eighty One and Thirty One Paise) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 47,84,600.00 (Rupees Forty Seven Lac Eighty Four Thousand Six Hundred)Only. |
| 4. | Time of Completion | 18 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 05.06.2023, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online BidSubmission | 26.06.2023, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 28.06.2023, 12:30 PM |
| 8. | Pre Bid Meeting Date & Time | 13.06.2023, 15:00 PM |
| 9. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Office of the Chairman , e-Procurement Cell, Room No. 330A, 3rd floor, Road Construction Department, Jharkhand Mantralaya , Dhurwa , Ranchi. |
| 10. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj. 06562–225019 |
| 11. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 12. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.** For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

Executive Engineer
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj

PR 298139Road Construction Dept Road Division Ranchi(23-24)#D

Government of Jharkhand
Urban Development & Housing Department
Office Of The Gumla Nagar Parishad, Gumla

Very Short Term NIT No.- GML/NP/04/2022-23

| Sl No /Group No | Name of work | BOQ value of work in Rs | Earnest Money | Cost of Documents by DD (In Rs) Non-Refundable | Period of completion in months |
|---|---|---|---|---|---|
| | नागरिक सुविधा | | | | |
| 1 | Construction of Precast RCC Slab at Ward No 21 | 192300.00 | 3900.00 | 1000.00 | One Month |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Procurement Officer | Executive Officer, Nagar Parishad, Gumla. |
| 2 | Place of opening tender | Nagar Parishad, Gumla. |
| 3 | Date & time of sale of BOQ | 30.05.2023 (10.00 AM to 05.00 PM) |
| 4 | Submission of Tender Documents | 01.06.2023 up to 02.00 PM |
| 5 | Date & time of opening Tender | 01.06.2023 up to 03.00 PM |

नोट :– (1)नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर में निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेगें। उक्त निविदा डबल बिड प्रणाली पर आधारित होगी।
(2)परिमाण विपत्र (B.O.Q.) के क्रय हेतु वैध एवं अद्यतन संवेदक निबंधन प्रमाण पत्र, GST Registration तथा आचरण प्रमाण पत्र की मूल प्रति दिखाना अनिवार्य होगा। अवकाश के दिन परिमाण–विपत्र की बिक्री नहीं की जायेगी।
(3)परिमाण विपत्र (B.O.Q.) का क्रय बैंक डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से किया जायेगा जिसकी वैधता परिमाण बिक्री की तिथि से कम से कम तीन माह तक होनी चाहिए। बैंक डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक EXECUTIVE OFFICER, NAGAR PARISHAD, GUMLA के पदनाम से GUMLA में भुगतेय होगा।
(4)बिना कारण बताए एक या एक से अधिक निविदा को स्थगित करने, रद्द करने या एक से अधिक संवेदकों के बीच कार्य बाँटने का अधिकार निविदा समिति को सुरक्षित रहेगा।
(5)कार्य की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। परिणाम विपत्र में अंकित प्राक्कलित राशि के आधार पर अग्रधन की राशि एवं परिणाम विपत्र का मूल्य मान्य होगा।

प्रशासक
गुमला नगर परिषद, गुमला

PR298142 (District)23-24*D

कार्यालय, नगर पंचायत,लातेहार

आम सूचना

(3rd Call)

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वाथ्य मिशन, झारखण्ड सरकार, रांची के पत्रांक 328 (ADM) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में लातेहार जिले के शहरी क्षेत्र में 15वें वित आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Center के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 31.05.2023 को पूर्वाहन् 11:00 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकितसकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र0 सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्तकिसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04 | मानदेय | रू0 63000/– (तिरसठ हजार रू0 मात्र) |
| 05 | कुल रिक्तियां | 01 (एक) |
| 06 | चयनित चिकित्सकों द्वार भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा) | |

दिनांक 31.05.2023 को पूर्वाहन् 11:00 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित होना होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत,लातेहार

PR 298044 Urban Development(23-24).D

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ................ दिनांक ........................

इच्छा से अभिव्यक्ति (EOI) सूचना संख्या 06/2023–24

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत कुल 4 स्थानों पर 12 मीटर हाईमास्ट लाईट अधिष्ठापन की जानी है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता /आपूर्तिकर्ता/संवेदक को मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक 30.05.2023 को 01.00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 40,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन उसी दिन अपराह्न 2:00 बजे नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। हाईमास्ट लाईट अधिश्ठापन किये जाने से संबंधित विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| SL. No. | Item of Work |
|---|---|
| 1 | Supply of 12 mtr High mast in one section Construction S355 grade as per BS -EN 10 025 Top dia 100m m , bottom dia 360 mm, plate thickness 3mm, 12 side polygon, galvanisation as per BS- EN ISO 1461, base plate dia 520mm, base plate thickness 25mm , GI single spike (With 14.95% CP& Overhead Charne) |
| 2 | For 12 mtr. High Mast: ITC of the high mast and light fixture wilh the help of suitable tools and plants, wiring of luminaries with all wiring material like PVC insulated PVC sheathed flexible cable of suitable copper conductor lugs MCB and all labours and construction of shallow foundation with M25 grade concrete for the high rnasl considering safe soil bearing capacity of 10 T/mtrs sq for 12 M High mast. (With 14.95% CP& Overhead Charge) |
| 3 | S.I.T.C of floowing rating LED Flood lighting lumarine with pressure die cast housing and toughened glass cover (IP66 protection)i n existing pole/plpo for supply voltage 100 -270V AC 50Hz . Luminaire shall be confirm to IS:l0322 part -5/section-5and shall be complete with all necessary accessories is required. (150/J 60W LED Flood Light ) |
| 4 | 10 sq. mm 4 core xlpe inducted pvc heavy duty armoured cable (With 14.95% CP& Overhead Charge) |

ह0/–
नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR.NO.298055 Palamu(23-24):D

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 24 मई 2023 • वर्ष-29 • अंक-217 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



इंडो-यूके को-प्रोडक्शन 'शेरनी' को लीड ... पेज 10 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### यूपीएससी की परीक्षा में चंदन को मिला 671वां रैंक

**खूंटी।** तोरपा के सेवानिवृत्त शिक्षक देवनारायण महतो और सुशीला देवी के पुत्र चंदन प्रसाद ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 671वां रैंक हासिल कर तोरपा और खूंटी का मान बढ़ाया। चंदन प्रसाद का चयन भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के लिए हुआ है। चंदन की इस सफलता पर बैकुंड षड़ंगी, एमपी सिंह, अजय महतो, श्रवण साहू, लव कुश कुमार, सुबोध जायसवाल, उप मुखिया राजू साहू, राजेंद्र महतो, प्रकाश कुमार, अशोक ठाकुर, विवेक कुमार, रोहित जयसवाल, दीपक तिग्गा सहित कई लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है और बधाई दी है।

### दिनेश गोप से एनआईए समेत कई जिलों की पुलिस कर रही पूछताछ

**रांची, मुख्य संवाददाता।** पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के पूरे नेटवर्क का पदार्फाश एनआईए करने में लगी है। रिमांड पर पूछताछ के दौरान दिनेश गोप से रांची, खूंटी से लेकर नेपाल तक के सहयोगियों और मददगारों के बारे में जानकारी मिली है। मंगलवार को दिनेश गोप से एनआईए के अलावे रांची, खूंटी, सिमडेगा पुलिस, स्पेशल ब्रांच और एसआईबी के अधिकारियों ने भी पूछताछ की।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का झारखंड आगमन आज

# सभी तैयारियां पूरी

### देवघर से होगी दौरे की शुरूआत, रांची और खूंटी में भी कई कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**देवघर/ रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर पहुँचेंगी तथा देवघर बाबा बैजनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करेंगी । राष्ट्रपति बनने के बाद ये उनकी दूसरी झारखंड यात्रा है। करीब 6 साल तक बतौर राज्यपाल वो झारखंड की सेवा कर चुकी हैं। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर बाबानगरी में व्यापक तैयारियां की गयी हैं । निगम क्षेत्र में अतिक्रमण हटाए गए हैं साथ ही साफ सफाई की व्यवस्था को भी दुरुस्त किया गया है ।देवघर के विभिन्न सड़कों चौक चौराहों कट पर बैरिकेडिंग की गई है ताकि राष्ट्रपति के काफिले को गुजरने में कोई परेशानी ना हो और उस काफिले के बीच में कोई ना हो सके देवघर के विभिन्न चौक चौराहों में बैरिकेडिंग कर दी गई है ।देवघर के बाजला चौक राय एंड कंपनी मोड़ टावर चौक सर्किट हाउस मंदिर आसपास के सभी इलाकों में बैरिकेडिंग की गई है ।इसके साथ ही लगातार मॉक ड्रिल भी किया जा रहा है। वही मंदिर के बाहर सुरक्षा वयवस्था को लेकर भारी संख्या में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति गयी गयी है साथ ही मंदिर के बाहर डॉग स्कोयड के द्वारा सभी जगह गहन जांच पड़ताल भी किया जा रहा ताकि सुरक्षा व्यवस्था में कहीं भी चूक ना हो ।मंदिर में सभी कार्यों को विशेष रूप से कराया जा रहा है ।मंदिर प्रांगण में लगे टेंट बांस बल्ले को भी हटाया जा रहा है ताकि राष्ट्रपति बाबा बैजनाथ मंदिर से सुखद अनुभूति लेकर जाए ।सुबह 8:55 में राष्ट्रपति देवघर एयरपोर्ट पहुचेंगी वही उसके बाद सीधे सर्किट हाउस जाएंगी जिसके बाद 9:20 में मंदिर पहुचेंगी और 10:10 में मंदिर से सर्किट हाउस पहुचेंगी जिसके बाद 10:50 में देवघर एयरपोर्ट से रांची के लिए रवाना होंगी ।वही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड की राज्यपाल रहते बाबा बैजनाथ मंदिर में तीन बार पूजा कर चुकी हैं।

### बाबा नगरी देवघर में राष्ट्रपति की अगवानी करेंगे मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**रांची/गढ़वा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 24 से 26 मई तक झारखंड का दौरा निर्धारित है। इस दौरान 24 मई को राष्ट्रपति का आगमन बाबा नगरी देवघर में होगा। देवघर में झारखंड सरकार की ओर से गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर राष्ट्रपति की अगवानी करेंगे। बाबा बैजनाथ मंदिर में राष्ट्रपति पूजा अर्चना करेंगी। इस दौरान देवघर आगमन, मंदिर में पूजा अर्चना एवं वहां से प्रस्थान आदि की व्यवस्था मंत्री ठाकुर के नेतृत्व में की जाएगी। इसके लिए मंत्री ठाकुर देवघर पहुंच चुके हैं। बाबा नगरी पहुंचकर उन्होंने राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों का जायजा लिया। मंत्री ने अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था, मार्ग व्यवस्था, मंदिर में पूजा अर्चना आदि सभी तैयारियों की जानकारी ली। मंत्री ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए गए हैं। बाबा मंदिर के भी भव्य सजावट के साथ सारी व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई है। झारखंड में राष्ट्रपति का भव्य स्वागत किया जाएगा। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर झारखंड सरकार ने सभी तैयारी पूरी कर ली है।

मंदिर में तैयारियां जोरों से है राष्ट्रपति को बाबा बैजनाथ का षोडशोपचार विधि विधान से पूजा अर्चना कराया जाएगा।

**रांची और खूंटी में भी कार्यक्रम :** देवघर में पूजा-अर्चना के बाद राष्ट्रपति बुधवार को ही रांची आयेंगी, जहां वो राजभवन में आदिम जनजातियों के साथ संवाद करने के बाद झारखंड उच्च न्यायालय के नए भवन का उद्घाटन करेंगी। अगले दिन यानि 25 मई को राष्ट्रपति खूंटी में आदिवासी महिलाओं के लिए आयोजित महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम को संबोधित करेंगी। जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का मानना है कि राष्ट्रपति का झारखंड आना बड़ी उपलब्धि है और राष्ट्रपति का संबोधन लोगों में नयी ऊर्जा का संचार और प्रेरणा देने का काम करेगा। 25 मई को ही रांची के नामकोम में आयोजित ट्रिपल आइटी के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति बतौर मुख्य अतिथि शरीक होंगी।

### बेरहम पिता ने 10 माह की मासूम को मार डाला

**महुआडांड़ (लातेहार)** जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के महुआटोली गांव में सोमवार की देर रात एक बेरहम पिता ने अपनी 10 माह की मासूम बच्ची को जमीन पर पटक कर मार डाला। हालांकि घटना के बाद हत्यारे पिता दिलीप कुजूर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि महुआटोली निवासी दिलीप कुजूर और कुंती मुंडा पिछले आठ साल से पति-पत्नी के रूप में साथ रह रहे थे। दोनों के दो बच्चे भी हुए। दूसरी बेटी का जन्म 10 महीने पहले हुआ था, लेकिन दूसरी बेटी के जन्म के बाद से ही दिलीप कुजूर को शक हो गया था कि कुंती का संबंध किसी और से है और दूसरी संतान किसी और पुरुष की है।

## बरातियों को अनियंत्रित कार ने कुचला, पांच मरे, कई घायल

**रांची।** जिले के सिकिदिरी इलाके में एक अनियंत्रित कार ने दो दर्जन से ज्यादा बारातियों को कुचल दिया है। इस हादसे में 3 बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई है। कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। कार चालक को भी ग्रामीणों के द्वारा जमकर पीटा गया है। वह भी बुरी तरह से जख्मी हुआ है। सांडी चौक के पास हुआ हादसाः मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवर की रात लगभग 2:30 बजे की है। सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के सांडी चौक के समीप 50 से ज्यादा की संख्या में बाराती सड़क के किनारे बैठे हुए थे। इसी दौरान एक अनियंत्रित कार बारातियों के बीच घुस गई। कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि देखते ही देखते 30 से ज्यादा लोगों को कार ने अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे की वजह से बारातियों में हड़कंप मच गया लोग इधर-उधर भागने लगे। मात्र 5 मिनट के भीतर ही सड़क पर 30 से ज्यादा लोग कराहते नजर आने लगे। शादी की खुशियां मातम में तब्दील हो चुकी थी। पूरे गांव में खलबली मच गई, जिसके बाद आनन-फानन में मामले की जानकारी थाने को दी गई।

# मैट्रिक साइंस में 95.38 और इंटर में 81.45 फीसदी छात्र सफल

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मंगलवार को मैट्रिक और इंटर साइंस का रिजल्ट जारी कर दिया है। मैट्रिक की परीक्षा में 95.38 फीसदी और इंटर साइंस की परीक्षा में 81.45 प्रतिशत बच्चों ने सफलता हासिल की है। स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने रिजल्ट जारी किया। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा के निदेशक सुनील कुमार जैक के अध्यक्ष डॉ एके महतो, जैक उपाध्यक्ष डॉ विनोद सिंह और जैक के सचिव एमके सिंह भी मौजूद थे। जैक 10वीं बोर्ड परीक्षा में 68.32 फीसदी छात्रों ने फर्स्ट डिवीजन से पास किया है जबकि 39.25 फीसदी छात्र सेकेंड डिवीजन से और 2.72 फीसदी थर्ड डिवीजन से पास हुए हैं। इंटर साइंस की बोर्ड परीक्षा में 90.60 फीसदी स्टूडेंट्स ने फर्स्ट डिवीजन हासिल किया है जबकि 7.63 फीसदी छात्र सेकेंड डिवीजन से और 0.02 फीसदी छात्र थर्ड डिवीजन से पास हुए हैं। मैट्रिक में प्रथम स्थान पर श्रेया सोनगिरी, (जमशेदपुर), दूसरे स्थान पर सौरभ कुमार पॉल (दुमका), तीसरे स्थान पर दीक्षा भारती (हजारीबाग) , चौथे स्थान दीप मित्रा (बोकारो )और पांचवें स्थान पर मनीष सिंह पांचवें स्थान पर रहे। इंटर साइंस की प्रथम स्थान पर दिव्या कुमारी (रामगढ़), दूसरे स्थान पर खुशी कुमारी (रांची), तीसरे स्थान पर प्रियंका घोष (रांची), चौथे स्थान पर पवन कुमार राणा (हजारीबाग) और बेगी कुमारी रहे। इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में चार लाख 33 हजार 718 छात्रों का नामांकन हुआ था। इसमें चार लाख 27 हजार 459 छात्रों ने परीक्षा दी। चार लाख से ज्यादा छात्र मैट्रिक में पास हुए। इनके पास होने का प्रतिशत 95.38 है। इंटर साइंस में 60 हजार 134 छात्र पास हुए। इनके पास होने का प्रतिशत 81.45 है। कुल 75 हजार छात्रों ने इंटर साइंस का परीक्षा दी थी। मैट्रिक के लिए एक हजार 241 केंद्र बनाए गए थे और इंटर के लिए 460 केंद्र बनाए गए थे। सभी केंद्रों पर कदाचार मुक्त परीक्षा कराया गया।



# आरजीएसएम की छात्रा नंदनी 92.80 प्रतिशत अंकों के साथ बनी डंडाई प्रखंड टॉपर

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**
जैक द्वारा ली गई बोर्ड की परीक्षा का परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया गया। उक्त परीक्षा परिणाम में प्रखंड मुख्यालय में संचालित आरजीएसएम पब्लिक स्कूल का जलवा रहा। विद्यालय के 55 छात्र-छात्राओं में सभी के सभी ए प्लस अंकों के साथ उतीर्ण हुए। इनमें नंदनी कुमारी सोनी 92.80 प्रतिशत, संदीप कुमार सिंह 91 प्रतिशत और मुस्कान कुमारी 89.40 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। नंदनी कुमारी सोनी प्रखंड टॉपर बनने में सफल रही। इसी तरह कस्तूरबा विद्यालय का भी परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के 46 छात्र-छात्राओं में सभी के सभी अलग-अलग अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। इनमें रेखा कुमारी 83 प्रतिशत, सीता कुमारी 75



प्रतिशत और कविता कुमारी 74. 8 प्रतिशत का अंक लाकर तृतीय श्रेणी से बोर्ड की परीक्षा पास करने में सफल हुई। प्लस टू उच्च विद्यालय लवाही कला से 301 छात्र छात्राओं में 200 छात्र छात्राएं अलग-अलग अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। उनमें सुप्रिया कुमारी 87 प्रतिशत, रूपा कुमारी 82. 8 प्रतिशत जबकि पीयूष राणा 82. 2 प्रतिशत अंक लाकर परीक्षा पास करने में सफल हुआ।

## मेराल हाई स्कूल का मैट्रिक का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**मेराल।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के द्वारा मंगलवार को मैट्रिक एवं इंटर साइंस का रिजल्ट प्रकाशित किया गया। मेराल हाई स्कूल प्लस टू उच्च विद्यालय से मैट्रिक की परीक्षा में प्रभात प्रसाद कुशवाहा पिता अर्जुन प्रसाद कुशवाहा माता सुगवंती देवी ने 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय का टॉपर बना जबकि आर्यन भार्गव पिता वेद प्रकाश, माता सुमन देवी ने 95.4 0 प्रतशित अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक लालता पटेल प्रसाद ने सफल विद्यार्थियों व उनके माता-पिता को बधाई दी है। वहीं थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव निवासी उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पश्चिम टोला हासनदाग के अर्ध सरकारी शिक्षक ताहिर अंसारी के पुत्र शाहिद अंसारी उर्फ साजन ने एस एस जे एस नामधारी कॉलेज गढ़वा से 12वीं बोर्ड के इंटर साइंस में 64 प्रतिशत अंक लाकर अपने गांव तथा घर का नाम रोशन किया है।

## सरस्वती विद्या मंदिर के 10 बच्चों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए

**श्री बंशीधर नगर।** सरस्वती विद्या मंदिर में मैट्रिक का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। मैट्रिक परीक्षा में सम्मिलित कुल 74 बच्चों में सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इसमें आयुष कुमार ने 95 प्रतिशत, विकास खलखो को 93.8 प्रतिशत, प्रियांशी प्रिया को 93.4 प्रतिशत और उत्तम कुमार 93.4 प्रतिशत, ज्योति कुमारी गुप्ता को 93.2 प्रतिशत, प्रिंस कुमार को 92.8 प्रतिशत, रौशन कुमार मेहता को 92.2 प्रतिशत, रिफत खातून 92 प्रतिशत, अंजली कुमारी को 19.8 प्रतिशत, आदित्य कुमार को 91.6 प्रतिशत, और राजन कुमार को 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। इस सफलता के लिए विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ. धर्मचंद लाल अग्रवाल व राजकुमार प्रसाद, सचिव रवि प्रकाश, सह सचिव अनिल कुमार विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष विद्या भास्कर, अभिभावक प्रतिनिधि चंदन कुमार एवं प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने विद्यार्थियों, आचार्यों एवं अभिभावकों को बधाई दी।



## स्थानीय व्यवसायियों ने प्रशासन पर कार्रवाई में पक्षपात करने का लगाया आरोप

# मझिआंव बाजार में हटाए गए अतिक्रमण

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**
मझिआंव बाजार क्षेत्र में मुख्य पथ के दोनों तरफ दुकानदारों द्वारा बॉस बल्ली एवं छज्जे लगाकर किये गए अतिक्रमण को अंचल पदाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता द्वारा बल पूर्वक हटा दिया गया। अतिक्रमण हटाने का अभियान पुराने अस्पताल से शुरू किया गया।

इस दौरान मुख्य पथ के दोनों तरफ की नालियों तक किये गए अतिक्रमण को हटाया गया, जबकि बस स्टैंड से तीन मुहान तक मेन बाजार में दुकानदारों एवं ठेला दुकानदारों ने खुद से ही अतिक्रमण हटा लिया, जबकि तीन मुहान से पुराने डाक बंगले एवं इससे आगे तक जेसीबी मशीन से बल प्रयोग कर अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान खुशी जायसवाल द्वारा आरोप लगाया गया कि दोनों ओर की नालियों से हटकर रैयती भूमि पर बनाये गए निर्माण कार्य को भी काफी मिन्नतें करने के बाद भी सीओ द्वारा तोड़ दिया गया। इधर सत्यनारायण तिवारी, कृष्णा मेहता का आरोप है कि सीओ द्वारा छज्जा हटाने का कोई आदेश नहीं दिया गया है और न ही उन्हें कोई नोटिस भेजा गया है। कहीं कोई मापी भी नहीं हुई है। अगर उन्हें कहा जाता तो वे खुद छज्जा हटा लेते। तिवारी ने सीओ पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि इसी रोड में कई लोगों के विरोध करने पर उन्हें एक दो घंटे के अंदर हटाने की मोहलत देकर छोड़ दिया गया। कुछ लोगों के छज्जे




यह कहकर नही तोड़े गये कि कागज लेकर अंचल कार्यालय आओ। वहीं स्व. सुरेश राम के पुत्र संतोष चंद्रवंशी ने कहा कि उनका मकान मझिआंव खुर्द में पड़ता है, जबकि अतिक्रमन हटाने का निर्देश मंझिआंव कला में दिया गया था। उन्हें कोई नोटिस भी नहीं भेजा गया। इसके बावजूद हमें कमजोर समझकर हमारा छज्जा तोड़ा गया, जबकि अतिक्रमण मुक्त सीमांकन का पता चलते ही मेरे घर के आगे सारे घरों को छोड़ दिया गया। इधर, अंचल पदाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में सड़क पर लग रहे जाम से निजात दिलाने के लिए अतिक्रमण हटाया गया है। अतिक्रमण हटाने का कार्य लगातार जारी रहेगा। सीओ ने कहा कि जांच करने के बाद बाजार में मेन रोड के पूरब में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बनाये गये मकान भी टूटेंगे।

## डंडाई में सीएस ने किया टेक्नीशियन लैब का उद्घाटन

**डंडाई।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को सीएस अनिल कुमार सिंह ने टेक्नीशियन लैब का उद्घाटन किया। इससे पहले अस्पताल के ओपीडी विभाग को रंग-बिरंग के गुब्बारों से सजाया गया। इतना ही नहीं, आमंत्रित जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ गणमान्य लोगों को गर्मी से राहत देने के लिए दर्जनों सीलिंग फैन भी लगाए गए। काश यह सुविधा प्रखंड के आम जनों को नियमित मिलती रहती तो अस्पताल से लोगों की दूरियां नहीं बढ़ती खासकर, उमस भरी गर्मी के दिनों में। मौके पर सीएस ने कहा कि टेक्नीशियन लैब से प्रखंड वासियों को काफी सहूलियत होगी। अनेकों प्रकार की जांच अब टेक्नीशियन लैब के माध्यम से होनी शुरू हो जाएगी। साथ ही कहा कि मेरा प्रयास है कि डंडाई अस्पताल को ज्यादा से ज्यादा संसाधन उपलब्ध कराया जाए। चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने कहा कि अस्पताल में टेक्नीशियन लैब का प्रबंध हो जाने से खासकर, मरीजों काफी सहूलियत होगी। ग्रामीणों अस्पताल में महिला एमबीबीएस चिकित्सक की पोस्टिंग पर खुशी जताई। मौके पर जिप सदस्य मोहन पासवान, मुखिया धनवंती देवी, प्रमुख प्रतिनिधि घूर बिगन बैठा, जसवंत, एनएम किरण कुमारी, सुरभि सरकार उपस्थित थे।

# तिलक चढ़वाकर लौट रहे दो व्यक्ति की हादसे में मौत

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
झारखंड - उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती राज्य बिलासपुर मुख्य मार्ग पर टोल बैरियर के निकट मंगलवार को करीब 3 बजे भोर में तिलक चड़वा कर घर लौट रहे दो लूना सवार व्यक्ति की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है की दोनों लूना सवार व्यक्ति बिलासपुर गांव निवासी कामेश्वर यादव, लक्ष्मी चौधरी के घर से तिलक चढ़वा कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान सुलसुलिया गांव निवासी पुरोहित मृत्युंजय चौबे एवं जमुआ गांव निवासी लखन ठाकुर बिलासपुर बैरियर के समित विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के कुछ लोगों ने देखा तो अन्य लोगों को इसकी सूचना दी। वहीं सूचना मिलने के बाद पीसीआर वैन की पेट्रोलिंग गाड़ी घटनास्थल पहुंची। सब-इंस्पेक्टर कुमार विक्रम सिंह ने जवानों व स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को अनुमंडलीय अस्पताल लाया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। इधर घर वालों को मौत की खबर मिलने पर परिजन अस्पताल आ गए, जहां उनकी चीख-पुकार गूंजने लगी।

## यक्ष्मा जांच व जागरूकता शिविर का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के सलसलादी ग्राम स्थित दामर टोला पर मंगलवार को यक्ष्मा जांच सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक सुनील कुमार ने ग्रामीणों को यक्ष्मा के लक्षण, बचाव व सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा वर्ष 2025 तक देश व राज्य को यक्ष्मा मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में ग्रामीणों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लगातार दो सप्ताह तक खांसी रहना, वजन कम होना, भूख नहीं लगना तथा बलगम के साथ खून आना यक्ष्मा का लक्षण है। ऐसी स्थिति में उन्होंने बलगम की जांच सरकारी अस्पताल में कराने की जानकारी दी।

# उप विकास आयुक्त ने धुरकी प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी**
जिले के उप विकास आयुक्त राजेश राय ने मंगलवार को धुरकी प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बीडीयो अरूण कुमार सिंह के साथ बैठक कर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेते हुए आगामी बरसात को लेकर लंबित योजनाओं को शीघ्र पुरा करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही अंबाखोरेया व भंडार पंचायत में चल रही आम बगवानी, कुप, आंगनबाड़ी आदि योजनाओं का निरिक्षण किया। साथ ही धुरकी बीडीओ आरून कुमार सिंह को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक गांव में कम से कम पांच योजनाओं को एक्टिव वर्क साइट रूप में रखना है।

इसी क्रम में जॉब कार्ड के लिए आवेदन, योजना संबंधी जानकारी, मनरेगा संबंधी शिकायत एवं निराकरण तथा भुगतान के संबंध में जांच की गई। साथ ही बताया गया कि उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया है कि सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय से अपने-अपने प्रखंड क्षेत्र में पंचायतों का चयन कर समय-समय पर औचक




निरीक्षण कर कार्यों का सफल संचालन सुनिश्चित कराएंगे। मौके पर निर्देशित किया गया कि लंबित सभी योजनाओं को आरंभ करें ताकि रोजगार सृजन एवं श्रमिकों को रोजगार देकर आत्मनिर्भर व सशक्त बनाया जा सके। इसके अलावा मनरेगा एवं 14वें वित्त द्वारा चल रही योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रवासी मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**प्रदर्शन** | प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन, बीडीओ को सौंपा मांगपत्र

# जल व बालू संकट पर सरकार पर बरसे भाजपाई

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को 11 सूत्री मांग को लेकर प्रखंड कार्यालय के समीप धरना प्रदर्शन दिया। इसके पश्चात भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ गणेश महतो को मांग पत्र सौंपा। इसके पूर्व दोपहर 11 बजे भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंच कर धरना दिया। धरने में वरिष्ठ भाजपा नेता रामकृपाल द्विवेदी ने कहा गढ़वा जिले में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। प्रधानमंत्री आवास के लिए लाभुक को बालू नहीं मिल पा रहा है। गढ़वा विधान सभा क्षेत्र के विधायक मिथिलेश ठाकुर झारखंड सरकार के पेयजल विभाग के मंत्री हैं। इसके बावजूद वह गढ़वा वासियों को पीने का पानी उपलब्ध नहीं करा पा रहे है।

भवनाथपुर से धरने में पहुंचे भाजपा नेता मनोज पहाड़िया ने कहा प्रदेश में जब-जब हेमंत सोरेन की सरकार बनी है, प्रर्याप्त बालू होने के बाद भी उसे सोना बना दिया जाता है। प्रदेश में 2013




में हेमंत सोरेन की सरकार बनी। इनके भाई बसंत सोरेन ने मुंबई के बालू माफिया से मिलकर झारखंड के बालू को मुंबई भेज दिया। वहीं 2019 में भी हेमंत सोरेन की सरकार बनी तो बसंत सोरेन तथा गढ़वा के विधायक एवं मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई, दोनों मिलकर आवास के लिए बालू पर रोक लगाकर इसे दिल्ली, हरियाणा, मुंबई, लखनऊ आदि बड़े शहरों में भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में हेमंत सोरेन की सरकार माफिया, भ्रष्टाचारियों तथा लूट की सरकार है। इसके पहले रघुवर दास की सरकार ने गांव गांव जल मीनार लगाकर पानी मुहैया कराया था, लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार खराब जल मीनार तथा चापाकल की मरम्मत भी नहीं करा पा रही है। खरौंधी में प्रखंड कार्यालय बनाने का उद्देश्य गरीबों का काम आसानी से कराना था, लेकिन बीपीओ की वजह से बिना पैसा के गरीबों का काम नहीं हो पा रहा है। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता संध्याकर विश्वकर्मा ने की। इसका संचालन इग्नासियुस बाड़ा ने किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, विनोद चौधरी, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, अनिल कुमार चौबे, पप्पू विश्वकर्मा, विकास कुमार सिंह, सुनील कुमार द्विवेदी, सतेंद्र प्रसाद यादव, बैजू गुप्ता, रामनाथ बैठा, विवेकानंद यादव, दिनेश सिंह, सुशील यादव, धर्मेन्द्र यादव, क्लामुद्दीन अंसारी, फजीहत अंसारी, रामचंद्र सिंह, डॉ. बीके सिंह, मनोज कुमार सोनी सहित दर्जनों भाजपा नेता तथा कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

## 'सरकार जब तक मांगें पूरी नहीं करती आंदोलन जारी रहेगा'

**गढ़वा।** जन सेवक संघ की प्रदेश कमेटी के आह्वान पर झारखंड राज्य जन सेवक संघ जिला इकाई गढ़वा के बैनर तले कचहरी रोड वन विभाग के कार्यालय के समीप 11 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल 15वें दिन भी जारी रही। हड़ताल में बैठे जनसेवकों ने कृषि मंत्री, कृषि सचिव एवं कृषि निदेशक के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। संघ के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी ने बताया कि उनकी हड़ताल से पूरे राज्य में सभी विभागों के कार्य ठप पड़ गए हैं। उन्होंने मांग की है कि सरकार जनता के हित में यथाशीघ्र जन सेवकों की मांगों को पूरा करे। धरने में रंजन दुबे, प्रशांत कुमार मिश्र, अजीत कुमार सिंह, बसंत पांडे, राकेश कुमार रोशन, पवन कुमार रजक, दीपक चंचल, ओमप्रकाश सिंह, भागीरथी रवि, सुनीता कुमारी, प्रवीण दुबे, ज्ञानेंद्र कुमार आदि जनसेवक उपस्थित थे।

# चतरा/लातेहार संक्षिप्त

## डीएसपी ने किया मॉडर्न पाठशाला का उद्घाटन

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के मंझगावां पंचायत अंतर्गत बाराडीह गांव में मंगलवार को मॉडर्न पाठशाला का उद्घाटन पुलिस उपाधीक्षक केदार नाथ राम ने विधिवत फीता कटकर किया। पाठशाला का शुभारंभ वेरिएबल सेवा फाउंडेशन संस्था के द्वारा शुरू किया गया। संस्था के अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि पाठशाला का मुख्य उद्देश्य कम आय वाले परिवार के बच्चों को अपने घर के समीप बेहतर प्रारंभिक शिक्षा देना है। इस पाठशाला में एक शिक्षक पर 20 बच्चे की व्यवस्था की जाएगी। मौके पर मोमिन कांफ्रेंस के महासचिव मो. मुस्लिम अंसारी, नेता बालगोविंद राम, सेवानिवृत शिक्षक विनय कुमार सिंह, राम सुरेश रविदास, भास्कर प्रसाद सिंह, बालेश्वर राम, संस्था के जोनल अधिकारी अभिमन्यु राणा, संजीव कुमार यादव, संतोष रजक, राम रोहन बैठा, मनोज यादव, बीरेंद्र कुमार राणा, बाराडीह के पाठशाला संचालक बेनी रजक मौजूद थे।

## पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर पीडीजे ने की बैठक

**चतरा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में आयोजित होने वाले मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम के सफलता को लेकर राकेश कुमार सिंह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्षता में मंगलवार को पीडीजे कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक हुई। इसका संचालन प्राधिकार के सचीव प्रज्ञा बाजपेई ने किया। इसमें जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश कुमार सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा, पंचम प्रेम शंकर, क्लेम तथा इंश्योरेंस से जुड़े 20 अधिवक्ता, जिला अग्रणी प्रबंधक एवं सर्टिफिकेट ऑफिसर उपस्थित थे। पीडीजे सिंह ने कहा कि मन का मिलन पखवाड़ा एक मध्यस्ता कार्यक्रम है जो की 29 मई से 14 जून 2023 तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आयोजित की जायेगी। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारों को निर्देश दिया की वे अधिक से अधिक, मोटर दुर्घटना मामलों को चिन्हित करें तथा मध्यस्ता के लिए प्राधिकार में रेफर करें ताकि अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन किया जा सके।

## वनवासी कल्याण केंद्र जिला कमेटी का पुनर्गठन

**सिमरिया (चतरा)।** वनवासी कल्याण केंद्र के जिला कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष कृष्ण चंद्र सिंह, सचिव सुरेश कुमार पाठक, कोषाध्यक्ष मिथिलेश सिंह, उपाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, महामंत्री नंददेव महतो, मीडिया प्रभारी सुबोध कुमार शर्मा, सदस्य तुलसी भोक्ता टिकली बिरहोर, कोमल बिरहोर, धनेश्वर उरांव, संजय जादव, जयप्रकाश उराव, संतोष उरांव, किरण देवी, सरिता देवी का चयन किया गया। मौके पर विभाग संगठन मंत्री सिकंदर प्रजापति, जिला संगठन मंत्री सुरेश साहू उपस्थित थे।

## भाजपा कार्य समिति की बैठक का आयोजन

**कुंदा(चतरा)।** मंगलवार को भाजपा कार्य समिति की बैठक कुंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित जनता उच्च विद्यालय परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिता कुमारी व संचालन सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव ने किया। वही कार्यक्रम में प्रभारी के रूप में स्मिता प्रकाश उपस्थित हुईं। वक्ताओं ने बैठक को संबोधित करते हुए काहा की पुनः 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा कार्यकताओं के बल पर ही जीतेगी। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं, संगठन में यदी कार्यकर्ता मजबूत रहेंगे तभी पार्टी मजबूत हो सकती है। कार्यकर्ताओ के मेहनत से आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। वहीं मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यकताओं ने 30 मई से 30 जून तक महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम चलाने की बात कही।

## सोलर पंप लाभुकों को दिया गया प्रशिक्षण

**महुआडांड़।** महुआडाड़ ब्लॉक सभागार में स्वयंसेवी संस्था वन जीवन ग्रामीण विकास समिति एवं स्विच ऑन फाउंडेशन के संयुक्त माध्यम से सोलर पंप लाभुकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। वन जीवन ग्रामीण विकास समिति संस्था के ब्लॉक कोआर्डिनेटर अफसाना खातून ने सभी लाभुकों को सोलर पंप के रखरखाव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा किसानों को 95 प्रतिशत अनुदान पर सोलर वाटर पंप लगाया जा रहा है। यह पर्यावरण के अनुकूल है तथा सरकार द्वारा सहजता से उपलब्ध है। किसानों को इसका भरपूर लाभ लेने की जरूरत है। संस्था के निदेशक महेंद्र सिंह ने सभी को आगाह किया कि ऊर्जा के स्रोत जैसे डीजल पेट्रोल तथा कोयला भविष्य में समाप्त हो जाएंगे। यह ऊर्जा स्रोत बहुत महंगे हैं। इससे कृषि की लागत भी बढ़ जा रही है, जबकि सोलर वाटर पंप लगाने के लिए लागत बहुत कम पड़ रही है।

## बारियातु में दो दिवसीय विजय मेले का समापन

**बारियातु।** बारियातु फुलसु रोड लैडमार्क मिडिल स्कूल के सामने सिंजेंटा कंपनी के तत्वाधान में चल रहे दो दिवसीय किसान मेले का मंगलवार समापन हो गया। मेले में किसानों को सिंजेंटा कंपनी के 2 नंबर जमीन में लगने वाली किस्म एस 4003 उपज व किसानों को पैदावार से मिलने वाली आर्थिक लाभ के सम्बन्ध बताया गया। मेले मे उपस्थित किसानों को लक्की ड्रा के माध्यम से पुरुस्कार स्वरूप कम्पनी की बैग व इनाम भी दिया गया। लगभग तेरह सौ किसानों व 25 क्षेत्रीय विक्रेताओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिया गया। सिजेंटा कम्पनी के उच्च अधिकारी स्वाती नेगी, चित्रा त्रिपाठी, फरमान त्यागी, गोरव सिंह, पंकज सिंह, प्रदुमन्न सिंह मौजूद रहे

## पंचायत समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**बरवाडीह।** मंगलवार को प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी की अध्यक्षता में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के पंचायत समिति सदस्यों की 15वें वित्त आयोग से प्राप्त राशि का क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पंचायत समिति सदस्यों को अपने अपने क्षेत्र से 15 वित्त आयोग की राशि से आवश्यक योजनाओं की कराने हेतु आवंटन प्राप्त हुआ है। बैठक में प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी ने सभी पंचायत समिति सदस्यों को अपने अपने क्षेत्र में अत्यंत आवश्यक वाली योजनाओं को क्रियान्वित करने पर जोर दिया।

## NEWS इन ब्रीफ

### ठोकर खाकर गिरने से महिला हुई घायल

**विश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के लकड़ही की एक महिला सड़क पर ठोकर खा अचानक गिर गई।जिसे स्थानीय लोगों ने आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर में लाकर भर्ती कराया। जिसकी पहचान 35 वर्षीय सुनीता देवी पति राम प्रवेश राम के रूप में हुई । गौरतलब है कि सुनीता की ननद सरिता देवी विश्रामपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती है। जिसके लिए यह अपने घर लकड़ही से खाना लेकर पैदल अस्पताल जा रही रही थी।तभी अचानक सड़क पर ढोकर खा कर गिर गई। जिसे चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया है।मौके पर डॉक्टर एमएम प्रसाद,ड्रेसर गौतम कुमार,फिरोज अंसारी सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### आधार पंजीयन के लिए प्रखण्ड ऑपरेटरों का प्रशिक्षण आयोजित

**मेदिनीनगर।** जिले में आधार ऑपरेटरों के द्वारा नवीन पंजीयन,सुधार का कार्य लगातार किया जा रहा है। लेकिन विगत कुछ दिनों में देखा गया है कि जिले के हितग्राहियों के आधार पंजीयन,सुधार की प्रक्रिया उपरांत आवेदन निरस्त होते जा रहे हैं । इसी के मद्देनजर उप विकास आयुक्त रवि आनंद के निर्देशानुसार मंगलवार को डीआरडीए सभागार में जिले के सभी आधार ऑपरेटरों के लिये प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में यूआईडीएआई के डीपीओ उदय प्रताप सिंह द्वारा सभी ऑपरेटरों को विस्तार पूर्वक ट्रेनिंग दी गयी।उन्होंने सभी ऑपरेटरों को ठीक तरीके से फॉर्म भरने,उसको अपलोड करने, बायोमेट्रिक आदि से संबंधित तमाम टेक्निकल पहलुओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने सभी ऑपरेटरों से कम से कम रिजेक्शन को ध्यान में रखते हुए कार्य संपादित करने पर बल दिया। उन्होंने यूडीआईडी के सभी दिशानिर्देशों का दृढ़ता से अनुपालन करते हुए सभी योग्य व्यक्तियों का आधार बनाने की बात कही। मौके पर विभिन्न प्रखंडों के आधार ऑपरेटरों ने भाग लिया।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर इटको मुख्यमार्ग पर टाटी पथल गांव के समीप कमांडर व बाइक कि टक्कर में एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया है। जिसकी पहचान सोहदाग कला गांव निवासी 22 वर्षीय सनोज सिंह पिता महेंद्र सिंह के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सनोज अपने बाइक पर सवार होकर विश्रामपुर बाजार की ओर जा रहा था तभी विपरीत दिशा कि ओर से आ रही कमांडर से उसके बाइक की भीषण टक्कर हो गई।

# ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में पिता व पुत्री गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** चियांकी हेरिटेज स्कूल के पास ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में बाइक सवार दानिश राजा उम्र 28 वर्ष और उसकी बेटी सलूजा प्रवीण उम्र 8 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार लातेहार जिले के बेतला निवासी दानिश रजा अपनी बेटी के साथ बाइक पर सवार होकर मेदनीनगर बजार कपड़ा खरीदने जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में सदर थाना क्षेत्र के हेरिटेज स्कूल के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उन्हें धक्का मार दिया। जिसमें दोनों पिता और पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के बाद भी दानिश राजा की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रैक्टर को जब्त कर थाने ले गई है।

## आज से नवनियुक्त शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** पलामू में नवनियुक्त हाई स्कूल के शिक्षको का आज से स्थानीय जिला स्कूल में प्रशिक्षण शुरू होगा। शिक्षा विभाग के द्वारा जारी निर्देश के अनुसार शिक्षको को प्रशिक्षण दिया जाना है।यह प्रशिक्षण आज से शुरू होगा जो 3 जून तक चलेगा।ज्ञात हो कि पलामू में कुल 180 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की गई है।सभी अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने के बाद विद्यालय में योगदान भी कराया गया। डीईओ के द्वारा जारी सूचना में आज से सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अलग अलग विषयो में शिक्षको को प्रशिक्षण दिया जाना है।

## जीपीडीपी के तहत योजना चयन के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**हरिहरगंज।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को जीपीडीपी के तहत दिए जा रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हो गया। प्रखंड प्रमुख कमला देवी द्वारा उद्घाटित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रशिक्षक डीपीएम पलामू प्रकाश झा तथा डीपीएम लातेहार मानस मंडल द्वारा योजना के चयन , एलएसडीजी,एसडीजी थीम के चयन संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही पंचायतों को अधिक से अधिक अभिसरण की योजनाओं को चयन करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। वहीं बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने बताया कि 15वें वित्त के तहत ग्राम सभा के माध्यम से सभी विभागों की योजनाओं का चयन किया जा सकेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुखिया काजल कुमारी,विनय कुमार सिंह,कमला देवी सहित सभी पंचायत प्रतिनिधि, पंचायत सचिव,बीपीओ, जेई, सभी कोआर्डिनेटर, प्रखंड समन्वयक, लेखा लिपिक सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मैट्रिक व इंटर का रिजल्ट जारी शत प्रतिशत आये परिणाम



### मैट्रिक में 95.38 और इंटर में 81.45 प्रतिशत स्टूडेंट्स सफल हुए

### राज्य के टॉपर्स को सम्मानित करने के लिए समारोह बाद में आयोजित किया जायेगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जैक के द्वारा मंगलवार को 10वीं और 12वीं साइंस बोर्ड का रिजल्ट जारी किया गया। जिसमें मैट्रिक में 95.38% और इंटर में 81.45 प्रतिशत स्टूडेंट्स सफल हुए। वहीं,10वीं बोर्ड में 68.32 और 12वीं बोर्ड में 90.60 फीसदी छात्र फर्स्ट डिवीजन से हुए पास हुए है। स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने रिजल्ट जारी किया। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा के निदेशक सुनील कुमार जैक के अध्यक्ष डॉ एके माहतो, जैक उपाध्यक्ष डॉ विनोद सिंह और जैक के सचिव एमके सिंह भी मौजूद रहे। स्टूडेंट्स अपना रिजल्ट जैक की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रिजल्ट देख सकते हैं। जैक के द्वारा 10वीं बोर्ड परीक्षा और इंटर साइंस के नतीजे जारी करने के लिए पूरी तरह तैयारी इस महीने में की जा चुकी थी। जिसमें मैट्रिक परीक्षा के लिए लगभग 4,33,718 उम्मीदवार उपस्थित हुए थे। जबकि 74,000 स्टूडेंट्स ने 12वीं साइंस की परीक्षा दी है। झारखंड बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षा 14 मार्च से 05 अप्रैल के बीच हुई थी। मानव संसाधन विकास विभाग ने रिजल्ट प्रकाशित होने के बाद संबंधित स्कूलों में पहले 10 टॉपर्स को सम्मानित करने के निर्देश जारी किये हैं। राज्य के टॉपर्स को सम्मानित करने के लिए समारोह बाद में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष मैट्रिक में लगभग 4 लाख 33 हजार और इंटर में तकरीबन 3 लाख 50 हजार स्टूडेंट्स ने एग्जाम दिया था।

### टॉपर्स को किया जायेगा सम्मानित



इस बार से जैक में एक नया बदलाव हुआ है। इस बार हर स्कूल से पहले 10 स्थान पर रहने वाले टॉपर्स को भी सम्मानित किया जायेगा। इसके लिए निर्देश जारी किये गये हैं। राज्य में जो टॉपर आयेंगे उन्हें स्टेट लेवल पर पुरस्कार दिए जायेंगे और जो स्कूल लेवल पर टॉप करेंगे। उन्हें स्कूल लेवल पर सम्मानित किया जायेगा। मैट्रिक और इंटर कि परीक्षा में टापर्स को सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य छात्रों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करना है।

# धनंजय त्रिपाठी ने नगर आयुक्त को 7 मांगो का ज्ञापन दिया




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के समस्याओं को लेकर निगम के हरेक वार्डो के भ्रमण के दौरान संकलित समस्याओं को लेकर मंगलवार को मेयर प्रत्याशी व पूर्व प्रबंधक नई दिल्ली नगरपरिषद धनंजय त्रिपाठी ने नगर आयुक्त को अपने 7 मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। त्रिपाठी ने 5 वर्षो के निगम के कार्यशैली पर आवाज उठाते हुए कहा कि नगर निगम मेदिनीनगर को गठन हुए पांच वर्ष हो गए परन्तु मूलभूत सुविधाएं नदारद हैं। अपनी 7 मांगों में उन्होनें बताया कि निगम के 35 वार्ड में पानी की घोर समस्या हैं। जिसका निदान आवश्यक हैं वर्तमान में 15 टैंकर पानी प्रति वार्ड उपलब्ध कराया जाए। अपनी दूसरी मांग में कहा कि सभी वार्ड में गली से लेकर रोड तक कूड़ा फैला हुआ है, जल्द से जल्द प्रतिदिन कूड़ा उठाने का प्रबंध किया जाए व सफाई कर्मी उपलब्ध कराये जाएं। तीसरी मांग में निगम के नए क्षेत्रों के साथ सौतेले व्यवहार को दरकिनार करते हुए पानी,लाइट व रोड की उचित व्यवस्था की जाए। चौथे मांग है कि जब तक पूरे निगम में मूलभूत सुविधा न मिले टैक्स लेना बंद करें। पांचवीं, शहर में हो रहे अवैध व गलत ठेकेदारी प्रथा पर रोक लगाई जाए। छठी मांग में निगम क्षेत्र में हैंड पंप लगाने पर 10000 टैक्स समाप्त किया जाए। सातवीं मांग है कि निगम क्षेत्र में बने नए पार्क जैसे अम्बेडकर पार्क ,गांधी मैदान, मरीन ड्राइव पर बनी नई सड़कों की गुणवत्ता की जांच अधिकारियों से करायी जाए। वहीं, आयुक्त ने कहा जल्द सभी मांगो का निवारण किया जाएगा।

## फांसी लगाकर प्रेमी-प्रेमिका ने की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के चराई पंचायत अंतर्गत केरकीकला में युवक-युवती का शव फंदे से लटका बरामद किया गया। दोनों प्रेमी-प्रेमिका बताये गए हैं। लड़की दो दिनों से लापता थी। परिजन उसे ढूंढ रहे थे। इसी क्रम में मंगलवार की सुबह दोनों के शव (लड़का के घर) मिले। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और डेड बॉडी को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में भेज दिया। छतरपुर के डीएसपी अजय कुमार ने इसकी पुष्टि की है। युवक की पहचान कैलाश भुइयां के पुत्र 20 वर्षीय नागेन्द्र भुइयां के रूप में हुई है, जबकि लड़की की पहचान सरयू भुइयां की 18 वर्षीय पुत्री सोनाकली कुमारी के रूप में हुई है। सोनाकली और नागेन्द्र को रविवार की रात गांव के एक शादी समारोह में अंतिम बार देखा गया था। देर रात दोनों शादी समारोह से गायब हो गए थे। इसके बाद दोनों की लाश बरामद हुई।नागेन्द्र के छोटे भाई ने गांव वालों को जानकारी दी है कि उसके घर पर दोनों भाइयों के अलावा कोई नहीं था। अन्य लोग शादी समारोह में गए हुए थे। सोमवार की पूर्वाहन 11 बजे उसका भाई नागेन्द्र नींद आने की बात कहकर सोने चला गया था। इधर वह भी सो गया। मंगलवार की सुबह उठा तब भी दरवाजा अंदर से बंद था। खुलवाने की कोशिश की तो नहीं खुला।बाद में इसकी जानकारी गांव के लोगो को दी। गांव के लोगो के जुटने के बाद सेंध मारकर दरवाजा खोला गया तो देखा गया कि नागेन्द्र और सोनाकली का शव अंदर कमरे में मकान की कंडी से एक ही फंदे पर लटका हुआ था। आनन फानन में शव को नीचे उतारा गया। मुखिया की सूचना पर छतरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया।युवती सोनाकली के पिता सरयू भुइयां ने एमआरएमसीएच में मंगलवार की दोपहर बताया कि जून में उसकी शादी होने वाली थी। एक जून को तिलक जाना था। 3 को मड़वा था और 4 को लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के बसौरा से बारात आनी थी। शादी के कार्ड बंट गए थे। सारी तैयारी पूरी कर ली गई थी। अचानक ऐसी घटना होने से तैयारी धरी की धरी रह गई। संभावना है कि रविवार को शादी समारोह के बाद उसकी पुत्री नागेन्द्र के साथ रही और फिर उसने साथ में आत्महत्या भी कर ली। नागेन्द्र गत गुरूवार को बाहर से मजदूरी कर लौटा था।




हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

झारखण्ड राज्य के वन अधिकांशतः उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती साल तथा मिश्रित प्रजाति के हैं एवं जैव विविधता की दृष्टि से अत्यन्त समृद्ध हैं। वनों के आस–पास रहने वाले राज्यवासियों की जीविका मुख्यतः वनों पर निर्भर है। वनों के शुष्क एवं पर्णपाती होने के कारण गर्मी के मौसम में फरवरी से जून माह तक वन अग्नि की घटनाएं होती हैं तथा अधिकांश वन अग्नि की घटनाएं मानव जनित कारणों से होती हैं यथा, महुआ एवं साल बीज एकत्र करने वाले लोगों द्वारा अक्सर वृक्षों के नीचे साफ–सफाई के लिए जमा सूखे पत्तों को जलाने के क्रम में आग आस–पास के क्षेत्रों में फैलकर भीषण वन अग्नि का रूप धारण कर लेती है तथा वन सम्पदा को नुकसान पहुँचाती है। वन अग्नि की घटनाएं जैव विविधता तथा वन वासियों के वन आधारित जीविकोपार्जन को भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती हैं।

राज्य के वन विभाग द्वारा वन अग्नि से वन तथा जन पर होने वाले दुष्परिणामों को देखते हुए व्यापक रणनीति के तहत वन अग्नि से होने वाले नुकसान के बारे में व्यापक जागरूकता अभियान वन अग्नि मौसम में चलाया जाता है एवं जन सहयोग से वन अग्नि प्रबंधन का कार्य किया जाता है। वनों में वन अग्नि की रोकथाम एवं प्रबंधन में स्थानीय समुदाय की सक्रिय रूप से जन–सहभागिता नितान्त आवश्यक है।

मेरी सभी राज्य वासियों, विशेषकर वनों के समीप रहने वाले स्थानीय समुदायों के ग्रामीण भाई–बहनों से अपील है कि वनों की वन अग्नि से सुरक्षा में अपना सक्रिय सहयोग देकर राज्य के प्राकृतिक वन संसाधनों एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

जोहार !

PR No. 298100 (Forest, Environment and Climate Changes) 2023-24


**जन-जागरण** स्थानीय ग्रामीणों व बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई

# वन्य जीवों के संरक्षण का अभियान

### पलामू टाइगर रिजर्व 1,129 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है

### पांच जून तकचलेगा जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति लोगों की जागरूकता के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान स्कूली बच्चों और स्थानीय ग्रामीणों को जोड़ा जा रहा है। पीटीआर के अधिकारी और कर्मचारी स्थानीय ग्रामीणों और बच्चों को पर्यावरण के संरक्षण के लिए शपथ दिलवा रहे हैं। सामूहिक रूप से यह शपथ दिलवायी जा रही है। पलामू टाइगर रिजर्व 1,129 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। लंबे वक्त तक पूरा इलाका नक्सल प्रभावित रहा है। नक्सलियों के कमजोर होने के बाद पीटीआर के अधिकारी अब ग्रामीण इलाकों में पहुंच रहे और ग्रामीणों को वन्यजीवों के संरक्षण और उनके महत्वों के बारे में बता रहे हैं। पलामू टाइगर रिजर्व के निदेशक कुमार आशुतोष ने बताया कि पांच जून तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मिशन लाइफ अभियान के तहत पांच बिंदुओं पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगों से वन्य जीवों के संरक्षण की अपील की जा रही है। इस क्रम में लोगों से आग्रह किया जा रहा है कि प्लास्टिक की बोतलें या प्लास्टिक वन्यजीव वाले इलाके में ना फेंके। बेतला नेशनल पार्क इलाके में पर्यटकों को भी जागरूक किया जा रहा है।पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में 160 से भी अधिक गांव मौजूद है, डेढ़ दर्जन के करीब गांव टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में आते हैं। इनसे वन्यजीवों पर प्रभाव पड़ता है। इस अभियान के तहत पीटीआर के अधिकारी ग्रामीणों को बता रहे हैं कि वन्य जीवों के दिखने पर किस तरह की सावधानी बरतनी है और उनके इलाके में दाखिल नहीं होना है। ग्रामीणों से गर्मी के दिनों में आग नहीं लगाने की अपील भी की जा रही है। स्कूली बच्चों को यह शपथ दिलवायी जा रही है कि वे पर्यावरण के प्रति जागरूक रहेंगे और अन्य लोगों को भी उसके प्रति जागरूक करेंगे।


# हनहट की तैयबा कौशिन 92.20 प्रतिशत अंक लाकर बनी कैरो प्रखंड की टॉपर

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

झारखंड अधिविध परिषद द्वारा मंगलवार को माध्यमिक परीक्षाफल 2023 प्रकाशित किया। प्रखंड के हनहट निवासी अतिकुर रहमान व शमा परवीन की पुत्री तैयबा कौशिन 92.20 प्रतिशत अंक लेकर प्रखंड क्षेत्र में टॉप पर रही। हालांकि वह किस्को प्रखंड प्रोजेक्ट उच्च विधालय तिसिया की छात्रा है। वहीं कैरो प्रखंड के डॉक्टर अनुग्रह नरायन प्लस टू उच्च विद्यालय की छात्रा कैरो निवासी रामानंद पांडेय व रुक्मणि देवी की पुत्री शिवानी कुमारी 92 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड क्षेत्र स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं में प्रथम स्थान पर रही। वहीं कैरो निवासी शिवशंकर साहू की पुत्री सरस्वती शिशु विधा मंदिर की छात्रा समीक्षा कुमारी 87 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे और कैरो निवासी श्यामसुंदर ठाकुर का पुत्र सरस्वती शिशु विधा मंदिर कैरो का छात्र वरुण कुमार 85.6 प्रतिशत अंक लाकर प्रखण्ड क्षेत्र में अध्ययनरत छात्र



छात्राओ के बीच तीसरे स्थान पर रहे। सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को उनके परिजन मीठा खिलाकर उत्साह बढ़ाने का काम किये। वहीं सफल छात्र छात्राओ में कोई आईएएस, तो कोई आईपीएस तो कोई डॉक्टर तो कोई इंजीनियर बनने की इच्छा रखते हैं। परीक्षा फल आने पर छात्र उत्साहित रहे। प्रखंड के डॉक्टर अनुग्रह नरायन प्लस टू उच्च विद्यालय कैरो, सरस्वती शिशु विधा मंदिर, आरपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल उतका कैरो, उत्क्रमित



उर्दू उच्च विद्यालय गराडीह आदि विद्यालयों से छात्र छात्राएं परीक्षा लिखे थे जिसमे सरस्वती शिशु विधा मंदिर के शतप्रतिशत छात्र छात्राएं प्रथम स्थान पर रहे।

## इंटर विज्ञान में हर्ष कुमार हिंद बने कॉलेज टॉपर, द्वितीय स्थान पर रही अर्शिता कुमारी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

एम एल अग्रवाल एस वी एम इंटर कॉलेज के विज्ञान का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। हर्ष कुमार 88 प्रतिशत अंक लाकर हिंद कॉलेज के टॉपर बने। शिक्षक प्रदीप कुमार हिंद के पुत्र हर्ष कुमार हिंद ने कुल 440 अंक प्राप्त किए, जिसमें अंग्रेजी में 91, भौतिकी में 92, रसायन में 78, जीव विज्ञान में 95 और अर्थशास्त्र में 84 अंक शामिल है। 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में दूसरा स्थान अर्शिता कुमारी ने प्राप्त किया। उसने कुल 418 अंक प्राप्त किए, जिसमें अंग्रेजी में 95, भौतिकी में 72, रसायन में 79, जीव विज्ञान में 91 और अर्थशास्त्र में 81 अंक शामिल हैं। 82.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संजीव कुमार पासवान ने कॉलेज में तीसरा स्थान प्राप्त किया। उसे कुल 412 अंक मिले, जिसमें अंग्रेजी में 91, भौतिकी में 80, रसायन में 77, गणित में 83 और अर्थशास्त्र में 81 अंक शामिल है। इनके अतिरिक्त कृष राज मित्तल ने 82 प्रतिशत, प्रेरणा प्रजापति ने 81.4 प्रतिशत, लौलीन कच्छप ने 81.4 प्रतिशत, मनीष उरांव ने 80 प्रतिशत, सबा परवीन ने 79.4 प्रतिशत, आशीष उरांव ने 77.2 प्रतिशत, ऋषभ





लकड़ा ने 77.2 प्रतिशत, ज्योतिष उरांव ने 77 प्रतिशत, लोकेश साहू ने 76.4 प्रतिशत, आयुष राज ने 76 प्रतिशत, दीपक भगत ने 73.6 प्रतिशत, राजवीर साहू ने 73.4 प्रतिशत, सुशांक कुमार साहू ने 71.8 प्रतिशत, रोहित उरांव ने 70.6 प्रतिशत, संजना लकड़ा ने 70.4 प्रतिशत, आयुष कुमार गंझू ने 67 प्रतिशत, कोमल यादव ने 67 प्रतिशत, यश राज शर्मा ने 64.2 प्रतिशत, प्रीति कुमारी भगत ने 64 प्रतिशत, संतोष साहू ने 63.6 प्रतिशत, अनुराग भगत ने 61.2 प्रतिशत, विनय रवानी ने 61 प्रतिशत और शिवशंकर उरांव ने 60.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के पदाधिकारियों व सदस्यों और शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

## 90.6 फीसदी अंक लाकर श्रेया राज बनी वुमेन कालेज साइंस टॉपर

**लोहरदगा।** एमएलए वुमेन कालेज लोहरदगा की 53 छात्राओं ने इंटर साइंस परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास की। श्रेया राज 453 अंक (90.6 प्रतिशत) लाकर कालेज टापर बनीं। वही अन्नपूर्णा यादव 443, स्मृति गर्ग 440, दीपा कुमारी 422, भूमिका कुमारी 404, खुशी मित्तल 400, साक्षी पाठक 398 अंक लाकर कालेज की टापर्स में स्थान बनाने में कामयाब रहीं। लोहरदगा रघुनंदन लेन निवासी विनय कुमार प्रजापति और गीता देवी की बेटी श्रेया ने अंग्रेजी में 97, भौतिकी में 91, रसायन में 85, गणित में 96 और अर्थशास्त्र में 84 अंक प्राप्त किया है। श्रेया यूपीएससी पास कर प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहती हैं। अन्नपूर्णा कैरो प्रखंड के सढ़ाबे निवासी सत्यनारायण यादव और उर्मिला देवी की बेटी है। इसने अंग्रेजी में 91, भौतिकी में 84, रसायन में 85, गणित में 98 और अर्थशास्त्र में 85 अंक प्राप्त किया है। स्मृति गर्ग तिवारी दूरा निवासी कुमुद प्रसाद अग्रवाल और नीलम अग्रवाल की पुत्री है। स्मृति ने अंग्रेजी में 93, भौतिकी में 87, रसायन में 77, गणित में 95 और अर्थशास्त्र में 88 अंक हासिल किया है। स्मृति गणित की शिक्षिका बनना चाहती हैं।कालेज के प्रिंसिपल प्रो स्नेह कुमार ने सभी सफल छात्राओं को बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी है।



**NEWS इन ब्रीफ**

### लचर विद्युत व्यवस्था को लेकर कनीय अभियंता से मिले आजसू के पदाधिकारी



**कुडू।** बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर आजसू पार्टी के पदाधिकारी मंगलवार को कनीय अभियंता लोहरदगा से मिले। कनीय अभियंता ने कहा कि हमें जरूरत से कम मेगा वाट बिजली प्राप्ति होने की वजह से लोहरदगा जिले के सभी इलाकों में बिजली की अभी लचर व्यवस्था बनी हुई है। झारखंड आंदोलनकारी एवं पूर्व विधायक लोहरदगा स्व. कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एवं लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत की उपस्थिति में गुड्डू लाल नाथ शहदेव ने बिजली विभाग के जीएम से बात की। आश्वस्त किया है कि एक सप्ताह के अंदर 18 से 20 घंटे बिजली दी जाएगी। मौके पर कुडू पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य गायत्री देवी आदि मौजूद रहे।

### राशि लेने के बाद भी नहीं शुरू किया पीएम आवास का निर्माण कार्य

# 30 मई के बाद 77 लाभुकों पर होगा सर्टिफिकेट केस

**कुलदीप कच्छप। भंडरा**

भंडरा में पीएम आवास के 77 लाभुकों पर सर्टिफिकेट केस करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। जिला मुख्यालय से आदेश मिलने के बाद बीडीओ ने कहा कि 30 मई के बाद 77 लाभुकों पर केस दर्ज किया जायेगा। दरअसल, ये लोग रुपये लेकर भी आवास नहीं बनवा रहे थे। प्रत्येक नागरिक चाहे वह गरीब ही क्यों ना हो, उसे अपनी छत नसीब हो सके इस उद्देश्य के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत की गई। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को सरकार की तरफ से अनुदान के रूप में अच्छी खासी राशि दी जाती है, जिससे आम लोगों का अपना पक्के घर का सपना पूरा हो सके। प्रखंड के हजारों लोगों को फायदा भी हुआ है, परंतु कई ऐसे लाभुक भी हैं, जो इन पैसों का उठाव कर अभी तक अपने आवास



को पूर्ण नहीं करा सके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के मामले बहुत हैं। स्थानीय प्रखंड कार्यालय के सूत्रों की मानें तो इन पर लगातार कार्रवाई हो रही है। साथ ही आवास को पूर्ण कराने को लेकर बराबर दबाव बनाया जा रहा है।

**इतना मिलता है अनुदान :** बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत एक लाख 30 हजार रुपये सरकार की तरफ से अनुदान के रूप में दिए जाते हैं। इसके अलावा मनरेगा से करीब 22000 अलग से मिलते हैं। वहीं, शौचालय निर्माण को लेकर 12000 रुपये की राशि अलग से अनुदान में दी जाती है।

**पिछले वर्ष 1827 लोगों को दिया गया योजना का लाभ :** वित्तीय वर्ष 2021 - 22 मे 1827 लाभुकों को पीएम आवास दिया गया था, जिसमें अधूरे निर्माण की संख्या 271 है। अपूर्ण आवासों के बाबत जानकारी देते हुए आवास पर्यवेक्षक निर्तिदर कुमार ने बताया कि 30 मई तक आवास नहीं बनाने वाले 77 लाभुकों पर केस किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी 91 लाभुकों पर सटिफिकेट केस किया गया था।

**लाभुकों का यह कहना :** मोहन साहू का कहना है कि सरकार की इस योजना से कई लोगों को फायदा हुआ है। लेकिन पैसे लेने के बाद भी जिनका आवास अपूर्ण है, उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। इधर दिलीप गुप्ता कहते हैं कि अनुदान की राशि में कुछ और बढ़ोतरी करनी चाहिए, क्योंकि वर्तमान समय में सभी सामग्री के दाम में बढ़ोतरी हुई है।

**बीडीओ ने दी नोटिस जारी करने की जानकारी :** बीडीओ रणजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि अपूर्ण आवास को लेकर श्वेत एवं लाल नोटिस जारी किए गए हैं। 77 लाभुकों पर 30 मई के बाद नीलाम पत्र वाद दायर किया गया है। अपूर्ण आवास को हर हालत में पूरा कराया जाएगा। इसके लिए कर्मियों को निर्देश दिया गया है।

## भंडरा में सिर विहीन शव मिला, सनसनी

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

भंडरा थाना क्षेत्र के पझरी गांव के पास एक सिर विहीन वृद्ध व्यक्ति का शव मिला है। शव की पहचान धोवाली गांव निवासी जुबी उरांव के रूप में हुई है। इस संबंध में भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि संध्या 7 बजे सूचना मिली कि ग्राम पझरी के पास एक अज्ञात शव पडा हुआ है। घटनास्थल पर पहुंचा तो देखा कि शव में सिर नहीं है। मौके पर उपस्थित बिपता उरांव (38) ने जूते और कपड़े के आधार पर शव की अपने पिता जूबी उरांव (65) के रूप में की। बिपता उरांव

**शव की पहचान धोबाली गांव निवासी जुबी उरांव के रूप में हुई**

ने बताया गया कि मेरे पिता चार दिन पूर्व शुक्रवार को भंडरा में बाजार करने गए थे। फिर लौटकर वापस नहीं आए। जूबी उरांव के सिर को किसी जानवर द्वारा खा जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। जुबी उरांव की मृत्यु कैसे हुई यह अभी अज्ञात है। भंडरा पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया गया है। वहीं पुलिस के कथित प्रयास के बाद भी शव का सिर नहीं मिल पाया।


GOVERNMENT OF JHARKHAND
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, ROAD DIVISION, DALTONGANJ

**Notice Inviting Tender on EPC Mode**

**Tender Reference No. : 4/ RCD/Daltonganj/2023-24/ 466 Dated 23.05.2023**

Application in the prescribed format from eligible contractors for Request for Proposal (RFP) on Engineering, Procurement & Construction (EPC) mode are invited for the following project:-

| SL. No. | Name of works | State | Approximate cost (in Rs.) | Cost of document (in Rs.) | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of ROB at EP No.-291/27, 291/28 between Daltonganj to rajhara railway near Bajrha village at Palamau in the state of Jharkhand under Central Road Fund for the year 2022-23. | Jharkhand | 665462161.38 | 20,000/- | 18 Months |

2. The interested Contractors who have experience in execution of similar works and required technical and financial strength may obtain Request For Qualification and Request for Proposal on Engineering, Procurement & Construction (EPC) mode document from https://jharkhand tenders.gov.in only.

**Important Dates.**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | DATE OF ISSUE OF NOTICE | : | Date: 24.05.2023 |
| 2 | Date of Publication of Tender on website | | Date: 05.06.2023 from 17.00 Hours |
| 3 | LAST DATE FOR RECEIVING QUERIES | : | Date: 27.06.2023 upto 12.30 Hours |
| 4 | PRE-BID CONFERENCE | : | Date: 27.06.2023 Time 16.00 Hours Place – Office of the Chief Engineer (Com.) -Cum-Nodal officer, e-Procurement Cell, Road Const. Dept. 1st Floor, Engineering Hostel, No.-2, Dhurwa, Ranchi. 834004 |
| 5 | AUTHORITY RESPONSE TO QUERIES LATEST BY | | Date: 03.07.2023 |
| 6. | APPLICATION / BID DUE DATE | : | Date: 19.07.2023 upto 17.00 Hours Through website: https://jharkhandtenders.gov.in |
| 7. | LAST DATE OF SUBMISSION OF ONLINE CHALLAN AND OTHERS DOCUMENTS IN ORIGINAL | : | Date: 21.07.2023 upto Time 12.30 Hours (1) office of the Chairman , e-Procurement Cell, Room No. 330A, 3rd floor, Road Construction Department, Jharkhand Mantralaya , Dhurwa , Ranchi (2) Office of the Chief Engineer (Com.) -Cum-Nodal officer, e-Procurement Cell, Road Const. Dept. 1st Floor, Engineering Hostel, No.-2, Dhurwa, Ranchi. 834004 (3) Office of the Executive Engineer, R.,C.D, Road Division, Daltonganj |
| 8. | PLACE OF OPENING OF BIDS | : | Through website: https://jharkhandtenders.gov.in Chairman, e-Procurement Cell, Room No, 330A , 3rd Floor, Road Construction Department, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 9. | TIME & DATE OF OPENING | : | Date 21.07.2023 at Time 15:00 Hours Through website: https://jharkhandtenders.gov.in |
| 10. | OFFICER INVITING BIDS | : | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj |

3. (a) Cost of RFP Document – Rs. 20,000/- for work specified above shall be non refundable fee as indicated shall be in the form of demand draft of State Bank of India payable at SBI, DALTONGANJ (JHARKHAND) in favour of Executive Engineer , Road Construction Department, Road Division, Daltonganj. Bank Draft and Document of Bid Securing Declaration will have to be deposited in the offices viz: (1) office of the Chairman, e-Procurement Cell, Room No. 330A, 3rd floor, Road Construction Department, Jharkhand Mantralaya , Dhurwa , Ranchi (2) Office of the Chief Engineer (Com.) -Cum- Nodal officer, e-Procurement Cell, Road Const. Dept. 1st Floor, Engineering Hostel, No.-2, Dhurwa, Ranchi. 834004 (3) Office of the Executive Engineer, R.,C.D, Road Division, Daltonganj on or before 12:30 Hours on Date: 21.07.2023 failing which the RFP Document will be rejected.
(b) Bid Securing Declaration (Appendix-II) shall be submitted as per Clause 2.20 on this RFP and having a validity period of not less than 180 (One Hundred Eighty) days from the bid due date.
4. For participating in the above RFP process, the contractors shall have to obtain user ID, password and digital signature. This will enable them to access the website http://jharkhand tenders.gov.in and download/ participate in EPC tender.
5. The blank RFP documents can be downloaded from website http://jharkhandtenders. gov.in where electronic RFP form is provided.
6. Bidders/Contractors can access RFP documents on the website, fill them and submit the completed RFP document into Electronic RFP on the website itself. Bidders/Contractors shall attach scanned copies (PDF, JPG) of all the required RFP papers, i.e. Bid Document & the Certificates as required in Eligibility criteria.
7. All the uploaded documents shall have the signature of bidder or their authorized signatories. The scanned copies should be of the original papers and certificates.
8. The bidder is requested to check their file size of uploaded documents at the time of submission & they should ensure that work file is uploaded. If they feel that the complete file is not uploaded then they should click on cancel & update the same before submission. The bidders should satisfy themselves of Download ability/visibility of the scanned & uploaded Documents filed by them.
9. The bidder is directed to zip their files using Win Zip or Win RAR software only. Other formats of zipping will not be accepted and will be rejected.
10. The bidder must use MS Office-2007 or lower version.
11. No claim shall be entertained on account of disruption of internet service being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.
12. Corrigendum/Addendum/Corrections, if any will be uploaded on the website. The completed RFP document should be uploaded at the above website on or before 17:00 Hours on Date: **19.07.2023**. The RFP of the successful bidders only will be opened. After the evaluation of RFP the agreement for execution of works, if any, would be executed between the successful bidder & the respective State Government. However, the employer/Engineer reserves the right to deny prequalification to any applicant without assigning any reason.
13. The undersign reserves the right to extend/cancel the tender (RFP) at any stage without assigning any reason thereof.
14. The tendered cost of work is inclusive of GST and Labour Cess.

Note : for any query, please contact HELPLINE NO. – 06562-225019

**Executive Engineer**
**R.C.D., Road Division Daltonganj**

PR298140 (Road Construction Dept Road Division Ranchi)23-24*D


## सरकारी जमीन पर बनाया गया मकान जेसीबी से ध्वस्त

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही मौजा स्थित नवनिर्मित महिला कॉलेज के समीप सरकारी जमीन का अधिग्रहण सनियारो उरांव पति स्व. कैला उरांव एवं उसकी पुत्री इन्द्रानी कुमारी द्वारा किया गया। इसको लेकर अंचलाधिकारी द्वारा 36 डिसमिल सरकारी जमीन की पुष्टि की गई थी, जिसमें से 6 डिसमिल जमीन को सनियारो उरांव एवं उसकी पुत्री इन्द्रानी कुमारी द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर मकान बना लिया गया था। वहीं अतिक्रमण के लिये जारी नोटिस की अवहेलना की जा रही थी। अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल के निर्देश



पर अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया गया। अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में सआनि जमशेद खान तथा शस्त्र बल के सहयोग से मंगलवार को निर्मित भवन को जेसीबी चलाकर तोड़ दिया गया। एल्वेस्टर तथा घर के अंदर रखी सामग्री को सुरक्षित करते हुए जेसीबी मशीन चलाई गई।

## भंडरा में डीएसपी ने बालू लदा एक ट्रैक्टर को किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

थाना क्षेत्र के पास मंगलवार सुबह डीएसपी परमेश्वर प्रसाद ने अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया। ट्रैक्टर सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठीयो गांव निवासी उपेंद्र साहू का है। जिला खनन पदाधिकारी के बयान पर भंडरा थाने में मामला दर्ज हुआ है। बताया जाता है कि डीएसपी परमेश्वर प्रसाद को लगातार सूचना मिल रही थी कि सीठीयो नदी से अवैध बालू का उठाव हो रहा है। इस पर डीएसपी द्वारा पुलिस टीम गठित कर छापेमारी की गई। इस दौरान थाना क्षेत्र के भैसमुंदो गांव के पास से अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर पकड़ा गया। ट्रैक्टर मलिक पर अवैध बालू का खनन करने, इसका कारोबार करने,



जालसाजी करने व साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। डीएसपी द्वारा अचानक की गई कार्रवाई के कारण अवैध बालू का कारोबार करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी हो कि पहले बालू घाट का टेंडर नहीं होने के कारण अवैध रूप से नदियों से बालू के उठाव पर रोक है। इसके बावजूद बड़े पैमाने पर नदियों से बालू का अवैध उठाव किया जा रहा।

### उपलब्धि | राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का जलवा

# जिले को 10 स्वर्ण, 2 कांस्य पदक मिले

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

उत्तराखंड के देहरादून स्थित द बॉस ग्रांड होटल में 20 मई से 22 मई तक चली राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में लोहरदगा जिले के खिलाड़ियों का एक बार फिर जलवा देखने को मिला। खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत स्पर्धा में 10 स्वर्ण पदक राज्य और जिले की झोली में डाल दिया। सभी खिलाड़ी 24 मई की शाम 4 बजे कुडू पहुंचेंगे। इनके स्वागत की तैयारी की जा रही है। विजेताओं में अंडर 11 में कविता कुमारी, अंडर 12 में लीलावती कुमारी, अंडर 14 में अनामिका उरांव, जूही, अंजलि, अंडर 15 में नेहा कुमारी शामिल हैं और कुमकुम कुमारी, अंडर 16 में मरियम प्रवीण, रोशनी उराव स्वर्ण पदक विजेता रही वहीं अंडर 12 में प्रियंका उरांव, अंडर 13 में



फुल कुमारी ने रजत पदक पर कब्जा जमाया। साथ ही पांच खिलाड़ियों ने थाईलैंड में होने वाले अंतराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयनित भी हुए हैं, जिनमे मरियम प्रवीण, अनामिका उरांव, कुमकुम कुमारी, रोशनी उरांव और सुनेहा शामिल हैं। सभी झारखंड का प्रतिनिधत्व करेंगे। खिलाड़ियों के कोच सह लोहरदगा जिला कराटे संघ के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि 31 मई तक थाईलैंड में आयोजित इंटरनेशनल टूनामेंट के लिए सभी खिलाड़ियों ट्रायल होगा।

## पारिवारिक विवाद में युवक ने खाया कीटनाशक, गंभीर

**किस्को।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नवाडीह के ग्राम सरना टोली निवासी रोबिन कुजूर का लगभग 24 वर्षीय पुत्र अर्पण कुजूर ने पारिवारिक विवाद में घर में रखे कीटनाशक दवा को खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इस बारे में जब परिजनों और आसपास के ग्रामीणों को जैसे ही जानकारी मिली फौरन दरवाजा खोलकर आनन-फानन में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों की टीम द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया एवं युवक की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया गया, जहां पर युवक का इलाज चल रहा है। इधर, युवक के परिजन और ग्रामीण काफी सदमा में हैं।



# पेटीएम मनी ने किया बॉन्ड इंवेस्टिंग लॉन्च




**एजेंसी। नई दिल्ली**

वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) ने मंगलवार को घोषणा की कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी पेटीएम मनी लिमिटेड ने देश में खुदरा निवेशकों के लिए सबसे उन्नत बॉन्ड प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। कंपनी ने कहा कि वह खुदरा निवेशकों के लिए बॉन्ड को सरल बना रही है और उन्हें तीन प्रकार के बॉन्ड - सरकार, कॉर्पोरेट और टैक्स फ्री में निवेश करने में सक्षम बना रही है। पेटीएम मनी के सीईओ वरुण श्रीधर ने कहा, यह भारत में बॉन्ड में निवेश की शुरूआत है। हमारा मानना है कि बॉन्ड पहली बार निवेशकों के लिए पूंजी बाजार में प्रवेश करने का सबसे अच्छा तरीका है और प्रत्येक भारतीय के पास एक डायवर्सिफाइड वेल्थ पोर्टफोलियो होना चाहिए, जिसमें बॉन्ड इसका मुख्य हिस्सा हो। हम आगे भी निवेशकों के लिए सुरक्षा के साथ सर्वोत्तम प्रौद्योगिकी-संचालित सुविधाएं लाना जारी रखेंगे। पेटीएम मनी ऐप पर बांड निवेशकों को सभी प्रासंगिक जानकारी एक ही जगह मिलेगी ताकि निवेशक उन रिटर्न का विश्लेषण कर सकें और समझ सकें कि वे कहां कमा सकते हैं। अब, निवेशकों को कूपन बनाम यील्ड, क्लीन प्राइस बनाम डर्टी प्राइस, कूपन फ्रीक्वेंसी, कूपन रिकॉर्ड डेट आदि के बारे में जानकारी के लिए अलग-अलग जगहों पर नहीं जाना होगा और इसके बजाय पेटीएम मनी ऐप पर एक डैशबोर्ड पर यह सब मिल जाएगा। कंपनी के अनुसार, भारत में ऋण बाजारों में निवेश अभी भी बहुत नया है और देश में 100 मिलियन निवेशक होने की क्षमता है, जिनके लिए बॉन्ड पूंजी बाजार में प्रवेश करने का सबसे अच्छा तरीका होगा। सेबी-पंजीकृत ब्रोकर के रूप में, पेटीएम मनी भारत में एक सरल, सुरक्षित और पारदर्शी बॉन्ड उत्पाद लाने और नया करने के लिए मौजूदा मजबूत नियामक ढांचे का लाभ उठा रहा है। इसने निवेशक सुरक्षा सुविधाओं जैसे लिमिट ऑर्डर, एनएसई और बीएसई की कीमतों में तुलना, बेस्ट एक्सचेंज रेट, कई रेटिंग एजेंसियों से क्रेडिट रेटिंग, सबसे कम डिफॉल्ट रेटिंग के साथ ऐसी कई और सुविधाएं हासिल की है। वर्तमान में पेटीएम मनी पर बॉन्ड्स को अर्ली एक्सेस वेटलिस्ट प्रोग्राम के साथ लॉन्च किया जा रहा है। टैक्स फ्री बॉन्ड भारतीयों के लिए एक बड़ा निवेश है। एनएचएआई, आईआरएफसी, आरईसी आदि जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा जारी टैक्स फ्री बॉन्ड में 5.8 प्रतिशत प्रति वर्ष तक की यील्ड और 5 महीने से 13 साल तक की मैच्युरिटी पर निवेश किया जा सकता है। निवेशक, जो अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करना चाहते हैं, वे इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस, एडलवाइस आदि जैसे कॉरपोरेट बॉन्ड पर भी विचार कर सकते हैं, जहां कंपनी की क्रेडिट प्रोफाइल और बॉन्ड की मैच्युरिटी के आधार पर कोई भी प्रति वर्ष 15 प्रतिशत तक कमा सकता है। पेटीएम मनी म्युचुअल फंड, स्टॉक, आईपीओ, एफएंडओ, ईटीएफ, एनपीएस जैसे निवेश उत्पादों के साथ उपयोगकर्ताओं को सक्षम कर धन सृजन को जारी रखता है। पेटीएम मनी की म्युचुअल फंड और स्टॉक में छोटे निवेश की पेशकश देश में वित्तीय समावेशन में योगदान करती है।

# शेयर बाजार में आई तेजी




**एजेंसी। मुंबई**

आज यानी मंगलवार (23 मई) को शेयर बाजार बढ़त देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 135 अंकों की बढ़त के साथ 62,098 के स्तर पर खुला है। वहीं निफ्टी में भी 48 अंकों की तेजी रही, यह 18,362 पर ओपन हुआ था। शुरूआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 में से 24 शेयरों में तेजी और सिर्फ 6 में गिरावट देखने को मिल रही है। आज अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 10% से ज्यादा की तेजी देखने को मिल रही है। ये 2600 रुपए के करीब कारोबार कर रहा है। इससे पहले सोमवार को भी ये 19.55% चढ़कर 2,338 रुपए पर बंद हुआ था। यानी दो दिन में ही इसका शेयर 30% से ज्यादा चढ़ गया है। अडाणी ग्रुप की 10 कंपनियों का मार्केट कैप भी 10 लाख करोड़ को पार कर गया है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त पैनल को अडाणी ग्रुप की कंपनियों में स्टॉक प्राइस के हेरफेर का कोई सबूत नहीं मिला है। वहीं एमके ग्लोबल के टेक्निकल एनालिस्ट कपिल शाह ने कहा कि अडाणी एंटरप्राइजेज 26 कारोबारी सत्रों में 1,800 से 2,000 के दायरे में रहा था। अब स्टॉक ने ऊपरी बैंड को पार कर लिया है। कच्चा तेल में हल्की बढ़त दिख रही है। ब्रेंट क्रूड 0.50% की मजबूती के साथ 76.40 डॉलर प्रति बैरल के आस-पास कारोबार कर रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपया 1 पैसे कमजोर होकर 82.84 खुला है। कल यानी सोमवार को रुपया 82.83/डॉलर पर बंद हुआ था।

## जियोमार्ट से 1 हजार से ज्यादा एम्प्लॉइज की छंटनी

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के ऑनलाइन होलसेल प्लेटफार्म जियोमार्ट ने 1 हजार से अधिक एम्प्लॉइज को नौकरी से निकाल दिया है। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड ने हाल ही में फूड होलसेलर मेट्रो कैश एंड कैरी का अधिग्रहण किया है, जिसके बाद यह छंटनी की गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जियोमार्ट अगले कुछ हफ्तों में 15,000 से अधिक एम्प्लॉइज के वर्कफोर्स में से और कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी। इसके जरिए रिलायंस इंडस्ट्रीज थोक डिवीजन से लगभग दो-तिहाई एम्प्लॉइज को कम करना चाहती है। द इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार, जियोमार्ट ने अपने कॉर्पोरेट ऑफिस से 500 एग्जीक्यूटिव सहित 1,000 से अधिक एम्प्लॉइज को रिजाइन देने के लिए कहा है। इसके साथ ही कंपनी ने 100 से अधिक कर्मचारियों को परफॉर्मेंस इंप्रूवमेंट प्लान पर रखा है।

# उच्च जोखिम वाले एआई पर अंकुश लगाएगा डिजिटल इंडिया एक्ट : केंद्र

**एजेंसी। मुंबई**

केंद्र ने मंगलवार को कहा कि आगामी डिजिटल इंडिया एक्ट (डीआईए) गलत सूचनाओं और 'हाई-रिस्क एआई' से सख्ती से निपटेगा, ताकि यूजर्स को होने वाले नुकसान को रोका जा सके। विभिन्न हितधारकों के साथ प्री-ड्राफ्टिंग सार्वजनिक परामर्श के दूसरे दौर में, यहां केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि एआई से संबंधित गलत सूचना के बढ़ते खतरे के बीच, सरकार आवश्यक सुरक्षा कवच और डीआईए का एक हिस्सा बनाएगी, जो उच्च-जोखिम और नकली एआई समस्या का समाधान करेगा। मंत्री ने कहा, हम एआई को विनियमित नहीं करने जा रहे हैं, लेकिन हम रेलिंग बनाएंगे। कोई अलग कानून नहीं होगा, लेकिन डीआईए का एक हिस्सा उच्च जोखिम वाले एआई से संबंधित खतरों को दूर करेगा। डीआईए देश में स्टार्टअप इनोवेशन के लिए एक सक्षमकर्ता होगा। चंद्रशेखर ने सभा को बताया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहुत स्पष्ट हैं कि सरकार जो कुछ भी करती है, वह स्टार्टअप स्पेस में नवाचार के लिए कठिनाइयों का कारण नहीं बनना चाहिए। मंत्री ने कहा, हम इसके प्रति बेहद संवेदनशील होंगे। स्टार्टअप्स के लिए चीजों को मुश्किल बनाना हमारा इरादा बिल्कुल भी नहीं है। डीआईए स्टार्टअप इनोवेशन के लिए एक संबल होगा। गलत सूचना पर उन्होंने कहा कि आईटी नियम प्लेटफॉर्म पर यह दायित्व (गलत सूचना निर्धारित करने का) डालते हैं। चंद्रशेखर ने कहा, अगर डीआईए में गलत सूचना को परिभाषित करने की आवश्यकता है, तो हम ऐसा करेंगे। अगले 2-3 महीनों में अपेक्षित डीआईए का मसौदा तैयार करने के लिए सरकार ने दूसरे दौर के परामर्श के लिए नीति विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों से मुलाकात की।


## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT, ROAD DIVISION, DALTONGANJ

**Notice Inviting Tender on EPC Mode**

**Tender Reference No. : 2/ RCD/Daltonganj/2023-24/468 Dated 23.05.2023**

Application in the prescribed format from eligible contractors for Request for Proposal (RFP) on Engineering, Procurement & Construction (EPC) mode are invited for the following project:-

| SL. No. | Name of works | State | Approximate cost (in Rs.) | Cost of document (in Rs.) | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Reconstruction of Bhajania of Mohammadganj to Haidernagar Via Kolhua, Bardiha, Pansa, Adhori and Ranideva Road (Total length - 17.372 km) under Central Road Fund for the year 2022-23 (Job No.-CRF-JHR-2022-23/63) | Jharkhand | **666254075.66** | 20,000/- | 18 Months |

2. The interested Contractors who have experience in execution of similar works and required technical and financial strength may obtain Request For Qualification and Request for Proposal on Engineering, Procurement & Construction (EPC) mode document from https://jharkhandtenders.gov.in only.

**Important Dates.**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | DATE OF ISSUE OF NOTICE | : | Date: 24.05.2023 |
| 2 | Date of Publication of Tender on website | : | Date: 05.06.2023 from 17.00 Hours |
| 3 | LAST DATE FOR RECEIVING QUERIES | : | Date: 27.06.2023 upto 12.30 Hours |
| 4 | PRE-BID CONFERENCE | : | Date: 27.06.2023 Time 16.00 Hours<br>Place – Office of the Chief Engineer (Com.) -Cum- Nodal officer, e-Procurement Cell, Road Const. Dept. 1st Floor, Engineering Hostel, No.-2, Dhurwa, Ranchi. 834004 |
| 5 | AUTHORITY RESPONSE TO QUERIES LATEST BY | : | Date: 03.07.2023 |
| 6. | APPLICATION / BID DUE DATE | : | Date: 19.07.2023 upto 17.00 Hours<br>Through website: https://jharkhandtenders.gov.in |
| 7. | LAST DATE OF SUBMISSION OF ONLINE CHALLAN AND OTHERS DOCUMENTS IN ORIGINAL | : | Date: 21.07.2023 upto Time 12.30 Hours<br>(1) office of the Chairman , e-Procurement Cell, Room No. 330A, 3rd floor, Road Construction Department, Jharkhand Mantralaya , Dhurwa , Ranchi<br>(2) Office of the Chief Engineer (Com.) -Cum- Nodal officer, e-Procurement Cell, Road Const. Dept. 1st Floor, Engineering Hostel, No. 2, Dhurwa, Ranchi. 834004<br>(3) Office of the Executive Engineer, R.,C.D, Road Division, Daltonganj |
| 8. | PLACE OF OPENING OF BIDS | : | Through website:<br>https://jharkhandtenders.gov.in<br>Chairman, e-Procurement Cell, Room No, 330A , 3rd Floor, Road Construction Department, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 9. | TIME & DATE OF OPENING | : | Date 21.07.2023 at Time 15:00 Hours<br>Through website: https://jharkhandtenders.gov.in |
| 10. | OFFICER INVITING BIDS | : | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj |

3. (a) Cost of RFP Document – Rs. 20,000/- for work specified above shall be non refundable fee as indicated shall be in the form of demand draft of State Bank of India payable at SBI, DALTONGANJ (JHARKHAND) in favour of Executive Engineer , Road Construction Department, Road Division, Daltonganj. Bank Draft and Document of Bid Securing Declaration will have to be deposited in the offices viz: (1) office of the Chairman, e-Procurement Cell, Room No. 330A, 3rd floor, Road Construction Department, Jharkhand Mantralaya , Dhurwa , Ranchi (2) Office of the Chief Engineer (Com.) -Cum- Nodal officer, e-Procurement Cell, Road Const. Dept. 1st Floor, Engineering Hostel, No.-2, Dhurwa, Ranchi. 834004 (3) Office of the Executive Engineer, R.,C.D, Road Division, Daltonganj on or before 12:30 Hours on Date: 21.07.2023 failing which the RFP Document will be rejected.
   (b) Bid Securing Declaration (Appendix-II) shall be submitted as per Clause 2.20 on this RFP and having a validity period of not less than 180 (One Hundred Eighty) days from the bid due date.
4. For participating in the above RFP process, the contractors shall have to obtain user ID, password and digital signature. This will enable them to access the websit http://jharkhand tenders.gov.in and download/ participate in EPC tender.
5. The blank RFP documents can be downloaded from website http://jharkhandtenders. gov.in where electronic RFP form is provided.
6. Bidders/Contractors can access RFP documents on the website, fill them and submit the completed RFP document into Electronic RFP on the website itself. Bidders/Contractors shall attach scanned copies (PDF, JPG) of all the required RFP papers, i.e. Bid Document & the Certificates as required in Eligibility criteria.
7. All the uploaded documents shall have the signature of bidder or their authorized signatories. The scanned copies should be of the original papers and certificates.
8. The bidder is requested to check their file size of uploaded documents at the time of submission & they should ensure that work file is uploaded. If they feel that the complete file is not uploaded then they should click on cancel & update the same before submission. The bidders should satisfy themselves of Download ability/visibility of the scanned & uploaded Documents filed by them.
9. The bidder is directed to zip their files using Win Zip or Win RAR software only. Other formats of zipping will not be accepted and will be rejected.
10. The bidder must use MS Office-2007 or lower version.
11. No claim shall be entertained on account of disruption of internet service being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.
12. Corrigendum/Addendum/Corrections, if any will be uploaded on the website. The completed RFP document should be uploaded at the above website on or before 17:00 Hours on Date: **19.07.2023**. The RFP of the successful bidders only will be opened. After the evaluation of RFP the agreement for execution of works, if any, would be executed between the successful bidder & the respective State Government. However, the employer/Engineer reserves the right to deny prequalification to any applicant without assigning any reason.
13. The undersign reserves the right to extend/cancel the tender (RFP) at any stage without assigning any reason thereof.
14. The tendered cost of work is inclusive of GST and Labour Cess.

**Note :** for any query, please contact HELPLINE NO. – 06562-225019

**Executive Engineer**
**R.C.D., Road Division Daltonganj**

**PR.NO.298136 Road Construction Dept Road Division Ranchi(23-24):D**



## जिला भू–अर्जन कार्यालय, लातेहार

ज्ञापांक– /भू0अ0दिनांक–

**आम सूचना**

ग्राम–चन्दवा अंचल–चन्दवा जिला–लातेहार अन्तर्गत Construction of ROB from Tori to Mahuamilan LC No. 12A/T (Near Tori in km 116) at Chandwa on NH-99 (New NH-22) निर्माण में हितबद्व रैयतो को सूचित करना है कि अर्जित भूमि के मुआवजा राशि का भुगतान हेतु बार–बार नोटिस के माध्यम से वांछित कागजात की मांग किया जाता रहा है। परन्तु पचाटियों द्वारा रूचि नहीं लिया जा रहा है। जिसके कारण मुआवजा भुगतान लंबित है।

लंबित पचाटियों को सूचित किया जाता है कि जिला भू–अर्जन कार्यालय, लातेहार में वांछित कागजात वंशावली प्रमाण पत्र, खतियान की छायाप्रति, अद्यतन लगान रसीद, आधार कार्ड, बैंक पास बुक, शपथ–पत्र, एवं नोटिस की छायाप्रति तथा क्षतिपूर्ति बंध पत्र, रंगीन अद्यतन दो फोटो के साथ उपस्थित होकर सूचना प्रकाशन के 1(एक) सप्ताह के अन्दर वांछित कागजात जमा कर मुआवजा भुगतान R.T.G.S.के माध्यम से प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

**लंबित पचाटियों की सूची ग्राम–चन्दवा अंचल–चन्दवा**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | प्लॉट संख्या | कुल अर्जित रकबा | भूमि किस्म | खतियानी रैयत का नाम | पंचाटित रैयत का नाम एवं पता | पंचाट संख्या | भूमि का विवरण: खाता सं0 | बटा हुआ प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 25 | 629 | 0.1025 | मकान | उर्मिला देवी पति रामेश्वर साहु | रामेश्वर प्रसाद पिता स्व0 धनु साव | 1 | 25 | 629 | 0.1025 |
| 2 | 112 | 632 | 0.0122 | मकान | धनश्याम दास वो श्याम लाल वो कृष्ण मुरारी पिता मनिलाल अग्रवाल | कृष्ण मुरारी अग्रवाल पिता स्व0 मनीलाल अग्रवाल वो प्रदीप कुमार अग्रवाल वो प्रभात कुमार अग्रवाल पिता स्व0 धनश्याम दास अग्रवाल वो आलोक कुमार अग्रवाल वो अमरदीप अग्रवाल वो संजय अग्रवाल पिता स्व0 श्याम लाल अग्रवाल | 2 | 112 | 632 | 0.0122 |
| | 468 | 633 | 0.035 | मकान | रूकमनी अग्रवाल पति मनिलाल अग्रवाल | | | 468 | 633 | 0.035 |
| | 468 | 2 | 0.0396 | मकान | तदैव | | | 468 | 2 | 0.0396 |
| 3 | 239<br>240 | 780<br>781 | 0.0052 | मकान | पाचो देवी पति रामखेलावन साहु | दिलीप प्रसाद पिता स्व0 श्याम बिहारी प्रसाद | 3 | 239<br>240 | 780<br>781/1 | 0.0052<br>0.0090 |
| 4 | 240 | 781 | 0.0582 | मकान | पाचो देवी पति रामखेलावन साहु | अनुप कुमार पिता स्व0 श्याम बिहारी प्रसाद | 4 | 240 | 781/2 | 0.0126 |
| 5 | 240 | तदैव | तदैव | मकान | पाचो देवी पति रामखेलावन साहु | अमरदीप कुमार पिता स्व0 रामखेलावन साव | 5 | 240 | 781/3 | 0.0164 |
| 6 | 240 | तदैव | तदैव | मकान | पाचो देवी पति रामखेलावन साहु | संतोष साहु पिता स्व0 राम खेलावन साव | 6 | 240 | 781/4 | 0.0162 |
| 7 | 240 | 781 | तदैव | मकान | पाचो देवी पति रामखेलावन साहु | अनुप कुमार वो दिलीप प्रसाद पिता स्व0 श्याम बिहारी प्रसाद वो अशोक कुमार वो संतोष कुमार वो अमरदीप कुमार वो विनित कुमार पिता स्व0 रामखेलावन साव | 7 | 240 | 781/5 | 0.004 |
| 8 | 271 | 753 | 0.001 | मकान | बसंत साहु पिता रामलाल साहु | महेन्द्र प्रसाद साहु पिता स्व0 बसंत साहु वो सुधीर प्रसाद वो विनय प्रसाद पिता स्व0 बसंत साहु | 8 | 271 | 753 | 0.001 |
| 9 | 368 | 631 | 0.0537 | मकान | मैना देवी पति गणेश साह | संजय प्रसाद गुप्ता वो रंजीत प्रसाद गुप्ता पिता गणेश प्रसाद | 9 | 368 | 631 | 0.0537 |
| 10 | 407 | 752 | 0.0257 | मकान | राजा राम साह पिता रामलाल साह | मुकेश प्रसाद पिता स्व0 राजा राम साहु | 10 | 407 | 752 | 0.0257 |
| 11 | 410 | 630 | 0.0465 | मकान | राजो देवी पति गाजो साव | राम स्वरूप साहु पिता स्व0 गाजो साव | 11 | 410 | 630/1 | 0.0155 |
| 12 | 410 | तदैव | तदैव | मकान | तदैव | अनिल साहु पिता स्व0 गाजो साव | 12 | 410 | 630/2 | 0.0155 |
| 13 | 410 | तदैव | तदैव | मकान | तदैव | कुन्दन साव पिता स्व0 गाजो साव | 13 | 410 | 630/3 | 0.0155 |
| 14 | 426 | 751 | 0.0461 | मकान | रामगुलाम साह पिता बालगोविन्द साह | धनेश प्रसाद पिता स्व0 जलेन्द्र साव | 14 | 426 | 751/1 | 0.0150 |
| 15 | 426 | 751 | 0.0461 | मकान | तदैव | अजय कुमार पिता स्व0 भोला साव उर्फ जगरनाथ साव | 15 | 426 | 751/2 | 0.0160 |
| 16 | 426 | 751 | 0.0461 | मकान | तदैव | अनुराग प्रसाद पिता स्व0 बिन्दु प्रसाद | 16 | 426 | 751/3 | 0.0151 |
| 17 | 452 | 746 | 0.0150 | मकान | रामलखन साह वो रामवृक्ष साह पिता महादेव साह | ओम प्रकाश गुप्ता पिता स्व0 रामवृक्ष साव | 17 | 452 | 746/1 | 0.0070 |
| 18 | 452 | 746 | 0.0150 | मकान | तदैव | ओम प्रकाश गुप्ता वो सुरेश प्रसाद गुप्ता पिता स्व0 रामवृक्ष साव वो रूपेश कुमार गुप्ता पिता स्व0 यमुना प्रसाद गुप्ता | 18 | 452 | 746/2 | 0.0080 |
| 19 | 472 | 745 | 0.005 | मकान | तदैव | राजेन्द्र प्रसाद साहु पिता स्व0 मुरक साहु | 19 | 472 | 745 | 0.0050 |
| 20 | 482 | 624 | 0.0437 | मकान | लालचंद साहु पिता विषुवा साहु | अजय साहु पिता स्व0 गौरी शंकर साहु वो विनय कुमार पिता श्रीराम साहु वो श्यामकरण साहु वो सरस्वती देवी पिता स्व0 लालचंद साहु वो विनोद साहु पिता स्व0 रामकरण साहु वगैरह | 20 | 482 | 624 | 0.0437 |
| 21 | 493 | 782 | 0.0398 | मकान | श्याम बिहारी प्रसाद वो अशोक कुमार वो संतोष कुमार वो अमरदीप कुमार वो विनित प्रसाद पिता रामखेलावन साह | अशोक प्रसाद पिता स्व0 राम खेलावन साह | 21 | 493 | 782/1 | 0.0209 |
| 22 | 493 | 782 | 0.0398 | मकान | तदैव | विनित कुमार पिता स्व0 रामखेलावन साह | 22 | 493 | 782/2 | 0.0180 |
| 23 | 493 | 782 | 0.0398 | मकान | तदैव | अशोक कुमार वो संतोष कुमार वो अमरदीप कुमार वो विनित प्रसाद पिता स्व0 राम खेलावन साह वो अनुप कुमार वो दिलीप कुमार पिता स्व0 श्याम बिहारी साव | 23 | 493 | 782/3 | 0.0009 |
| 24 | 508 | 623 | 0.0025 | मकान | शिवव्रत साह पिता खमुन साह | शिवव्रत साह पिता विशुन साह | 24 | 508 | 623 | 0.0025 |
| 25 | 25 | 629 | 0.1025 | मकान | उर्मिला देवी पति रामेश्वर साहु | रामेश्वर प्रसाद पिता स्व0 धनु साव | 25 | 25 | 629 | मकान |
| 26 | 112 | 632 | 0.0122 | मकान | धनश्याम दास वो श्याम लाल वो कृष्ण मुरारी पिता मनिलाल अग्रवाल | कृष्ण मुरारी अग्रवाल पिता स्व0 मनीलाल अग्रवाल वो प्रदीप कुमार अग्रवाल वो प्रभात कुमार अग्रवाल पिता स्व0 धनश्याम दास अग्रवाल वो आलोक कुमार अग्रवाल वो अमरदीप अग्रवाल वो संजय अग्रवाल पिता स्व0 श्याम लाल अग्रवाल | 26 | 112 | 632 | मकान |
| | 468 | 633 | 0.035 | मकान | रूकमनी देवी पति मनिलाल अग्रवाल | | | 468 | 633 | |
| | 468 | 2 | 0.0396 | मकान | तदैव | | | 468 | 2 | |
| 27 | 240 | 781 | 0.0052 | मकान | पाचो देवी पति रामखेलावन साहु | दिलीप प्रसाद पिता स्व0 श्याम बिहारी प्रसाद | 27 | 240 | 781/1 | मकान |
| 28 | 240 | 781 | 0.0582 | मकान | पाचो देवी पति रामखेलावन साहु | अनुप कुमार पिता स्व0 श्याम बिहारी प्रसाद | 28 | 240 | 781/2 | मकान |
| 29 | 240 | तदैव | तदैव | मकान | पाचो देवी पति रामखेलावन साहु | अमरदीप कुमार पिता स्व0 रामखेलावन साव | 29 | 240 | 781/3 | मकान |
| 30 | 240 | तदैव | तदैव | मकान | पाचो देवी पति रामखेलावन साहु | संतोष साहु पिता स्व0 राम खेलावन साव | 30 | 240 | 781/4 | मकान |
| 31 | 271 | 753 | 0.001 | मकान | बसंत साहु पिता रामलाल साहु | महेन्द्र प्रसाद साहु पिता स्व0 बसंत साहु | 31 | 271 | 753/1 | मकान |
| 32 | 368 | 631 | 0.0537 | मकान | मैना देवी पति गणेश साह | संजय प्रसाद गुप्ता वो रंजीत प्रसाद गुप्ता पिता गणेश प्रसाद | 32 | 368 | 631 | मकान |
| 33 | 407 | 752 | 0.0257 | मकान | राजा राम साह पिता रामलाल साह | मुकेश प्रसाद पिता स्व0 राजा राम साहु | 33 | 407 | 752 | मकान |
| 34 | 410 | 630 | 0.0465 | मकान | राजो देवी पति गाजो साव | राम स्वारथ साहु पिता स्व0 गाजो साव | 34 | 410 | 630/1 | मकान |
| 35 | 410 | 630 | 0.0465 | मकान | राजो देवी पति गाजो साव | अनिल साहु पिता स्व0 गाजो साव | 35 | 410 | 630/2 | मकान |
| 36 | 410 | 630 | 0.0465 | मकान | राजो देवी पति गाजो साव | कुन्दन साहु पिता स्व0 गाजो साव | 36 | 410 | 630/3 | मकान |
| 37 | 426 | 751 | 0.0461 | मकान | रामगुलाम साह पिता बालगोविन्द साह | धनेश प्रसाद पिता स्व0 जलीन्द्र साव | 37 | 426 | 751/1 | मकान |
| 38 | 426 | 751 | 0.0461 | मकान | तदैव | अजय कुमार पिता स्व0 भोला साव उर्फ जगरनाथ साव | 38 | 426 | 751/2 | मकान |
| 39 | 426 | 751 | 0.0461 | मकान | तदैव | अनुराग प्रसाद पिता स्व0 बिन्दु प्रसाद | 39 | 426 | 751/3 | मकान |
| 40 | 452 | 746 | 0.0150 | मकान | रामलखन साह वो रामवृक्ष साह पिता महादेव साह | ओम प्रकाश गुप्ता पिता स्व0 रामवृक्ष साव | 40 | 452 | 746/1 | मकान |
| 41 | 452 | 746 | 0.0150 | मकान | तदैव | ओम प्रकाश गुप्ता वो सुरेश प्रसाद गुप्ता पिता स्व0 रामवृक्ष साव वो रूपेश कुमार गुप्ता पिता स्व0 यमुना प्रसाद गुप्ता | 41 | 452 | 746/2 | मकान |
| 42 | 472 | 745 | 0.005 | मकान | तदैव | राजेन्द्र प्रसाद साहु पिता स्व0 मुरक साहु | 42 | 472 | 745 | मकान |
| 43 | 482 | 624 | 0.0437 | मकान | लालचंद साहु पिता विषुवा साहु | अजय साहु पिता स्व0 गौरी शंकर साहु वो विनय कुमार पिता श्रीराम साहु वो श्यामकरण साहु वो सरस्वती देवी पिता स्व0 लालचंद साहु वो विनोद साहु पिता स्व0 रामकरण साहु वगैरह | 43 | 482 | 624 | मकान |
| 44 | 271 | 753 | 0.001 | मकान | बंसत साहु पिता रामलाल साहु | सुधीर प्रसाद वो विनय प्रसाद पिता स्व0 बसंत साहु | 44 | 271 | 753 | मकान |

ह0/–जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
लातेहार

PR298049 (Land Reforms)23-24*D



## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

**शुद्धि–पत्र**

कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार के ज्ञापांक 1037/ दिनांक 29.04.2023 द्वारा विभिन्न योजनाओं हेतु प्रकाशित निविदा के तहत निविदा आमंत्रण सूचना सं0 UDD/LNP/01/2023-24 के क्रम संख्या में 03 में Tender Fee में अंकित राशि 5000.00 रू0 के स्थान में 1000.00 (एक हजार) रू0 पढ़ा एवं समझा जाय। ज्ञातव्य हो कि संबंधित विज्ञापन का प्रकाशन PR.No. 296273 द्वारा पूर्व में किया गया है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 298043 (Urban Development)23-24*D



## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला।

(उत्पाद शाखा)

–: आवश्यक सूचना :–

जिले में बाजार, हाट, चौक–चौराहों एवं विधालय आदि प्रमुख स्थलों पर अवैध मदिरा की बिक्री आदि की शिकायत आम जनता से प्राप्त करने हेतु सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को 11:00 बजे पूवाहन् से 01:00 बजे अपराहन तक पुराना समाहरणालय के प्रथम तल स्थित कार्यालय अधीक्षक उत्पाद, गुमला में जनता दरबार का आयोजन किया गया है। उक्त निर्धारित अवधि में कोई भी आम जनता अधीक्षक उत्पाद, गुमला के समक्ष अपना आवेदन समर्पित कर सकते है।

ह०/
अधीक्षक उत्पाद, गुमला।

PR 298059 Excise(23-24)D

**'जिस प्रकार एक मजबूत चट्टान हवा से प्रभावित नहीं होती, उसी प्रकार एक बुद्धिमान व्यक्ति अपनी प्रशंसा या आरोपों से विचलित नहीं होता है' – गौतम बुद्ध**



# गोप की गिरफ्तारी

***यह*** सच है कि पिछले डेढ़ दशक में नक्सली हिंसा में कमी आई है, लेकिन कई नए जिले ऐसे भी हैं जिनमें नक्सली गतिविधियां शुरू हो गई हैं। क्या कारण है कि कई प्रयासों के बावजूद अभी तक इस समस्या से पूरी तरह निजात नहीं मिल पाई है? प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) सुप्रीमो दिनेश गोप को शनिवार की देर शाम नेपाल से गिरफ्तार कर लिया गया। पहले उसे नेपाल से दिल्ली लाया गया। उसे कड़ी सुरक्षा के बीच रांची लाया गया है। पुलिस फिलहाल उससे पूछताछ कर रही है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और झारखंड पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता हाथ लगी है। 30 लाख के इनामी दिनेश गोप का कई इलाकों में आतंक था। झारखंड में पांच-सात जिलों में तो दिनेश की जुबान से निकला फरमान अघोषित कानून बन जाता था। खूंटी, सिमडेगा, गुमला जैसे जिलों में पंचायत और जिला परिषद से लेकर विधायक तक के चुनाव का फैसला दिनेश के हुक्म से प्रभावित होता था। जब यह संगठन बंद का ऐलान करता था, तो इन जिलों में जीवन पूरी तरह थम जाता था। गोप को गिरफ्तार करना सुरक्षा बलों के लिए चुनौतीपूर्ण था। पुलिस महकमा के पास उसकी एक अदद प्रामाणिक तस्वीर उपलब्ध नहीं थी। उसकी जिस तस्वीर के साथ झारखंड पुलिस ने 25 लाख और एनआईए ने पांच लाख के इनाम का इश्तेहार जारी किया था, वह भी उसके चेहरे से मेल नहीं खाता। हालांकि पुलिस और एनआईए की लगातार दबिश की वजह से उसने पिछले डेढ़ साल से नेपाल में पनाह ले रखी थी। एनआईए और पुलिस की पूछताछ में टेरर फंडिंग के उसके नेटवर्क, उसके राजनीतिक कनेक्शंस, अवैध निवेश, राजनीतिक-गैर राजनीतिक हत्याओं, अवैध हथियारों के कारोबार सहित कई अन्य मामलों में चौंकाने वाले खुलासे की उम्मीद की जा रही है।

**सच है कि नक्सली हिंसा में कमी आई है, लेकिन सरकारों को कतई नहीं भूलना चाहिये कि नक्सलवाद के मूल कारणों- गरीबी, भुखमरी व बेरोजगारी जैसे मसलों पर युद्ध स्तर पर काम करना होगा।**

दिनेश गोप की गिरफ्तारी को एक बड़े आतंक का अंत कहा जा सकता है और इस पर सरकार भी अपनी पीठ थपथपा सकती है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि ढेर सारी चुनौतियों के बावजूद सरकारों की पहलों से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पहले की तुलना कमी आई है। आंकड़ों पर गौर करें तो, पिछले डेढ़ दशक में नक्सली हिंसा में कमी आई है और कई जिलों को नक्सल गतिविधियों से मुक्त भी कराया गया है, लेकिन गौर करने वाली बात है कि कई नए जिले ऐसे भी हैं जिनमें नक्सली गतिविधियां शुरू हो गई हैं। क्या कारण है कि कई प्रयासों के बावजूद अभी तक इस समस्या से पूरी तरह निजात नहीं मिल पाई है? इसकी बड़ी वजह यह है कि सरकारें शायद इस समस्या के सभी संभावित पहलुओं पर विचार नहीं कर रहीं। हालांकि, सरकार की पहलों से कुछ क्षेत्रों से नक्सली हिंसा का खात्मा जरूर हो गया है, लेकिन इसका संपूर्ण समाधान निकालने के लिए अभी भी लंबा सफर तय करना बाकी है। दरअसल, अपने वर्तमान रूप में नक्सल आंदोलन ने अपनी प्रकृति और उद्देश्य दोनों में महत्त्वपूर्ण रूप से बदलाव किया है। एक तरफ जहां इस समस्या की वजह आर्थिक और सामाजिक विषमता समझी जाती रही है, वहीं दूसरी ओर इसे अब एक राजनीतिक समस्या भी समझा जाने लगा है। ऐसा इसलिये भी कहा जाता है क्योंकि, सरकारें लगातार संविधान की पांचवीं अनुसूची को तरजीह देने से कतराती रही हैं, जिसमें अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण से जुड़े मामले आते हैं। सरकारों को कतई नहीं भूलना चाहिये कि नक्सलवाद के मूल कारणों- गरीबी, भुखमरी और बेरोजगारी जैसे मसलों पर जब तक युद्ध स्तर पर काम नहीं होगा, तब तक इस समस्या से पूरी तरह निजात नहीं मिल सकती। समझना होगा कि संविधान हर व्यक्ति को सम्मान के बुनियादी जरूरतें पाने का हक देता है। लिहाजा, इसकी पहल करना हर सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिये।

# डिजिटल इंडिया का उदय : प्रौद्योगिकी से राष्ट्र का परिवर्तन





राजेश कुमार सिंह

***21वीं*** सदी में सतत आर्थिक विकास तेज गति से तकनीकी प्रगति से प्रेरित है, जिसने हमारे जीने, काम करने और बातचीत करने के तरीके में क्रांति ला दी है। डिजिटलीकरण की दिशा में सरकार ओर से जोर दिये जाने और प्रौद्योगिकी को अपनाये जाने से हाल के वर्षों में भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है। 1.4 बिलियन से अधिक लोगों वाला भारत विश्व स्तर पर इंटरनेट का दूसरा सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है। भारत में 800 मिलियन से अधिक इंटरनेट कनेक्शन हैं और प्रति ग्राहक औसत मासिक डेटा खपत 16 जीबी से अधिक है, जो 2014 के बाद से 266 गुना की चौंकाने वाली वृद्धि है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम और राष्ट्रीय ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क (एनओएफएन) परियोजना जैसी पहलों के साथ हाल के वर्षों में इंटरनेट कनेक्टिविटी और दूरसंचार इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए भारत सरकार के प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं। इन कार्यक्रमों के अलावा, सरकार ने भारत में डेटा केंद्रों के विकास को सुविधाजनक बनाने और एक मजबूत दूरसंचार इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन और राष्ट्रीय डेटा केंद्र नीति भी शुरू की है। इनके परिणामस्वरूप, व्यवसायों और लोगों को तेज इंटरनेट गति, बेहतर नेटवर्क कवरेज और डिजिटल सेवाओं तक बेहतर पहुंच का लाभ मिल सकता है। अपने दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए, भारत ने एक विश्वस्तरीय डिजिटल सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया है। इंडिया स्टैक भारत में आमतौर पर उपयोग किये जाने वाले डिजिटल सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के एक कलेक्शन से जुड़ा है। यह तीन अलग-अलग लेयरः विशिष्ट पहचान (आधार), पूरक भुगतान प्रणाली (एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई), आधार भुगतान ब्रिज, आधार समर्थित भुगतान सेवा) और डेटा एक्सचेंज (डिजिलॉकर और खाता एग्रीगेटर) से बना है। ये सार्वजनिक और निजी सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए ऑनलाइन, पेपरलेस, कैशलेस और गोपनीयता-संरक्षित डिजिटल पहुंच प्रदान करने के लिए मिलकर काम करते हैं। जन धन, आधार और मोबाइल की तिकड़ी यानी जेएएम ट्रिनिटी - भारत के परिवर्तित डिजिटल भुगतान परिदृश्य के केंद्र में एक महत्वपूर्ण संबल है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है। इसे अगस्त 2014 में लॉन्च किया गया था। इसका लक्ष्य बैंकिंग सेवा से वंचित हरेक परिवार को व्यापक तौर पर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है। जन धन खाते, आधार और मोबाइल कनेक्शन इन सभी ने डिजिटल इंडिया की स्थापना में योगदान दिया है। इसके अलावा, अनेक प्लेटफार्मों में ऑनलाइन शिक्षा, ई-मेडिसिन, फिनटेक, बेहतर कृषि पद्धतियां, अंतिम व्यक्ति तक निर्बाध सेवा का वितरण सुनिश्चित करने जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा प्लेटफार्मों का लाभ उठाया गया है। कोविन और डिजिटल सर्टिफिकेट जैसी ऑनलाइन प्रणालियों को आज दुनिया भर में सफलता की कहानियों के रूप में उद्धृत किया जा रहा है। यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूएलआईपी) की डिजिटल क्षमता से उद्योग जगत से जुड़ी हस्तियों को भी जबरदस्त फायदा हुआ है, जिसका उद्देश्य लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी लाना और देश में औसत लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना है। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर भी शुरूआती बाधाओं को दूर करने और व्यापक बाजारों तक पहुंच के लिए अग्रणी है। यह ई-कॉमर्स क्षेत्र में ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के रूप में दिखाई दे रहा है जो एमएसएमई के लिए उभरते अवसरों का लाभ उठाने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। सामान की

**जीपीएस ट्रैकिंग, रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन(आरएफ आईड) और तत्क्षण निगरानी की सुविधा ने लॉजिस्टिक्स ऑपरेशंस को और अधिक पारदर्शी बना दिया है।**

## इन दिनों

तेज और कुशल आवाजाही को सक्षम करने के लिए, सरकार ने देश के लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए अत्यधिक निवेश किया है। जीपीएस ट्रैकिंग, रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन(आरएफआईड) और तत्क्षण निगरानी की सुविधा ने लॉजिस्टिक्स ऑपरेशंस को और अधिक पारदर्शी बना दिया है। पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) मानचित्र पर देश में सभी इंफ्रास्ट्रक्चर एवं लॉजिस्टिक सुविधाओं का एक डिजिटल प्लेटफॉर्म मानचित्रण का विवरण है। इसके अलावा, सरकारी सेवाओं और प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण ने व्यवसायों के लिए नियमों के अनुपालन में लगने वाले समय और पहलों को कम कर दिया है, जिससे निवेशकों के लिए भारत में अपना व्यवसाय स्थापित करना और संचालित करना आसान हो गया है। नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्ल्यूएस) भारत सरकार की एक पहल है, जो व्यापारियों को एक ही पोर्टल के माध्यम से सभी आवश्यक दस्तावेजों और सूचनाओं को इलेक्ट्रॉनिक रूप से जमा करने की अनुमति देकर व्यवसायों के लिए सरकारी अनुमोदन को कारगर बनाने के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करती है, जिससे कई एजेंसियों के लिए भाग-दौड़ करने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है तथा मंजूरी और अनुमोदन प्राप्त करने में लगने वाले समय के साथ-साथ लागत भी कम हो गई है। एक और उदाहरण जो खरीद प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए सरकार के प्रयासों को प्रदर्शित करता है, वह है गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जीईएम), जो एक ऑनलाइन खरीद प्लेटफार्म है जिसे खरीद संबंधी गतिविधियों के लिए खरीदारों और विक्रेताओं के लिए एक समावेशी, कुशल और पारदर्शी, एक निष्पक्ष और प्रतिस्पर्धी प्लेटफार्म बनाने के उद्देश्य से लॉन्च किया गया था। स्टार्टअप इंडिया पहल भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य देश में नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम का निर्माण करना है। माननीय प्रधानमंत्री ने 2016 में स्टार्टअप इंडिया लॉन्च किया था। भारत का फलता-फूलता स्टार्टअप इकोसिस्टम देश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का एक प्रमाण है, जिसने उद्यमियों को वे उपकरण और संसाधन प्रदान किए हैं जिनकी उन्हें पारंपरिक व्यापार मॉडल के स्थान पर नए मॉडल को अपनाने में आवश्यकता है। पिछले पांच वर्षों में, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा मान्यताप्राप्त 92,683 से अधिक स्टार्टअप के साथ, भारत का स्टार्टअप परिदृश्य दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा हो गया है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग ने बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के लिए एक समर्पित पोर्टल भी स्थापित किया है और पेटेंट आवेदन प्रक्रिया को कारगर बनाने के उपाय किए हैं। उपभोक्ताओं और पर्यावरण की बदलती जरूरतों के साथ आर्थिक प्रक्रियाएं लगातार विकसित हो रही हैं। निकट भविष्य में, उभरती भविष्य की प्रौद्योगिकियां लगभग सभी आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों का एक अनिवार्य तत्व होंगी। हमारे सामने चुनौती इन प्रक्रियाओं को और अधिक समावेशी और मानवीय बनाने की है, ताकि सामान्य व्यक्ति तक उनका लाभ पहुंच सके। भारत का डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के प्रयास में जुटा है, क्योंकि इसका उद्देश्य व्यवसायों और नागरिकों दोनों को लाभान्वित करने के लिए एक समावेशी और लोकतांत्रिक परिदृश्य को बढ़ावा देना है।

**(सचिव, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय)**

## बोधि वृक्ष

### *आइए सुनें भगवान मुरुगन की कथा*

***इसके*** लिए दोनों के सामने यह शर्त रखी गई कि जो भी सम्पूर्ण ब्रह्मांड की परिक्रमा पहले कर लेगा, उसे यह फल प्राप्त होगा। इसके बाद मुरुगन(कार्तिकेय) अपने वाहन मोर पर सवार होकर पूरी सृष्टि की परिक्रमा करने लेकिन भगवान गणेश ने अपने माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कहा कि उनके लिए उनके माता-पिता ही ब्रह्मांड के समान हैं। तब भगवान शिव ने प्रसन्न होकर वह ज्ञानफल भगवान गणेश को दे दिया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो नाराज हो गए कि उनकी परिक्रमा व्यर्थ हो गई। इसके बाद कार्तिकेय स्वामी ने कैलाश पर्वत छोड़ दिया और पलनि के शिवगिरि पर्वत पर निवास करने लगे। यहां ब्रह्मचारी मुरुगन स्वामी बाल रूप में विराजमान हैं। कहते हैं कि कार्तिकेय साधु वेश में यहां तपस्या करने लगे। बाद में शिव-पार्वती खुद कार्तिकेय को आशीर्वाद देने पलनी आये पर्वत की ऊंचाई 160 मीटर है। इस मंदिर का निर्माण 5वीं-6वीं शताब्दी के दौरान चेर वंश के शासक चेरामन पेरुमल ने कराया।

**तिरुचेंदूर मुरुगन मंदिर** : भगवान मुरुगन के 6 पवित्र मंदिरों में से एक है। यह मंदिर भगवान मुरुगन और उनकी दो पत्नियों, वल्ली तथा दीवानाय को समर्पित है। हिंदु धर्मशास्त्रों के अनुसार इस मंदिर का अस्तित्व वैदिक काल से है। इस मंदिर में एक विशाल नौ त्रिस्तरीय गोपुरम अथवा मुख्य प्रवेशद्वार है। सेंथिलावंदर के रूप में भगवान मुरुगन का मुख पूर्व की ओर है, हालांकि, इस मंदिर का प्रवेशद्वार दक्षिणमुखी है। इस मंदिर की विशेषता यह है कि केवल यही मुरुगन मंदिर समुद्र के किनारे पर स्थित है जबकि बाकी सभी मुरुगन मंदिर भारत में पहाड़ियों की चोटी और जंगलों में स्थित है। यह हिंद महासागर पर तूतीकोरिन जिले में स्थित है।

**कुमुरन कुंदन** : इस मंदिर की संरचना ही एक पहाड़ी पर हुई है। इसकी हर मंजिल पर बहुत सारी मूर्तियां हैं, जो अच्छी तरह से सजाई गयी हैं।

*(क्रमशः)*

# ताबूत बने मिग 21 लड़ाकू विमान!



रमेश सर्राफ धमोरा

***भारतीय*** वायुसेना ने अपने लड़ाकू विमान मिग-21 के पूरे बेड़े की उड़ान पर अस्थाई तौर पर रोक लगा दी है। लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए ऐसा फैसला लिया गया है। राजस्थान में सूरतगढ़ के पास आठ मई को एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एक मिग-21 एयरक्राफ्ट क्रैश होकर आबादी क्षेत्र के मकानों पर गिर गया था। उस हादसे में तीन महिलाओं की जान चली गई थी। वायुसेना ने इनकी उड़ान को तब तक के लिए रोक दिया है जब तक कि इस हादसे की जांच पूरी नहीं हो जाती। अब तो लोग इन्हें मौत के उड़ते ताबूत तक कहने लगे हैं। कुछ लोग इनको फ्लाइंग कॉफिन और विडो मेकर पुकारने लगे हैं। इनको स्थायी रूप से सेना से बाहर करने की मांग होती रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इंडियन एयरफोर्स के 400 से ज्यादा मिग-21 विमान पिछले 60 साल में दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। इनमें 200 से अधिक पायलटों और 63 नागरिकों की जान जा चुकी है। अभी वायुसेना के पास मिग-21 बाइसन की तीन स्क्वाड्रन हैं। इन्हे 2025 की शुरूआत में चरणबद्ध तरीके से वायुसेना से हटाया जायेगा। मिग-21 को 1960 के दशक में भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। एक जमाने में ये दुनिया के सबसे ताकतवर फाइटर प्लेन में शामिल था। इसकी तेज रफ्तार और मारक क्षमता के आगे अमेरिका जैसे देश भी डरते थे। ये इकलौता ऐसा फाइटर प्लेन है जिसे दुनियाभर के 60 से ज्यादा देशों में इस्तेमाल किया गया है। मिग-21 विमानन इतिहास का पहला सुपरसोनिक जेट विमान है। सत्तर के दशक में यह दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाला फाइटर प्लेन था। मिग-21 वही फाइटर प्लेन है जिससे भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन ने पाकिस्तान के लड़ाकू विमान एफ-16 को मार गिराया था। हालांकि उनका मिग 21 क्रैश हो गया था। इसके अलावा पाकिस्तान के साथ हुए 1971 और 1999 के कारगिल युद्ध में भी मिग-21 ने अहम भूमिका निभाई है। मिग-21 बाइसन फाइटर जेट अब केवल इंटरसेप्टर के रूप में उपयोग किए जा रहे हैं। इनका उपयोग लड़ाकू जेट के रूप में सीमित भूमिका के साथ ज्यादातर प्रशिक्षण अभ्यास के लिए किया जाता है। ये विमान एयरक्राफ्ट शॉर्ट रेंज और मीडियम रेंज एयरक्राफ्ट मिसाइलों से हमला करने में सक्षम है। इस लड़ाकू विमान की स्पीड 2229 किलोमीटर प्रति घंटा की है। मिग 21 लडाकू विमान को बनाने वाली सोवियत वायुसेना ने इसे 1985 में ही अपनी वायुसेना से हटा दिया था। 1985 के बाद बांग्लादेश और अफगानिस्तान ने भी इसे सेवा से हटा दिया था। भारत में भी 1990 के दशक के मध्य में इनकी सेवानिवृत्ति की अवधि पूरी हो गई थी। इसके बावजूद इनका उन्नयन किया जाता रहा है। अक्टूबर 2014 में तत्कालीन वायुसेना प्रमुख ने कहा था कि पुराने विमानों को सेवा से हटाने में देरी से भारत की सुरक्षा को खतरा है, क्योंकि वायुसेना बेड़े के कुछ विमान बहुत पुराने हो गए हैं। नए लड़ाकू विमानों को शामिल करने में देरी के कारण भारतीय वायुसेना को मिग 21 विमानों को लंबे समय तक सेवा में रखना पड़ा। देरी का मुख्य कारण वायुसेना को

**राजस्थान में सूरतगढ़ के पास 8 मई को एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एक मिग-21 एयरक्राफ्ट क्रैश होकर आबादी क्षेत्र के मकानों पर गिर गया था।**


## राजनीति

भारत के आसमान की रक्षा के लिए एक निश्चित संख्या में स्क्वाड्रन ताकत बनाये रखने की कमी का सामना करना पड़ रहा है। स्वदेशी तेजस कार्यक्रम में देरी, राफेल सौदे को लेकर राजनीतिक विवाद और धीमी गति वाली खरीद प्रक्रिया के कारण ही मिग 21 को सामान्य से अधिक समय तक सेवा में रखना पड़ रहा है। जुलाई 2022 में भारतीय वायुसेना ने शेष सभी मिग -21 लड़ाकू स्क्वाड्रन को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए तीन साल की कार्य योजना तैयार की थी।

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# गीता परिपूर्ण व्यवस्थित दर्शन



हृदय नारायण दीक्षित

***आनंद*** का उपकरण ज्ञान है। ज्ञान वस्तु या पदार्थ नहीं है। इसका कोई रूप आकार भी नहीं है। ज्ञान से ही प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष को देखा जाना संभव है। ज्ञान देखा नहीं जा सकता। ज्ञान दिखाई पड़ता है। ज्ञान प्राप्ति पर सबका अधिकार है लेकिन पूर्व मीमांसा दर्शन के व्याख्याता आचार्य जैमिनि मधुविद्या प्राप्ति का अधिकार देवताओं को नहीं देते। ब्रह्मसूत्र (1.3.31) में इसका उल्लेख है। छान्दोग्य उपनिषद् के तीसरे अध्याय में पहले खंड से 11वे खंड तक मधुविद्या की चर्चा है। यहां सूर्य को देवों का मधु कहा गया है। साधन और परिश्रम से प्राप्त होने वाली वस्तु देवों को सहज उपलब्ध होती है। इसलिए देवताओं के लिए मधुविद्या अनावश्यक है। जैमिनि एक और तर्क भी देते हैं- 'देवता ज्योतिर्मय लोकों में रहते है। इन प्रकाशमान लोकों में सब कुछ सहज प्राप्त है। श्रेष्ठ लोकों की प्राप्ति के लिए उन्हें कर्म करने की जरूरत नहीं।' (1.3.32) गीता प्रेस गोरखपुर से प्रकाशित वेदान्त दर्शन (ब्रह्मसूत्र) के उक्त सूत्र के अनुवाद में कहा गया है- 'जिस प्रकार वेद विहित अन्य विद्याओं में देवों का अधिकार नहीं है, उसी प्रकार ब्रह्म विद्या में भी नहीं है।' मधुविद्या ब्रह्म विद्या है। जैमिनि के मत में देवों को ब्रह्म विद्या का अधिकार नहीं है। लेकिन बादरायण का मत भिन्न है। कहते हैं- 'पूर्व पक्ष का मत शब्द प्रमाण से रहित होने के कारण मान्य नहीं हैं। यज्ञादि कर्म व ब्रह्म विद्या में देवताओ का भी अधिकार है। वेद में उनका अधिकार सूचित करने वाले अनेक वचन हैं।' उन्होंने तैत्तिरीय ब्राह्मण (2.1.2.8) से उद्धरण दिये हैं- 'प्रजापति ने इच्छा की कि मै उत्पन्न होऊं, जन्म लूं। उन्होंने अग्निहोत्र रूप मिथुन पर दृष्टिपात किया। सूर्योदय होने पर उसका हवन किया। देवताओं ने यज्ञ का अनुष्ठान किया। इन कथनों से देवताओं का कर्म अधिकार सूचित होता है।' यहां कर्मकांड में देवों के अधिकार की बात है। आगे ब्रह्म विद्या के अधिकार वाले कथन भी हैं। वृहदारण्यक उपनिषद् (1.4.10) में कहते हैं-'तद यो देवानां प्रत्यवुद्धत स एव तद्भवत' मतलब जिन देवताओं ने ब्रह्म जाना, वह ब्रह्म हो गया। बड़ी बात है कि ब्रह्मसूत्र के रचनाकाल में देवों के अधिकार पर भी बहस थी। देव प्रत्यक्ष नहीं है लेकिन ब्रह्म विद्या के अधिकार शोध के विषय थे। ऋषि ने संभवतः श्रेष्ठ मनुष्यों को देव कहा है। मनुष्य शरीरी होते हैं। उनका रूप आकार होता है। यज्ञ करते हैं। वे परिश्रमपूर्वक ज्ञान प्राप्त करते हैं। देवता शरीर रहित हैं, वे मनुष्य की तरह कर्म नहीं कर सकते। इसलिए जैमिनी ने उन्हे कर्म व ब्रह्मविद्या से पृथक माना है। पुरोहितों के एक वर्ग द्वारा शूद्र वर्ण को विद्याधिकारी नहीं माना जाता था। देवों के लिए ब्रह्म विद्या व कर्म के अधिकार पर विमर्श चल रहे थे। प्रश्न है कि शूद्र के लिए सूत्रकार का अभिमत क्या था? क्या सभी मनुष्यों को ब्रह्मविद्या प्राप्त करने का अधिकार था? वैदिककाल में वर्ण विभाजन नहीं था। उत्तर वैदिककाल में वर्ण व्यवस्था का विकास हो रहा था। ब्रह्म सूत्र (1.3.34) में छान्दोग्य उपनिषद की एक कथा का संक्षिप्त उल्लेख है- 'आकाश मार्ग से उड़ते हंसों ने राजा जानश्रुति के यश कर्म को गाड़ीवान रैक्व से कमतर बताया। वह शोक से व्याकुल रैक्व के पास ज्ञान लेने के लिए दौड़ते पहुंचा। धन संपदा भी ले गया था। रैक्व ने उसे शूद्र कहा। इसकी व्याख्या में कहते हैं कि 'वह शोक से व्याकुल होकर दौड़ा आया था इसलिए उसे शूद्र कहा।' व्याख्याकार ने पाद टिप्पणी में लिखा है- 'शुचम आद्रवति इति शूद्रः - जो शोक के पीछे दौड़ता है वह शूद्र है।' शूद्र शब्द आहतकारी है। कभी वर्णव्यवस्था का एक वर्ग रहा होगा।

**साधन व परिश्रम से प्राप्त होने वाली वस्तु देवों को सहज उपलब्ध होती है। इसलिए देवताओं के लिए मधुविद्या अनावश्यक है। जैमिनि एक और तर्क भी देते हैं- 'देवता ज्योतिर्मय लोकों में रहते है।**

## देश-दुनिया

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# टोलियों में घर-घर पहुंचेगी भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**



भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यसमिति की एक अहम बैठक मंगलवार को स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद ने की। इसका संचालन मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने किया।

बैठक में प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्धारित आगामी कार्यक्रम पर चर्चा की गई। कहा गया कि मंडल कमेटी द्वारा महा जनसंपर्क अभियान के लिए कार्य विभाजन कर लिया गया है। वरिष्ठ व प्रभावशाली व्यक्तियों की एक टोली बनाई गई है तथा बूथ स्तर पर टोली बनाकर प्रभारी नियुक्त किया गया है। महिलाओं की टोली एवं संयुक्त मोर्चा की टोली भी बनाई गई है। पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष मोर्चा अध्यक्ष, महामंत्री व सभी पदाधिकारी मिलकर बूथ स्तर पर घर-घर जाकर मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी देने का कार्य करेंगे। मौके पर मंडल महामंत्री शिवकेश्वर यादव, मंडल मंत्री हीरामणि देवी, सोसल मीडिया प्रभारी कृष्णा कुमार, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रिकी वर्मा, महामंत्री दुर्गा ठाकुर, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सूर्यनारायण साहू, महामंत्री वीरेंद्र प्रसाद, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील मुंडा, किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष आशीष लाल, पंचायत अध्यक्ष रामकिशुन गंझु, राजन भगत, शंकर मुंडा, मनोज पाठक, मुरारी लाल साहू, रवींद्र साहू, जमुना चौधरी, राजू भुईया, सर्कीदर भुइंया, राजेंद्र यादव, बंधन मिस्त्री समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राज्यस्तर की टीम ने किया योजनाओं का स्थल निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर(चतरा)**



मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत दुवारी पंचायत में मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं का स्थल जांच राज्यस्तरीय टीम ने किया। टीम के सदस्यों ने मुख्य रूप से आम बागवानी व दीदी बाड़ी योजनओं का निरीक्षण किया। इसके अलावे कुछ जगहों पर बने डोभा का भी अवलोकन किया। योजनाओं के निरीक्षण के दौरान प्रखंड कर्मियों को कई दिशा निर्देश दिया गया। आम के पौधों के रख रखाव व उसके देखभाल की जानकारी देने के साथ सदस्यों ने योजनाओ की जमीनी हकीकत जानी और उनकी तस्वीर कैमरे में कैद की। जांच टीम में प्लांनिग सेल के राज्य समन्वयक राजीव कुमार रंजन, दीपक कुमार मुख्य रूप से शामिल थे। स्थल जांच के दौरान मुखिया जगदीश यादव, बीपीओ अजय कुमार सिन्हा, ऐई मनोज कुमार, जेई सचिन दत्त शर्मा समेत रोजगार सेवक व लाभुक मौजूद थे।

# जनसेवकों को जिप सदस्यों का समर्थन

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**



जिले में जनसेवक अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर 9 मई से हड़ताल पर हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगों को सरकार पूरा नहीं करेगी उनका आंदोलन जारी रहेगा। वहीं 23 मई को बरवाडीह के जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, लातेहार के जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव व सरयू प्रखंड के जिला परिषद सदस्य बुधेश्वर उरांव समाहरणालय परिसर स्थित धरना स्थल पहुंचे।

उन्होंने जनसेवकों की हड़ताल का समर्थन किया. उन्होंने कहा कि जनसेवकों से सभी तरह के काम लिये जाते हैं, बावजूद इसके उनके हितों की अनदेखी की जा रही है। जिला परिषद सदस्यों ने जनसेवकों की मांगों को सही ठहराते हुए उसे पूरा करने की मांग सरकार से की। मौके पर धरना में प्रकाश कुमार, सुजाता कुमारी, रीना कुमारी, स्नेह लता टोप्पो, अनिता कुमारी, संकेत सत्यम, संजय मिंज, प्रभात भगत, साकेत कुमार, देवलाल राम, अरविंद रोशन गृद्धा, चंदन कुमार, राहुल रंजन, रामसागर राम, संतोष उरांव, अरविंद रवि, समीन सुमन, अंकित एक्का, नारायण भोक्ता, सूरज कुमार, राकेश रौशन कुजूर, समीर सुमन, सर्वेश सिंह, सत्येंद्र उरांव, अर्पण तिग्गा, उमेश कुजूर, विल्सन लकड़ा, श्याम सागर पांडेय, राजेश, सूर्य प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## NEWS इन ब्रीफ

### विभिन्न कांडों के आठ अभिुक्त गिरफ्तार

**टंडवा (चतरा)।** मंगलवार को टंडवा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से पुलिस ने छापेमारी कर फरार आठ अभ्युिक्तों को गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया। वांछित अभियुक्त मंडेर निवासी बिलेन्द्र उरांव पिता स्व. बंशी उरांव को गिरफ्तार किया गया। वहीं पदुमपुर के 55 वर्षीय प्रभु राणा पिता मांगो राणा व राजेश राणा पिता बासुदेव राणा, तेसरचापा के रामदेव भुईयां, 50 वर्षीय हुलास महतो पिता सीटा महतो एवं उसके बेटे त्रिभुवन महतो पिता हुलास महतो, कसियाडीह के 50 वर्षीय बिजय ठाकुर पिता कैला ठाकुर तथा बुकरु (अवधपुर) के राजेंद्र साव पिता सुरेश साव को गिरफ्तार किया गया। इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने बताया कि अभियान में इंस्पेक्टर श्री सिंह के साथ एसआई भोलानाथ दास, अभिनव आनंद, रोहित यादव, अशोक कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### चार फरार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**कुंदा(चतरा)।** मंगलवार को लंबे समय से फरार चल रहे कुंदा थाना क्षेत्र के चार अभियुक्तों को पुलिस ने अभियान चलाकर गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेजा दिया। पुलिस ने थाना क्षेत्र के कारू गंझू, रामुतार गंझू, नारायण भारती सभी टिकैतबांध गांव निवासी व अवधेश कुमार यादव बधौता निवासी को गिरफ्तार किया। चारों के विरुद्ध न्यायलय ने स्थायी वारंट जारी किया था, जिससे लेकर कार्रवाई की गई।

### नेतरहाट में फुटबॉल लीग का होगा आयोजन

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना अन्तर्गत नेतरहाट खेल स्टेडियम में सामुदायिक पुलिसंग के तहत डायन कुप्रथा, मानव तस्करी, व सड़क सुरक्षा के जागरूकता को लेकर फुटबॉल लीग मैच का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन महुआडांड़ डीएसपी राजेश कुजूर व थाना प्रभारी बंधन भगत द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में नेतरहाट थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के टीम भाग लिये है जिसका फाइनल मैच 27 मई को होगा।

## मैट्रिक व इंटर जैक का परीक्षा परिणाम घोषित

# हेरगंज के सुमित कुमार ने 452 नंबर लाकर किया टॉप

**नवीन मेल संवाददाता। हेरहंज**

मैट्रिक व इंटर जैक का परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद प्रखंड क्षेत्र में मैट्रिक में प्लस टू उच्च विद्यालय हेरहंज के छात्र सुमित कुमार ने 452 अंक 90.40 प्रतिशत लाकर प्रखंड टॉपर किया है। वहीं द्वितीय स्थान पर रिंकू कुमार 443 अंक 88.60 तृतीय स्थान में कोमल कुमारी व सागर कुमार 442 अंक 88.40 प्रतिशत लाकर टॉपर किया है.झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में प्रथम स्थान में कविता कुमारी 441 अंक 88.20 प्रतिशत द्वितीय स्थान सोनी कुमारी 413 अंक 82.60 प्रतिशत तृतीय स्थान में मधुबाला कुमारी 371 अंक 74.20 प्रतिशत लाकर विद्यालय टॉपर किया है.उत्क्रमित उच्च विद्यालय केडू में फुलकेश सिंह 315 अंक 63 प्रतिशत मनीषा कुमारी 306 अंक 61.20 प्रतिशत आजम अंसारी 305 अंक 61 प्रतिशत लाकर विद्यालय टॉपर किया है.उत्क्रमित उच्च विद्यालय चिरु में प्रथम स्थान पूजा कुमारी 381 अंक 76.20 प्रतिशत द्वितीय स्थान तहजिम खातून व शिवानी कुमारी 364 अंक 72.80 प्रतिशत व तृतीय स्थान में मो नाजिश अंसारी 357 अंक 71.40 प्रतिशत लाकर टॉपर किया है। इंटर साइंस में प्रथम स्थान में अभिजीत कुमार यादव 376अंक 75.40 प्रतिशत द्वितीय स्थान में आयुष कुमार 362 अंक 72.40 प्रतिशत तृतीय स्थान में प्रियांशु कुमार 356 अंक 71.20 प्रतिशत लाकर विद्यालय टॉपर किया है।









## सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

**लातेहार।** वार्षिक सत्र 2022-2023 में सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार से मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में कुल 118 परीक्षार्थी शामिल हुए जिसमें सभी 118 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। प्रतीक कमल को 476, निखिल कुमार को 475, रेशमी कुमारी को 472, आयुष अग्रवाल को 472, शिवानी सहाय को 470, सुमित कुमार को 469, हिमांशु को 468, साक्षी कुमारी को 467, सनाया प्रवीण को 465, विद्या कुमारी को 465, पूजा कुमारी को 464, शुभ स्वरूप को 464, दीपक गुप्ता को 464, और संस्कार 463 नंबर प्राप्त हुए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर, सचिव नरेंद्र कुमार पांडे, सहसचिव प्रीति भारती, कोषाध्यक्ष ज्योति चौधरी, उपाध्यक्ष राजीव रंजन पांडे, अभिभावक प्रतिनिधि उदय भानु प्रताप सिंह, पलामू विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल, समिति के सभी सदस्य गण दिनेश कुमार महलका, विनीत मधुकर, डॉ. चंदन सिंह, मनीष कुमार सभी ने प्रशंसा व्यक्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि इस अच्छे परिणाम के हकदार मेहनत करने वाले भैया/ बहनों के साथ अच्छे मार्गदर्शन देने वाले पूरे आचार्य परिवार हैं, जिन्हें मैं व्यक्तिगत तौर पर धन्यवाद देता हूं। साथ ही सभी भैया बहनों को शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

## वन कर्मियों पर हमला करने वाले 6 गिरफ्तार

**चतरा।** हंटरगंज वन क्षेत्र अंतर्गत जोरी बंडाटाड जंगल में आग बुझाने के दौरान वनकर्मियों पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। जिसमें एक दर्जन वनकर्मी घायल हो गए हैं। सभी घायल कर्मियों का इलाज हंटरगंज अस्पताल में चल रहा है। वहीं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हमले में शामिल 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार वन कर्मी जंगल में लगी आग को बुझा रहे थे। इस दौरान कुछ ग्रामीण लकड़ी लेकर आ रहे थे, तो वनकर्मियों ने ग्रामीणों को सहयोग करने की बात कही। उसके बाद सहयोग नहीं कर ग्रामीणों को लगा कि वन विभाग कार्रवाई कर रही है और गांव पहुंचकर इसकी सूचना अन्य लोगों को दी गई। इसके बाद ग्रामीण जहां वनकर्मी आग बुझा रहे थे, वहां पहुंचकर आग बुझाने में लगे वनकर्मियों पर हमला कर दिया। वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्य भूषण कुमार ने बताया कि संबंधितों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

**फरार अभियुक्त भेजा गया जेल : गिद्धौर।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के दुआरी पंचायत अंतर्गत इंदिरा गांव निवासी सहदेव यादव के पुत्र जयपाल यादव को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जयपाल यादव पर सरकारी काम में बाधा पहुंचाने को लेकर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसमें फरार चल रहा था और न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

# कट्टा व गोली सहित युवक गिरफ्तार, बाइक बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर प्रतापपुर थाना क्षेत्र से तालिब खान पिता जुबैर खाना को अवैध देशी कट्टा, गोली व एक चोरी की मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक प्रतापपुर थाना क्षेत्र के गजवा का रहने वाला है। वहीं एसडीपीओ अविनाश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार युवक ने पुलिस के समक्ष 04 मई को हुए लूट कांड एवं अन्य घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है। एसडीपीओ ने आगे बताया है कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम गजवा में एक व्यक्ति अवैध कट्टा लेकर मोटरसाईकिल से घुम रहा है, जो कोई अप्रिय घटना कर सकता है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए इंस्पेक्टर लव कुमार प्रतापपुर थाना के नेतृत्व में एक छापामारी टीम गठीत किया गया। गठीत टीम के द्वारा गजवा चातर नर्सरी के पास वाहन चेकिंग के दौरान तालिब खान पिता जुबैर खाना साकिन को अवैध देशी कट्टा, गोली तथा एक चोरी के मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार युवक ने पूछताछ करने में 04 मई को हुए लूट कांड एवं अन्य घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की। इस संदर्भ मे कांड दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की गई। पुलिस ने एक गलैमर मोटरसाईकिल जेएच 01डी 4959, एक 315 बोर का देशी कट्टा, एक 315 बोर का जिन्दा कारतुस, एक 315 बोर का खोखा, एक स्पार्क कंपनी का स्क्रीन टच मोबाईल तथा अभियुक्त का आधार एंव पैन कार्ड की छायाप्रति जप्त की है।

# बालूमाथ में चिकित्सालय व स्टोर का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**



प्रखंड के मुरपा मोड के समीप मां आयुर्वेद चिकित्सालय व स्टोर का उद्घाटन बालूमाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, भजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, मरंगलोइयां मुखिया सोनमणि कुमारी, संचालक कामेश्वर वर्मा व डॉ. सुरेंद्र व्यास भारती ने संयुक्त रूप किया। स्टोर के मालिक कामेश्वर वर्मा ने बताया कि यहां पर आयुर्वेद की पद्धति एवं मशीन से जांच कर गंभीर रोगों का इलाज किया जाएगा। मौके पर केव कंपनी के चीफ गेस्ट डॉ. सुरेंद्र व्यास भारती ने स्टोर में उपलब्ध महत्वपूर्ण प्रोडक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर भुनेश्वर पांडे, नरेश भगत, मनिका कुमारी, प्रदीप कुमार, बिनोद पासवान, कमलदेओ भगत, रमेश कुमार, शिवदयाल कुमार, दिलीप भगत, शोभनाथ भगत, सुरेश प्रसाद, लक्ष्मीकांत महतो, जफिक अंसारी, जुगनू समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## 30 दोपहिया वाहनों के चालान काटे गए

**बरवाडीह।** सुरक्षित यात्रा को लेकर चलाई जा रही विशेष मुहिम के तहत बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। प्रखंड के विवेकानंद चौक पर 30 दोपहिया वाहनों मालिकों के बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चलाते हुए चालान काटे गए। इस दौरान वाहन चालकों से सुरक्षा मापदंड का पालन करते हुए बिना हेलमेट की बाइक नहीं चलाने की अपील की गई। वहीं चार पहिया वाहन मालिकों से सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाने की हिदायत दी गई। थाना प्रभारी ने कहा कि नियमित चेकिंग किए जाने के बावजूद बिना हेलमेट के बाइक चलाना लोगों के शौक में शामिल होता जा रहा है।

# पत्रकारों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**



ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार लातेहार इकाई के पत्रकारों ने सीएम हेमंत सोरेन के नाम ज्ञापन उपायुक्त भोर सिंह यादव को सौंपा है।

इस बाबत लातेहार जिला अध्यक्ष रोशन कुमार गुप्ता ने बताया कि धनबाद में घायल पत्रकार प्रवीर महतो के बेहतर इलाज, पत्रकार सम्मान सुरक्षा योजना, डीपीआरओ के माध्यम से फर्जी पत्रकारों तथा चैनल की जांच, पत्रकार आयोग का गठन, एक्रीडेशन की सुविधा, पत्रकार सुरक्षा कानून समेत पत्रकारों के हितार्थ अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम लातेहार उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में पत्रकारिता करना काफी जोखिम भरा कार्य है। ऐसे में अगर प्रशासन मदद नहीं करे तो पत्रकार की सुरक्षा कौन करेगा? आए दिन सच्चाई सामने लाने पर पत्रकारों को डराया धमकाया जाता है। ऐसे में पत्रकारों के हितार्थ सरकार को चिंतन करना चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान पत्रकार अजय सिन्हा, दीपक मिश्रा, अमित पांडे, रामकुमार वीरेंद्र प्रसाद, नीरज सिन्हा, पंकज गुप्ता, नितेश विक्रम, समेत अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## कामगार यूनियन का महाजुटान आज

**बालूमाथ।** टोरी-शिवपुर रेल लाइन अंतर्गत आने वाले सभी कोल साइडिंग में कोयला लोडिंग मशीन के बजाय मैनुअल कराये जाने समेत आठ सूत्री मांग को लेकर झारखंड जेनरल कामगार यूनियन का एक दिवसीय महाजुटान आज 24 मई को बालूमाथ के जोगियाडीह मैदान में आयोजित की गई है। इसमें बतौर मुख्य अतिथि छात्र नेता जयराम उर्फ टाइगर महतो तथा विशिष्ट अतिथि विकास महतो मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी यूनियन के जिला अध्यक्ष प्रदीप गंझू ने दी है। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप गंझु ने इन बिंदुओं पर महाजुटान में विस्तृत रूप से चर्चा किये जाने की बात कही है।

## प्रक्रिया | विवेका नंद प्लस 2 स्कूल को मिलीं गणित की शिक्षिका

# चतरा में तीन टीचरों ने दिया योगदान

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**



मंगलवार को मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वामी विवेका नंद प्लस 2 विद्यालय में गणित, भौतिकी (टीजीटी) विषय की शिक्षिका दीपिका कुमारी ने योगदान दी। शिक्षिका ने प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह के समक्ष अपना योगदान दिया। ज्ञात हो कि विद्यालय में कक्षा एक से बारहवीं तक में एक भी शिक्षक गणित विषय के नहीं रहने से छात्रों को काफी परेशानी उठानी पड रही थी। ज्ञात हो कि गणित विषय की पढाई विद्यालय में नहीं होने से छात्रों को नीजी कोचिंग सेंटरों व शिक्षकों के पास ट्युशन करना पडता था। जिससे अभिभावकों को आर्थिक भोझ सहन करना पड़ रहा था। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक श्री सिंह द्वारा वर्षों से शिक्षक कमी की मांग विभाग के वरीय अधिकारियों से की जा रही थी। आखिरकार श्री सिंह की मेहनत रंग लाई और विद्यालय में गणित व भौतिकी विषय की शिक्षिका की नियुक्ती की गई। अब विद्यालय में अधनरत छात्रों को नीजी कोचिंग व शिक्षकों के पास नहीं जाना पड़ेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह मुख्य रुप से उपस्थित थे।

## एसएस प्लस टू प्रतापपुर को मिले 2 शिक्षक



**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में मंगलवार को दो नवपदस्थापित शिक्षकों ने योगदान दिया। भूगोल विषय के लिए धरेश शर्मा और इतिहास एवं नागरिक शास्त्र के लिए अंसेलेम भेंगरा नए विद्यालय में आकर कार्यालय प्रभारी पंकज कुमार के समक्ष अपना योगदान दिया। ज्ञात हो कि विद्यालय में लगभग 1500 विद्यार्थी नामांकित हैं। पूर्व में टीजीटी और पीजीटी मिलाकर 10 शिक्षक कार्यरत थे। जिसमें से 4 शिक्षकों का स्थानांतरण इसी माह अन्यत्र विद्यालयों में हो जाने से शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की शिक्षा प्रभावीत हो रही थी। इसी बीच झारखंड सरकार के द्वारा टीजीटी शिक्षकों की नियुक्ति हुई और राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय प्रतापपुर को दो टीजीटी शिक्षक प्राप्त हुए। अभी भी इस विद्यालय में 12 विषय के पद रिक्त है। अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं ने शेष विषय अतिरिक्त शिक्षकों के नियुक्ति एवं पदस्थापन किए जाने की मांग सरकार से की है।

## युवक की बिजुपाड़ा में सड़क दुर्घटना में मौत

**बालूमाथ।** रांची जिला के चान्हो प्रखंड अंतर्गत बिजुपाड़ा में मंगलवार दोपहर हुई भीषण सड़क दुर्घटना में घायल हुए बालूमाथ रहमत नगर निवासी जुबैर कुरैशी के पुत्र छोटू कुरैशी की मौत इलाज के लिए रांची ले जाने के क्रम में हो गई। छोटू कुरैशी अपनी निजी कार से दोपहर बालूमाथ से रांची जाने के लिए निकला था। रांची जिला के चानहो प्रखंड अंतर्गत बिजुपाड़ा में कार बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। छोटू कुरैशी इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से गंभीर रूप से घायल छोटू कुरैशी को कार से बाहर निकाला गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्क ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आनन-फानन में मृतक के पिता व परिजन रांची के लिए निकले थे। रास्ते में ही छोटू कुरैशी की मौत की सूचना मिली। रहमत नगर स्थित घर पर लोगों का तांता लग गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अपने वाहन से घायल किए युवक का जिप सदस्य ने नहीं कराया उपचार

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका (लातेहार)**



जिला के मनिका प्रखंड स्थित लैंपस के पास बीते दिन बुधवार को मनिका पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो से धक्का लगने से नितेश कुमार यादव (17) पिता कमलेश यादव घर भदई बथान गंभीर रूप से घायल हो गया था। दुर्घटना के बाद वाहन में सवार मनिका पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य व मनिका विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी बलवंत सिंह, सागर यादव एवं मुरारी ठाकुर घटनास्थल से फरार हो गए थे। दुर्घटना में घायल हुए युवक को काफी गंभीर चोट लगी थी जिसका इलाज मनिका अस्पताल में करने के बाद उसे मेदिनीनगर अस्पताल रेफर किया गया था जहां से उसे रांची रेफर कर दिया गया। इस विषय में जानकारी देते हुए उसके भाई रंजय यादव ने बताया कि रांची जाने के क्रम में उसने मनिका थाना में एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया था लेकिन इतनी बड़ी दुर्घटना होने के बाद भी बलवंत सिंह के ऊपर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। यहां तक कि दुर्घटना के बाद वाहन को थाना भी नहीं लेकर जाया गया। गांव के लोगों एवं थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह के सामने जिप सदस्य बलवंत सिंह ने कहा था कि घायल युवक के इलाज का सारा खर्चा मैं उठाऊंगा लेकिन बलवंत सिंह इलाज का कोई खर्चा नहीं उठा रहा है। यहां तक कि घायल को बलवंत सिंह देखने भी एक बार नहीं गया है। ऐसे लापरवाह इंसान के ऊपर पुलिस को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि इन्हें अपना गलती का एहसास हो। वहीं घायल युवक के ब्रेन में काफी गहरी चोट लगी है। डॉक्टरों का कहना है कि उसके कान की भी सर्जरी करना पड़ेगी, जिस पर लगभग 4 से 5 लाख का खर्च आएगा। युवक के परिवार वाले काफी गरीब है। उसके परिजनों ने लातेहार उपायुक्त सिंह यादव को आवेदन देखकर आरोपी बलवंत सिंह के ऊपर कानूनी कार्रवाई करने एवं घायल युवक के इलाज के लिए आर्थिक मदद करने के लिए गुहार लगाया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### दिल्ली : अदालत ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 1 जून तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को आबकारी नीति मामले में जेल में बंद आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री की न्यायिक हिरासत 1 जून तक के लिए बढ़ा दी है। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के द्वारा की जा रही है। अदालत ने जेल अधिकारियों को यह भी आदेश दिया है कि वह अध्ययन के उद्देश्य से उन्हें एक कुर्सी और मेज प्रदान करने के उनके अनुरोध पर विचार करे। विस्तृत आदेश की प्रति का इंतजार है।

### मालदा में पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से दो लोगों की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के इंग्लिश बाजार में मंगलवार तड़के अवैध पटाखों के गोदाम में आग लग गई। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। राज्य अग्निशमन विभाग के सूत्रों के मुताबिक, अवैध गोदाम में आग लगने के नौ घंटे से अधिक समय बीत चुका है।

# ब्रिसबेन में वाणिज्य दूतावास खोलेगा भारत : पीएम मोदी

### हमारे बीच ऐतिहासिक संबंधों का आधार आपसी विश्वास व सम्मान का भाव

**एजेंसी। सिडनी/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑस्ट्रेलिया में बसे प्रवासी भारतीयों की लंबित मांग को पूरा करने के लिए मंगलवार को घोषणा की कि भारत जल्द ही ब्रिसबेन में एक नया वाणिज्य दूतावास खोलेगा। उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया का संबंध आपसी विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित है। प्रधानमंत्री मोदी सिडनी स्थित कुडोस बैंक एरिना में खचाखच भरे स्टेडियम में भारतीय डायस्पोरा के सदस्यों को संबोधित करते हुए अपनी बात रख रहे थे। इस कार्यक्रम में उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीस भी उपस्थित थे।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, सामुदायिक कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों के साथ जुड़ना बेहद खुशी की बात है। उन्होंने अपनी पिछली यात्रा का स्मरण कराते हुए कहा, जब मैं 2014 में यहां आया था, तो मैंने आपसे वादा किया था कि



आपको भारतीय प्रधानमंत्री के लिए फिर से 28 साल तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसलिए मैं एक बार फिर यहां सिडनी में हूं। प्रधानमंत्री अल्बानीस भी यहां मेरे साथ हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय था जब थ्री सी भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंधों को परिभाषित करते थे। ये तीन थे- कॉमनवेल्थ, क्रिकेट और करी। उसके बाद यह थ्री डी था, लोकतंत्र, डायस्पोरा और दोस्ती! जब यह थ्री ई बना, तो यह ऊर्जा, अर्थव्यवस्था और शिक्षा के बारे में था। आगे उन्होंने कहा कि लेकिन सच्चाई यह है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंधों की वास्तविक गहराई इन सी-डी-ई से परे आपसी विश्वास और आपसी सम्मान के भाव से है और इसके पीछे असली कारण भारतीय प्रवासी हैं। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच कितनी भी भौगोलिक दूरियां क्यों न हों हिंद महासागर हमें जोड़ता है। दोनों देशों की जीवनशैली अलग-अलग क्यों न हो, योग हमें जोड़ता है। क्रिकेट एक ऐसी चीज है, जिसने हमें युगों से जोड़े रखा है। अब टेनिस और सिनेमा अन्य जोड़ने वाले सेतु हैं। प्रधानमंत्री मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष अल्बनीज ने इस दौरान सिडनी के उपनगर हैरिस पार्क का नाम बदलकर 'लिटिल इंडिया' कर दिया। मोदी ने सिडनी के एक उपनगर 'लिटिल इंडिया' की आधारशिला के अनावरण में समर्थन देने के लिए अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष का आभार व्यक्त किया। दरअसल, हैरिस पार्क पश्चिमी सिडनी का एक केंद्र है, जहां भारतीय समुदाय दिवाली और ऑस्ट्रेलिया दिवस जैसे त्यौहारों और कार्यक्रमों का जश्न मनाता है। प्रधानमंत्री ने दुनिया में भारत की स्थिति को 'वैश्विक अच्छाई की ताकत' के रूप में बताया। उन्होंने कहा, जब भी कोई आपदा आती है तो भारत दूसरों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहता है। उन्होंने भारत को 'लोकतंत्र की जननी' के साथ-साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था में 'उज्ज्वल स्थान' के रूप में भी सराहा।

### ऑस्ट्रेलिया की प्रमुख हस्तियों से मिले प्रधानमंत्री

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सिडनी में अलग-अलग बैठकों में नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. ब्रायन पॉल शिमट सहित कई प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई हस्तियों से मुलाकात की। मोदी ने ट्वीट की एक श्रृंखला में कहा, नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. ब्रायन पॉल शिमट के साथ विज्ञान और नवाचार पर एक उत्कृष्ट बातचीत हुई। इन विषयों पर उनका काम समृद्ध रहा है और अकादमिक विमर्श को आकार दिया है। प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक ट्वीट में कहा, ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ब्रायन पी शिमट ने सिडनी में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने अनुसंधान और विज्ञान में भारत की प्रगति की प्रशंसा की।

## कश्मीर सिंह गल्वड्डी पर 10 लाख का इनाम घोषित



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को आतंकी गतिविधियों में शामिल खालिस्तानी समर्थक कश्मीर सिंह गल्वड्डी उर्फ बलबीर सिंह पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। एनआईए के मुताबिक उसे पिछले साल 20 अगस्त को आईपीसी की विभिन्न धाराओं और यूएपीए में कश्मीर सिंह की तलाश है। वह लुधियाना का रहने वाला है। उल्लेखनीय है कि नाभा जेल ब्रेक मामले में उसकी तलाश है। सात साल पहले यानी 2016 में पलविंदार पिंडा सहित कई बदमाशों ने नाभा हाई सिक्योरिटी जेल पर हमला कर चार बदमाशों को भगा ले गए थे।

## कोलकाता : दो लड़कियों ने एक मंदिर में पारंपरिक तरीके से रचाई शादी

**एजेंसी। कोलकाता**
देश में समलैंगिक अधिकारों को लेकर बहस चल रही है। ऐसे में कोलकाता सेम सेक्स मैरिज (समलैंगिक विवाह) का गवाह बना रहा है। यहां पर दो लड़कियों ने एक मंदिर में पारंपरिक तरीके से शादी की। हालांकि, मौसमी दत्ता और मौमिता मजूमदार ने रविवार की आधी रात भूतनाथ मंदिर में चुपचाप शादी की, लेकिन बाद में उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस खबर को साझा किया। इस जोड़े ने मीडिया को बताया कि दत्ता पहले से शादीशुदा थीं, उनके दो बच्चे भी हैं। दत्ता का कहना है कि उनके पति उन्हें रोज मारते पीटते थे, इसलिए वह अपने पति से अलग हो गईं। मेरे दो बच्चे भी हैं और उनकी जिम्मेदारी मेरी है। जोड़े ने बताया कि वह दोनों (मौसमी दत्ता और मौमिता मजूमदार)



सोशल मीडिया के माध्यम से एक दूसरे के संपर्क में आए। बाद में, जब उन्होंने शादी करने का फैसला किया, तो मजूमदार ने स्वेच्छा से अपनी साथी (दत्ता) के बच्चों को स्वीकार कर लिया। वर्तमान में, वे दोनों उत्तरी कोलकाता में एक किराए के आवास में रह रहे हैं, और समलैंगिक विवाह के बारे में घटनाक्रम से अवगत हैं। दत्ता ने सुप्रीम कोर्ट से एक अनुकूल फैसले की उम्मीद करते हुए कहा कि परिणाम जो भी हो, वह हमेशा मजूमदार के साथ रहेंगी।

## भगवंत मान को साथ लेकर ममता से मिलने कोलकाता पहुंचे केजरीवाल

**एजेंसी। कोलकाता**
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के अन्य नेताओं को साथ लेकर मंगलवार अपराह्न कोलकाता पहुंचे। केजरीवाल के साथ मान के अलावा आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह, राघव चड्ढा और अतिशी भी कोलकाता पहुंचे हैं। राज्य सरकार की ओर से अग्निशमन मंत्री सुजीत बसु और राज्यसभा सांसद डोला सेन ने इन सभी का हवाई अड्डे पर स्वागत किया। हवाई अड्डे से इन नेताओं को सीधे राज्य सचिवालय ले जाया गया है जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इनका इंतजार कर रही थीं। सूत्रों ने




बताया कि इन नेताओं की मुलाकात में न केवल दिल्ली पर केंद्र सरकार की ओर से लाए गए हालिया अध्यादेश बल्कि विपक्षी एकता को लेकर भी बात होनी है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी गैर भाजपा और गैर कांग्रेस गठबंधन की कवायद में जुटी हुई हैं।

## ज्ञानवापी के सभी सातों मामलों की एक साथ सुनवाई

**वाराणसी।** वाराणसी जिला अदालत ने मंगलवार को आदेश दिया कि ज्ञानवापी से जुड़े सभी सात मामलों की एक साथ सुनवाई की जाएगी। वाराणसी के जिला जज ने आदेश दिया, ज्ञानवापी मामले से जुड़े सभी सात मामलों की अब एक साथ सुनवाई होगी। सोमवार को जिला जज ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। इसे लेकर हिंदू पक्ष ने याचिका दायर की थी। अगस्त 2021 में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में स्थित श्रृंगार गौरी स्थल पर नियमित पूजा करने के अधिकार की मांग को लेकर पांच महिलाओं ने स्थानीय अदालत में याचिका दायर की थी। अप्रैल 2022 में, एक वरिष्ठ डिवीजन कोर्ट ने मस्जिद परिसर में एक सर्वेक्षण का आदेश दिया।

## संगीत दीवाना घोड़ा, बिना संगीत सुने नहीं खींचता बुग्गी न खाता घास

**आरएनएम। नई दिल्ली**
उप्र के हरदोई शहर में बुग्गी बनाने व चलाने वाले सलमान के पिता ने एक कम उम्र का राजू नामक एक घोड़ा खरीदा था। जो बड़ा हुआ तो उससे बुग्गी खिंचवाना शुरू किया। वह घोड़ा संगीत का बहुत शौकीन है। इसीलिए सलमान ने अपनी बुग्गी में एक छोटा साउंड सिस्टम लगवा रखा है, जिस पर गाने बजता है तो घोड़ा सुनता है। और जब गीत सुनता है तभी चलता है, कुछ खाता-पीता है। सलमान का कहना है कि उन्होंने घोड़े राजू से बुग्गी चलवाना शुरू की तो बुग्गी में बजते गाने सुनकर वह बहुत मस्त रहने लगा, देखते ही देखते वह गानों का इतना दीवाना हो गया कि अब घोड़ा राजू बगैर गाना सुनें बुग्गी नहीं खींचा और ना ही कुछ खाता पीता है। जब उसे कहीं बांधना हो तो भी साउंड सिस्टम उसके पास रखकर उसे बजाना पड़ता है और ऐसा ना करने पर वह उदास रहता है और घास भी नहीं चरता, कभी-कभी बिदकने भी लगता है। राजू घोड़े की संगीत के प्रति



यह दीवानगी दिल्ली तक चर्चा का विषय बन गयी है। लोग जब राजू घोड़े को गाना सुनते देखते हैं, तो वे उसे देखते हुए, मुस्कुराते हुए तरह -तरह की बात कहने लगते हैं। कई तो कहने लगे हैं कि हांकू-फेंकूं नेताओं को अपने साथ देश-विदेश भ्रमण के दौरान इस घोड़े को भी ले जाना चाहिए। लेकिन फेंकू नेता व इस घोड़े में अंतर यह है कि यह घोड़ा अपने मालिक की हर बात मानता है। जबकि नेता तो केवल वोट मांगने के समय और भाषण देते समय जनता को अपना मालिक तथा खुद को सेवक या चौकीदार कहता है। उसके बाद तो वह जनता पर मनमानी करता है।

## थूक बेचकर लाखों कमाती है लड़की

**आरएनएम। नई दिल्ली**
क्या कोई थूक बेचकर भी महीने में लाखों रुपये कमा सकता है? तमाम लोग इस सवाल पर शक करते हुए इसे फालतू कह सकते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि एक लड़की ने ऐसा कर दिखाया है। जिसका नाम है लतीशा जोन्स । यह 22 साल लड़की पहले डॉक्टर बनना चाहती थी। उसने अपना सपना को पूरा करने के लिए यूनिवर्सिटी में बायो मेडिकल साइंस में पढ़ाई शुरू की। फीस देने के लिए पैसे नहीं थे तो पार्ट टाईम नौकरी करने लगी। लेकिन जब जॉब बोरिंग लगी तो कॉलेज ड्रॉप कर दिया और नौकरी भी छोड़ दी। इसके बाद इस लड़की ने पैसा कमाने ऐसा तगड़ा जुगाड़ निकाला जिसके बारे में कोई सोच भी नहीं सकता है।

न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, लतीशा ने देखा कि लोग कटे हुआ नाखून, थूक और हफ्ते भर पुरानी चादर के बदले करीब 31 हजार देने को तैयार हैं। फिर



क्या था... लतीशा को मिल गया सबसे आसान काम। पहले तो उसे खुद भी विश्वास नहीं हुआ कि इस तरह से भी पैसे कमाए जा सकते हैं। लेकिन धीरे-धीरे वो काम समझ गईं और उन्हें कस्टमर को हैंडल करना भी आ गया। लतीशा का दावा है कि थूक की बोतल बेचकर कमाए गए पैसे से उसने 11 लाख रुपये का कर्ज तो चुका ही दिया है, एक नया फ्लैट भी खरीद लिया है। न्यू यॉर्क पोस्ट को दिए इंटरव्यू में लतीशा ने बताया कि- ये सब एक झटके से हुआ। अब मुझे ये काम करते हुए 4 साल हो गए हैं। ये तब हुआ जब मैं मेडिकल की पढ़ाई के लिए इंग्लैंड के मैनचेस्टर आई थी और सुपरमार्केट टेस्को में काम करना शुरू किया था। मैं एक वेबसाइट में भी काम कर रही थी। तभी लोगों ने अजीबोगरीब रिक्वेस्ट किए। आगे उन्होंने कहा कि- पहली बार जब मुझसे किसी ने थूक भरी बोतल मांगी तो मुझे लगा ये मजाक है। लेकिन मैंने ऐसा किया और 31 हजार रुपये कमाए। बाद में मैंने 1.54 लाख की भी एक बोतल बेची है।

जागरूकता

### सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा

# महिलाओं को मिले कानूनी सहायता

**एजेंसी। नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, भारत में महिलाओं की कानूनी साक्षरता, न्याय तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी इंटरनेशनल एकेडमी और जस्टिस वी.आर. कृष्णा अय्यर सेंटर फॉर क्लिनिकल लीगल एजुकेशन के उद्घाटन का आधार है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि, ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी की एक और सराहनीय पहल यौन अपराधों के खिलाफ सुरक्षा के बारे में बच्चों के बीच जागरूकता पैदा करने और उत्पीड़न का शिकार होने की स्थिति में उनके अधिकारों और उपायों के बारे में उन्हें संवेदनशील बनाने की है। उन्होंने कहा, विश्वविद्यालय ने अपने विशिष्ट संकाय के समर्थन के साथ, वास्तविक दुनिया में भी अपनी गतिविधियों का विस्तार किया है। यह



एक सक्रिय कानूनी सहायता सेल चलाता है जिसने समाजोन्मुख मुकदमों की शुरूआत की है, इससे उन लोगों को लाभ हुआ है जिन्हें कानूनी सहायता की सख्त आवश्यकता है। इस क्लिनिक के ईमानदार प्रयासों की मैं सराहना करता हूं, इसकी कोशिश से इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय दिया। इससे समाज के आर्थिक रूप से वंचित वर्गों के बच्चों के लिए लगभग छह लाख सीटों की गारंटी दी है। जागरूक समाज के निर्माण में जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गर्भपात पर वकालत मैनुअल, 'भारत में गर्भपात का कानूनी विनियमनः जटिलताएं और चुनौतियां' शीर्षक वास्तव में एक महत्वपूर्ण पहल है और इस मुद्दे पर चर्चा और विचार-विमर्श को आमंत्रित करने की संभावना है। मुझे उम्मीद है कि इस तरह के और केंद्र देश भर में फैलेंगे। क्योंकि वे कानूनी जागरूकता बढ़ाने और गरीबों के लिए कानूनी सहायता तक पहुंच बनाने में महत्वपूर्ण हैं। इस प्रकृति की नैदानिक कानूनी शिक्षा जमीनी स्तर पर कानून के व्यावहारिक अनुप्रयोग पर केंद्रित है और समाज पर इसके वास्तविक प्रभाव की जांच करती है। कानूनी शिक्षा के लिए ऐसा दृष्टिकोण और इस संबंध में विश्वविद्यालय के प्रयास विश्वसनीय हैं। इस कार्यक्रम में नई दिल्ली में कानूनी बिरादरी के भारत के कानूनी दिग्गजों की उपस्थिति देखी गई। इसमें न्यायमूर्ति संजय करोल, भारत के सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय करोल, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश लवू नागेश्वर राव, जम्मू और कश्मीर उच्च न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल, भारत के अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमण, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, मुख्य सूचना आयुक्त हरियाणा विजय वर्धन, विजय देव, दिल्ली राज्य चुनाव आयुक्त विजय देव, नवीन जिंदल, चांसलर, ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर नवीन जिंदल, जेएसपीएल फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल और ओ.पी. जिंदल ग्रुप की चेयरपर्सन सावित्री जिंदल व कई प्रतिष्ठित सांसद, कानूनी पेशे, उद्योग और शिक्षा जगत के सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति वी.आर. कृष्ण अय्यर को श्रद्धांजलि दी गई, जिन्होंने एक प्रतिष्ठित न्यायाधीश, एक स्व-प्रेरित मंत्री, समाजोन्मुख वकील व एक लेखक के रूप में अपने विचारों और कार्यों से मानवतावाद के प्रतीक और सभी के लिए न्याय की आवाज बने। जस्टिस कृष्णा अय्यर के पास कानूनी सहायता को एक सार्वजनिक वस्तु बनाने की दृष्टि थी और जस्टिस कृष्णा अय्यर के बाद जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल के सेंटर फॉर क्लिनिकल लीगल एजुकेशन उनकी दृष्टि को पूरा करने की दिशा में एक उपयुक्त कदम है।




## कैन वेस्ट के शादी करने के बाद किम कार्दशियां ने की प्यार के बारे में बात



**अमेरीकी** रियलटी स्टार किम कार्दशियां ने पहली बार मीडिया के सामने अपने प्यार के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, वह हमेशा में प्यार में रहना चाहती हैं। हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि वह रोमांटिक नहीं हैं। मिरर डॉट को डाट यूके की रिपोर्ट के मुताबिक, 42 साल की किम भले ही छह महीने पहले रैपर कैन वेस्ट को तलाक दे चुकी हैं, लेकिन किम कहती हैं कि वह किसी के साथ जीवन बिताने के आइडिया को बहुत पसंद करती हैं। 45 वर्षीय गायक वेस्ट ने किम से अलग होने के बाद बीते जनवरी में बिआंका सेंसूरी से एक बेहद निजी समारोह में शादी कर ली थी। सेंसूरी पेशे से आर्किटेक्ट हैं। मिरर डॉट को डाट यूके के मुताबिक, इस सब के बावजूद भी किम अकेली नहीं हैं।

## आरआरआर के मशहूर अभिनेता रे स्टीवेन्सन का निधन



**आरआरआर'** फेम अभिनेता रे स्टीवेन्सन का निधन हो गया है। उनका रविवार को इटली में निधन हो गया। आयरिश मूल के रे स्टीवेन्सन ने 58 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। रे स्टीवेन्सन के प्रतिनिधियों ने उनकी मृत्यु की घोषणा की है। रे स्टीवेन्सन का जन्म 25 मई, 1964 को लिस्बन में हुआ था। तीन भाइयों में दूसरे नम्बर के रे के पिता एक रॉयल एयरफोर्स पॉयलट थे। रे ने इंग्लैड के ब्रिस्टल ओल्ड विक थिएटर स्कूल से शिक्षा ग्रहण की। 29 साल में ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करने के बाद उन्होंने 1990 के दशक के आरम्भ में फिल्मी दुनिया में कदम रखा। हालांकि उन्हें सफलता 1998 में आई फिल्म द थ्योरी ऑफ फ्लाइट से मिली।

## इंडो-यूके को-प्रोडक्शन 'शेरनी' को लीड करेंगी अदिति राव हैदरी व पैगे संधू



**अदिति** राव हैदरी और भारतीय मूल की ब्रिटिश एक्ट्रेस पेज संधू जल्द ही अपकमिंग फिल्म 'शेरनी' में स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। इस फिल्म की घोषणा मंगलवार को चल रहे कान फिल्म फेस्टिवल के इंडिया पवेलियन में की गई। काजरी बब्बर द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म महान महाराजा रणजीत सिंह की पोती और महारानी विक्टोरिया की पोती राजकुमारी सोफिया दलीप सिंह की कहानी बताएगी। वह यूके में मताधिकार आंदोलन के प्रमुखों में से एक थीं और उन्होंने महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की भी वकालत की। सोफिया का किरदार पेज संधू निभाएंगी। एक्ट्रेस ने एक बयान में कहा, राजकुमारी सोफिया दलीप सिंह की भूमिका निभाना एक सम्मान और सपने के सच होने जैसा है। मैं वास्तव में उनकी अविश्वसनीय कहानी के साथ न्याय करने की उम्मीद करती हूं। राजकुमारी सोफिया दलीप सिंह की भूमिका निभाना एक सम्मान और एक सपने के सच होने जैसा है।

### गर्मी में लोगों को रुला रही है बिजली, विभाग के प्रति भारी आक्रोश

# आन्दोलन की दी चेतावनी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
गर्मी शुरू होते ही बिजली की मांग बढ़ जाती है। लेकिन जब झुलसाने वाली गर्मी पड़ने लगे और बिजली भी कटने लगे तो लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर चला जाता है। लोगों की इस तकलीफ का ख्याल रखना जेबीवीएनएल का काम है। लेकिन गाहे-बगाहे लापरवाही की वजह से समस्या खड़ी हो जा रही है। विगत सोमवार की रात राजधानी रांची के कई इलाकों के लोग ठीक से सो नहीं पाए। जब नींद आने को होती थी कि बिजली गुल हो जाती थी। खासकर बीमार, बच्चे और बुजुर्गों को रात काटने में काफी परेशानी उठानी पड़ी। सुचारू बिजली नहीं मिलने से इंवर्टर भी ठप हो जा रहे हैं। लो वोल्टेज की वजह से बोरिंग का मोटर सही से काम नहीं कर पा रहा है। लोगों का कहना है कि अगर बिजली में सुधार नहीं हुआ तो लोग आन्दोलन कर सड़क पर उतर जायेंगे। अब सवाल है कि यह समस्या आई कैसे और इसका निदान क्या है। इस बाबत ईटीवी भारत की टीम ने झारखंड ऊर्जा संचरण निगम के एमडी सह झारखंड बिजली वितरण निगम के डायरेक्टर केके वर्मा से बात की। उन्होंने बताया कि आधुनिक पावर की राशि बकाया होने की वजह से परेशानी खड़ी हुई थी। उसको सुलझा लिया गया है। आज शाम तक आधुनिक पावर की शेष बकाया राशि दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शाम के बाद बिजली की डिमांड बढ़ जा रही है। इसके लिए सेंट्रल पुल के अलावा दूसरे सोर्स से बिजली की व्यवस्था की जा रही है।वहीं बिजली वितरण निगम के जीएम पीके श्रीवास्तव ने बताया कि दिन में फूल लोड बिजली मिल रही है। कहीं भी लोड शेडिंग नहीं हो रही है। कई जगहों पर मेंटेनेंस की वजह से समय-समय पर बिजली काटनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि आधुनिक पावर का जो मसला था वो सुलझ चुका है। लिहाजा, आज देर शाम को कल वाली स्थिति देखने को नहीं मिलेगी। जानकारी के मुताबिक राजधानी में हटिया, नामकुम और कांके ग्रिड से कुल 180 मेगावाट बिजली की सप्लाई होती है। लेकिन पिछले दो दिनों से तीनों ग्रिड से महज 120 मेगावाट बिजली की सप्लाई हो पा रही थी। आधुनिक पावर की बकाया राशि की वजह से 180 मेगावाट बिजली मिलनी बंद हो गई थी। दरअसल, सेंट्रल पूल के बिजली के एवज में 75 दिनों के भीतर प्रप्ति ऐप के जरिए बिल का भुगतान करना होता है। भुगतान नहीं होने पर स्वतः बिजली कट जाती है।खास बात है कि 24 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रही हैं। इस दौरान बिजली व्यवस्था को सुचारू रखना बिजली विभाग के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। लिहाजा, आज बिजली विभाग के अधिकारियों की एक मीटिंग भी हुई है। इनलैंड पावर पर उत्पादन शुरू करने का दबाव बनाया गया है।

## जगन्नाथ रथयात्रा मेला की सुरक्षा समिति गठित

**रांची।** जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति की एक बैठक मंगलवार को हुई। सचिव मिथिलेश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 20 से 29 जून तक लगनेवाले ऐतिहासिक रथ यात्रा मेला जगन्नाथपुर के सफल संचालन के लिए रथ मेला सुरक्षा समिति का गठन किया गया। बैठक में मेला से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित व्यक्तियों को रथ मेला के सही संचालन के लिए जवाबदेही निर्वहन के लिए प्रभार दिया गया। सुरक्षा समिति के गठन की सूचना प्रशासन को भी दिया गया। नई कमेटी में सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जायसवाल, विधायक राजेश कच्छप और उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सत्येंद्र नाथ सिंह सरंक्षक होंगे। वहीं, पूर्व पार्षद आनंद मूर्ति सिंह अध्यक्ष, लाल अमोद नाथ शाहदेव सचिव, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र झा, निगरानी प्रभारी लाल सुबोधनाथ शाहदेव, मुख्य मेला प्रभारी ओमप्रकाश सिंह समेत कई पदाधिकारी और 11 कार्यकारिणी सदस्य चुने गए हैं।

# अल्पसंख्यकों को छल रही है झारखंड सरकार : भाजपा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में मुसलमानों को लेकर राजनीति आए दिन देखने को मिलती है। राज्य में सत्ता पर आसीन कांग्रेस, जेएमएम, राजद और वामदल जैसी पार्टियां खुद को मुसलमानों का हितेषी बताती है तो वहीं भारतीय जनता पार्टी अपने को मुसलमानों का रहनुमा बता कर कांग्रेस, जेएमएम और राजद जैसी पार्टियों पर आरोप लगाने से पीछे नहीं हट रही। बात करें झारखंड से जाने वाले हज यात्रियों की तो वर्तमान में झारखंड की राजधानी रांची से विमान सेवा की शुरूआत नहीं हो पा रही है। जिसको लेकर कांग्रेस, झामुमो और राजद केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार पर खूब हमला करते नजर आ रहे हैं। झारखंड से जाने वाले हज यात्रियों के लिए रांची से विमान की सुविधा नहीं मिलने के बाद हज कमेटी के चेयरमैन और विधायक इरफान अंसारी भारतीय जनता पार्टी पर खूब निशाना साध रहे हैं। वहीं जेएमएम कोटे से मंत्री बने हफीजूल हसन अंसारी भी विमान सेवा शुरू नहीं होने पर केंद्र सरकार को कोसने से पीछे हटते नहीं दिख रहे हैं।वहीं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कमाल खान बताते हैं कि जब पूर्व में भाजपा की सरकार थी तो देश का सबसे अच्छा हज हाउस झारखंड के मुसलमानों के लिए रांची में बनाने का काम किया गया। उन्होंने झामुमो, कांग्रेस और राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार के गठन के 3 साल से ज्यादा हो चुके हैं लेकिन अभी तक अल्पसंख्यकों के लिए ना तो आयोग का गठन हो पाया है और ना ही वक्फ बोर्ड का गठन किया गया है।

# संसदीय राजभाषा समिति विषय पर सीयूजे में हिंदी कार्यशाला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) के राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा मंगलवार को संसदीय राजभाषा समिति/प्रश्नावली विषय पर ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य वक्ता आईआईटी खड़गपुर के वरिष्ठ हिंदी अधिकारी डॉ राजीव रावत थे। रावत कहा कि किसी भी सरकारी कार्यालय के लिए संसदीय राजभाषा समिति/प्रश्नावली की गहन जानकारी होनी चाहिए। इसके अभाव में गलत रिपोर्ट भेजे जाने की अधिक संभावना रहती है। संसदीय राजभाषा समिति सीधे अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपती है। इस बात से हिंदी के प्रति सरकार की गंभीरता दिखती है। रजिस्ट्रार प्रो कुंज बिहारी पांडा बोले, जो प्रयोग के स्तर पर सुलभता अंग्रेजी में है। वही सुलभता और लचीलापन हमें हिन्दी में भी लागू करना होगा, तभी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी का प्रचार व विकास संभव है। विश्वविद्यालय के ओएसडी डॉ जेएन नायक ने कहा कि भारतीय संविधान में हिन्दी की स्थिति पर विस्तार से विचार किया गया है।

# भारतीय लोकतंत्र, न्याय व्यवस्था, झारखण्ड और जनजातीय गौरव के लिए अद्भुत अवसर : बंधु तिर्की



**झारखण्ड उच्च न्यायालय के विशाल एवं गरिमामयी भवन की तरह ही झारखण्ड के लोगों को अब अपेक्षाकृत त्वरित गति से न्याय मिल पायेगा।**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि 15 नवम्बर 2000 को झारखण्ड गठन के बाद 24 मई 2023 वैसा महत्वपूर्ण दिन है जब राजधानी रांची में झारखण्ड उच्च न्यायालय के नये परिसर के उद्घाटन के साथ ही न केवल भारतीय लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था की गरिमा बढ़ेगी बल्कि यह जनजातीय बहुल प्रदेश झारखण्ड और जनजातीय समुदाय के गौरव को भी बढ़ाने वाला होगा। श्री तिर्की ने कहा कि सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि झारखण्ड उच्च न्यायालय का भव्य-विशाल इको फ्रेंडली भवन ना केवल स्वतंत्र न्यायिक व्यवस्था का प्रतीक बनेगा या फिर यह हमारे संविधान एवं भारतीय लोकतंत्र की गरिमा को बहाल रखने के मामले में प्रेरणादायी बनेगा। बल्कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर झारखण्ड और गर्व से भरे जनजातीय समुदाय का भी मान-सम्मान बढ़ेगा। कांग्रेस नेता ने इस बात पर खुशी व्यक्त की कि, स्वतंत्र भारत के इतिहास में भारत के सर्वोच्च पद पर पहली बार आसीन जनजातीय समुदाय की कोई महिला द्रौपदी मुर्मू के हाथों झारखण्ड को झारखण्ड उच्च न्यायालय के नये भवन के रूप में एक शानदार उपहार मिल रहा है। श्री तिर्की ने विश्वास व्यक्त किया कि झारखण्ड उच्च न्यायालय के विशाल एवं गरिमामयी भवन की तरह ही झारखण्ड के लोगों को अब अपेक्षाकृत त्वरित गति से न्याय मिल पायेगा और यहाँ की सामाजिक असमानता, गरीबी और विलंब से न्याय मिलने की पुरानी बीमारी पर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से अंकुश लगेगा। श्री तिर्की ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, भारत के मुख्य न्यायाधीश, भारत के विधि एवं न्याय मंत्री झारखण्ड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं मुख्य न्यायाधीश से भी अनुरोध किया है कि झारखण्ड के आर्थिक दृष्टि से कमजोर लोगों विशेषकर, आदिवासियों, मूलवासियों, दलितों एवं पिछड़े वर्ग के लोगों को कम-से-कम खर्च और परेशानी में त्वरित न्याय दिलवाने के लिए वे सभी अपने प्रभाव का इस्तेमाल करें। श्री तिर्की ने कहा कि झारखण्ड गठन के बाद पिछले 22 साल में यह बहुत अधिक नकारात्मक पक्ष रहा कि यहाँ के अधिकांश लोगों को न्याय प्राप्ति के लिये बहुत अधिक जूझना पड़ रहा है और इसके लिये उन्हें बहुत अधिक पैसे और समय खर्च करने पड़ रहे हैं एवं परेशानी भी झेलनी पड़ रही है।

# राष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर एयरपोर्ट से राजभवन तक मॉक ड्रिल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर बुधवार को रांची पहुंचेंगी। वे विशेष विमान से दिल्ली से सीधे देवघर जायेंगी। इसके बाद बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तैयारी में लगा हुआ है। जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के मद्देनजर बुधवार को वैद्यनाथ मंदिर में सुबह 6 बजे से 10.30 बजे तक आम श्रद्धालुओं के पूजन व दर्शन पर रोक रहेगी। इसके बाद मंदिर से 10.10 बजे सर्किट हाउस के लिए रवाना होंगी। वहां कुछ देर रुकने के बाद 11.20 बजे देवघर एयरपोर्ट से रांची के लिए रवाना होंगी। राष्ट्रपति के रांची आगमन को देखते हुए भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन के बीच मॉक ड्रिल किया गया है। इस दौरान ट्रैफिक एसपी, ट्रैफिक डीएसपी समेत पुलिस विभाग के वरीय पदाधिकारी मॉक ड्रिल में शामिल थे। एयरपोर्ट से राजभवन के बीच ट्रैफिक को रोक कर रखा गया। सेना के 10 बुलेट बाइक की टीम भी मॉक ड्रिल में शामिल थी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर ड्राइ रन राजभवन से दोपहर 12:30 बजे शुरू होगा। राजभवन से न्यू बिल्डिंग हाई कोर्ट और फिर हाई कोर्ट से ट्रिपल आईटी नामकुम तक। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने न्यू बिल्डिंग हाईकोर्ट में कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। डीसी व एसएसपी ने अल्बर्ट एक्का चौक पर जा कर तैयारियों का जायजा लिया। अल्बर्ट एकक चौक पर राष्ट्रपति परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगी। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर आईआईआईटी के लिए ड्राई रन तीन बजे राजभवन से शुरू होगी। न्यू बिल्डिंग हाई कोर्ट में स्टेज रिहर्सल संध्या पांच बजे से शुरू होगी। डीसी व एसएसपी ने न्यू बिल्डिंग हाई कोर्ट में राष्ट्रपति के कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया।

## महिला हॉकी टीम का चयन ट्रायल 3 जून को

**रांची।** 27 जून से 7 जुलाई 2023 तक राउरकेला में आयोजित 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप 2023 के लिए झारखंड टीम के गठन के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 3 जून को एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम बरियातू गर्ल्स हाई स्कूल में होगा। चयन ट्रायल में झारखंड की कोई भी महिला हॉकी खिलाड़ी भाग ले सकती है, जिनकी जन्म तिथि 01 जनवरी 2004 या उसके बाद हुई है। ट्रायल में भाग लेने वाली खिलाड़ियों को अपने साथ नगर निगम या ग्राम पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड साथ में लाना अनिवार्य है। जिन खिलाड़ियों का हॉकी इंडिया में पूर्व से निबंधन नहीं है, वे हॉकी इंडिया द्वारा जारी फॉर्मेट में डॉक्टर द्वारा जांच के बाद उम्र पात्रता प्रमाण पत्र तथा जिस विद्यालय या कॉलेज में वर्तमान में पढ़ाई कर रहे हैं, उस संस्थान के प्रधानाचार्य द्वारा निर्गत बोनाफाइड प्रमाण पत्र साथ में लाना अनिवार्य है। इन सभी प्रमाण खिलाड़ियों के पास होना अनिवार्य है, जिससे चयन प्रक्रिया में आसान होगा।

# 51वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ भव्य रुप से संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 51वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ भव्य रुप से संपन्न हुआ। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने महाबली बजरंगबली की दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा चना गुड़ फल का प्रसाद अर्पित किया। उपमंत्री अनिल नारनौली ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचकओं का चंदन वंदन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ साज बाज के धुन के बीच श्री गणेश वंदना व श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ प्रारंभ किया । भक्तों ने भक्तिभाव के साथ पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री श्याम मंदिर बजरंग बली सालासर वाले की जय जयकारों से गूंज रहा था। भक्तजन भावविभोर होकर हनुमान जी की ज्योति में आहुति देकर अपने परिवार के लिए सुख-समृद्धि की प्रार्थना कर रहे थे। श्री सुंदरकांड पाठ के बाद पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। महाआरती की गई व भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया। मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा निवेदित कर श्री हनुमान जी के दरबार में मत्था टेका। ज्ञातव्य है कि प्रत्येक मंगलवार को श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ व प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम भंडारा का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढानढनिया श्याम सुंदर शर्मा गौरव अग्रवाल मोनू अनिल नारनौली श्याम सुंदर जोशी ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

**आज होगा खाटू नरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार :** बुधवार को खाटू नरेश का केशर चंदन तिलक श्रृंगार किया जाएगा। खाटूधाम की परंपरा अनुसार अमावास्य को महास्नान के बाद श्यामल रूप में बाबा श्याम दर्शन देते हैं उसके बाद पंचमी तिथि या उसके बाद खाटू नरेश का केशर तिलक श्रृंगार होता हैं इसी परंपरा के अनुसार हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में भी विधि विधान से बाबा श्याम का तिलक श्रृंगार मन्दिर के आचार्यो द्वारा किया जाता है। मोराबादी निवासी राकेश टिबड़ेवाल् बबीता टिबड़ेवाल बाबा श्याम के श्रृंगार सेवा निवेदित करेंगे एवम वस्त्र बागा सेवा रातु रोड निवासी गीता देवी काबरा, मंजू डागा द्वारा निवेदित किया जायेगा। बाबा श्याम का मनोहरी श्रृंगार दर्शन सांय काल 4.30 बजे से होगा।

**शनिवार को 64 वा श्री श्याम भंडारा :** श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा शनिवार 27 मई को साय 5:00 बजे से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 64 वा श्री श्याम भंडारा होगा। अध्यक्ष सुरेश सरावगी मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने भक्तजनों को भंडारे में आमंत्रित किया है।

### सफलता राज्य के 16 जिलों में एक-एक गिलोय विलेज का हुआ चयन

# बीएयू को देश के पहले रिसर्च सेंटर में मिली कामयाबी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) को देश के पहले गिलोय प्रोसेसिंग एवं रिसर्च सेंटर की स्थापना में सफलता हाथ लगी है। इस केंद्र की स्थापना कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह की पहल पर एवं कृषि निदेशालय, झारखंड सरकार के सहयोग से केंद्र प्रायोजित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीआई) के अधीन की गयी है। बीएयू अधीनस्थ कार्यरत वानिकी संकाय के वनोत्पाद एवं उपयोगिता विभाग द्वारा नव निर्मित इस सेंटर में डेढ़ करोड़ की लागत से प्रोसेसिंग एवं अन्य मशीनें स्थापित की जा चुकी है। इस केंद्र को चलाने के लिए बीएयू ने राज्य के 16 जिलों में एक-एक गिलोय विलेज का चयन किया है। चयनित गांवों में आरकेवीआई अधीन किसानों को दो लाख गिलोय के पौधे का निः शुल्क वितरण किया गया है। प्रत्येक गांव में 600 वर्ग मीटर व्यास वाले ग्रीन शेड नेट हाउस स्थापित की गयी है। जिसे सिंचाई के लिए सोलर पंप, पानी टंकी, जैविक खाद, स्प्रे मशीन एवं अन्य जरुरी लघु कृषि यंत्र की सुविधा से युक्त कराया गया है। इस शेड नेट हाउस में किसानों को गिलोय उत्पादन का प्रत्यक्षण को प्रत्यक्ष देखने और गिलोय उत्पादक किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन एवं सलाह मिल सकेगी। गिलोय से सबंधित कार्यक्रमों की देख-रेख औषधिय पौधा विशेषज्ञ डॉ कौशल कुमार द्वारा की जा रही है। उन्होंने अन्य वैज्ञानिकों के साथ चयनित गांवों में जाकर किसानों को जागरूक एवं प्रशिक्षित कर रहें है। करीब डेढ़ वर्षो में गिलोय पौधा पूर्ण रूप से तैयार हो जाने के बाद किसानों के गिलोय पौधा को बीएयू खरीदेगा और इसका प्रोसेसिंग एवं शोध कार्य इस सेंटर के माध्यम से होगा। इस सेंटर का सोमवार को असम एग्रीकल्चरल कमीशन के चेयरमैन डॉ एचएस गुप्ता, बीएयू कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह एवं निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने अवलोकन किया। डॉ गुप्ता ने राज्य की औषधिय पौधा संसाधन के सदुपयोग के लिए बेहद सार्थक प्रयास और अधिकाधिक किसानों को प्रशिक्षित करने पर जोर दिया। रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैब तैयार कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने सेंटर में रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैब का स्थापना कार्य पूरा होने पर खुशी जाहिर की तथा शीघ्र ही इसके उद्घाटन होने की बात कही। कहा कि हर्बल उत्पाद में देश का अग्रणी राज्य एवं किसानों के सामाजिक झ आर्थिक उत्थान के उद्देश्य से गिलोय की व्यावसायिक खेती एवं प्रसंस्करण को बढ़ावा दिया जा रहा है। सेंटर में रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैब स्थापित होने से विद्यार्थियों एवं वैज्ञानिकों को बेहतर शोध अध्ययन के अवसर सुलभ होंगे। सेंटर प्रभारी डॉ कौशल कुमार ने बताया कि इस सेंटर में एक क्विंटल गिलोय पौधा के प्रसंस्करण से तीन किलोग्राम गिलोय सत्व तैयार होंगे। जिसका आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण में उपयोग होगा। मार्केटिंग के लिए हर्बल कंपनियों को बीएयू के साथ जोड़ा जा रहा है। कोविड-19 के समय से गिलोय का उपयोग एवं मांग लगातार बढ़ी है। इसे आयुर्वेद में गुदली तथा अमृता कहा जाता है। तने के उपयोग से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

## मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवाड़ा 29 मई से 14 जून तक

**खूंटी।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी के प्रांगण में मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवाड़ा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बताया गया कि झालसा के निर्देशन में 29 मई से 14 जून तक मध्यस्थता के माध्यम से सभी प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जाएगा। इसका प्रचार प्रसार जोरों से चल रहा है। इस संबंध में जिला प्रशासन, जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता, पीएलवी और अन्य के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि इस पखवाड़े के दौरान लोग अपने लंबित पुराने एवं नए मामलों तथा वाद पूर्व मामलों का निष्पादन दोनों पक्षों की आपसी सहमति के आधार पर मध्यस्थता के माध्यम से किया जाएगा। डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि यह एक बहुत बड़ा सुनहरा अवसर है।

# 3 जून पड़हा जतरा को लेकर बेड़ो थाना में हुई शांति समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड के दो अलग- अलग जगहों बेड़ो बाजार टांड़ व बारीडीह जतरा मैदान में आगामी 3 जून को होनेवाले वार्षिक पड़हा जतरा समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंगलवार को बेड़ो थाना परिसर में थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इस बैठक में पड़हा समाज के लोगों ने क्षेत्र में पूर्ण रूपेण शराब बंदी करने, स्वयं सेवकों की तैनाती करने, पेयजल व स्वास्थ्य सुविधा की व्यवस्था मुहैया कराने, ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने, शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखने, चप्पे चप्पे पर सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती करने, पुलिस की गश्ती लगातार जारी रखने आदि का निर्णय लिया गया। मौके पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम ने लोगों से निर्भीक होकर सूचना देने की अपील किया। साथ ही समारोह की सफलता, शांति व सुरक्षा को लेकर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था करने की बात कही। वहीं मौके पर केंद्रीय पड़हा समिति के संरक्षक सह पूर्व वीसी डॉ रवीन्द्र नाथ भगत, जुगेश उरांव, 21 पड़हा राजा पश्चिमी महादेव उरांव, 12 पड़हा राजा विशाल उरांव , 10 पड़हा राजा कोमल उरांव, पूर्व उपप्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार रॉय, राकेश भगत, मुन्ना बड़ाईक, विश्वनाथ गोप, पंचायत समिति सदस्य राखी भगत समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# रवि शास्त्री ने डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले संयुक्त भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट एकादश चुनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने अपनी संयुक्त टेस्ट एकादश का खुलासा किया है, जिसमें आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दो फाइनलिस्ट भारत और ऑस्ट्रेलिया में से खिलाड़ियों का चयन किया गया है। द ओवल में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगले महीने होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारी तेज होने के कारण, शास्त्री को अपनी सर्वश्रेष्ठ संयुक्त एकादश के नामकरण के अकल्पनीय कार्य का सामना करना पड़ा। भारत के पूर्व मुख्य कोच ने स्वीकार किया कि दोनों पक्षों में विश्व स्तर के खिलाड़ियों की भारी संख्या के कारण उन्हें यह कार्य कठिन लगा। लेकिन, उन्होंने भारत के चार सितारों और ऑस्ट्रेलिया के सात सितारों के साथ अंतिम एकादश को चुना। 60 वर्षीय शास्त्री रोहित शर्मा के लंबे समय से समर्थक हैं। उन्होंने कहा कि भारत के कप्तान को ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पैट कमिंस पर कप्तान के रूप में मंजूरी मिलती है और परिणामस्वरूप दो सलामी बल्लेबाजों में से एक के रूप में एक स्थान प्राप्त होता है। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू के नवीनतम एपिसोड में कहा, मैं रोहित को कप्तानी दूंगा क्योंकि वह पैट की तुलना में बहुत अधिक अनुभवी हैं। उन्होंने लंबे समय तक टीम की कप्तानी की है। उन्होंने कहा, अगर स्टीव स्मिथ ऑस्ट्रेलिया के कप्तान थे, तो शायद यह एक अलग कहानी होती, लेकिन चूंकि यह पैट कमिंस और रोहित शर्मा हैं, इसलिए रोहित इसमें जीतते हैं। साथ ही, आप जानते हैं, एक कप्तान के रूप में, आप एकादश में निश्चित हैं, इसलिए वह



ओपनिंग करते हैं। शास्त्री के अनुसार, रोहित को शीर्ष क्रम में कौन जोड़ेगा, यह निर्णय कठिन है, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी डेविड वार्नर और उस्मान ख्वाजा और भारत के उभरते हुए दाएं हाथ के शुभमन गिल महत्वपूर्ण स्थान के लिए दौड़ में हैं। केवल इंग्लैंड के स्टार जो रूट ने 2021-23 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र के दौरान ख्वाजा की तुलना में अधिक रन बनाए और शास्त्री ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई बाएं हाथ के बल्लेबाज को मंजूरी मिलनी चाहिए। शास्त्री ने स्वीकार किया, उस्मान ख्वाजा और शुभमन गिल के बीच कड़ी टक्कर है। शुभमन उभरते हुए युवा स्टार हैं और वह एक शानदार खिलाड़ी हैं, लेकिन उस्मान ख्वाजा, मौजूदा फॉर्म और पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने जितने रन बनाए हैं, मुझे लगता है कि वह ओपनिंग में पहुंच गए हैं। प्रसिद्ध टिप्पणीकार ने कहा कि यह एक आसान निर्णय था कि नंबर 3, नंबर 4 और नंबर 5 पर कौन बल्लेबाजी करता है, नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन और अनुभवी जोड़ी विराट कोहली और स्टीव स्मिथ के साथ इन्हें भरने के लिए स्पष्ट विकल्प हैं। नंबर तीन कोई ब्रेनर नहीं है क्योंकि टेस्ट मैच क्रिकेट में लाबुशेन का प्रदर्शन शानदार रहा है। उनका औसत 60 के करीब है, इसलिए वह सीधे वहां पहुंच जाते हैं।

उन्होंने कहा, कोहली ने इतने सालों में जो किया है उसके लिए वह चौथे नंबर पर हैं और स्मिथ ने इतने सालों में जो किया है उसके लिए वह पांचवें नंबर पर हैं। शास्त्री ऑस्ट्रेलिया के युवा आलराउंडर कैमरन ग्रीन के बहुत बड़े प्रशंसक हैं, लेकिन उनका मानना है कि रवींद्र जडेजा दूसरे स्पिनिंग विकल्प के रूप में कार्य करने की क्षमता के कारण नंबर 6 पर बल्लेबाजी करने के लिए स्थान अर्जित करते हैं। उन्होंने कहा, नंबर 6 पर मैं जडेजा को शामिल करता हूं, क्योंकि मेरा मानना है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक हैं। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि वहां (इंग्लैंड के कप्तान) बेन स्टोक्स हैं, लेकिन बेन को अपनी फिटनेस को लेकर समस्या है, इसलिए जडेजा वहां आते हैं और उस टीम को काफी संतुलन देते हैं। ऑस्ट्रेलिया कीपर एलेक्स केरी ने विकेटकीपर के रूप में स्थान हासिल किया और नंबर 7 पर भारत के केएस भरत से आगे बल्लेबाजी करने के लिए, जबकि शास्त्री ने स्वीकार किया कि उन्होंने भारत के अनुभवी रविचंद्रन अश्विन को बाहर करना और नाथन लियोन को अंतिम एकादश में फ्रंट-लाइन स्पिनर के रूप में चुनना मुश्किल पाया। शास्त्री ने कहा, मैंने नाथन लियोन को अश्विन से आगे इसलिए चुना, क्योंकि नाथन का बढ़िया विदेशी रिकॉर्ड है। सिर्फ ऑस्ट्रेलिया में ही नहीं, बल्कि ऑस्ट्रेलिया के बाहर और (लियोन) शायद जरूरत पड़ने पर इंग्लैंड में उन ओवरों को फेंकने के लिए मजबूत है।

## NEWS इन ब्रीफ

### न्यूकैसल ने 20 साल में पहली बार चैंपियन्स लीग के लिए किया क्वालीफाई

**न्यूकासल।** न्यूकैसल युनाइटेड एफ.सी. ने सोमवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में लीसेस्टर के साथ गोल रहित ड्रॉ खेलकर 20 साल में पहली बार चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। इस ड्रॉ का मतलब है कि रविवार को चेल्सी के खिलाफ सत्र के अंतिम मुकाबले में हार की स्थिति में भी टीम शीर्ष चार में बनी रहेगी। इस बीच लीसेस्टर पर निचली लीग में खिसकने का खतरा बरकरार है। टीम को अगर दूसरे टीयर की लीग में खिसकने से बचना है तो अपने अंतिम मैच में हर हाल में वेस्ट हैम को हराना होगा।

### एम्पोली से हारा यूवेंटस अंकों का जुर्माना भी लगा

**मिलान।** यूवेंटस के लिए सोमवार का दिन काफी बुरा रहा जब 10 अंक की पेनल्टी लगने के बाद उसे सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में एम्पोली के खिलाफ 4-1 से हार सामना करना पड़ा जिससे उसकी चैंपियन्स लीग में जगह बनाने की उम्मीदों को झटका लगा। मैच शुरू होने से पहले ही खातों में गड़बड़ी के कारण यूवेंटस पर 10 अंक का जुर्माना लगाया गया जिससे टीम सिरी ए में सातवें स्थान पर खिसक गई। टीम अब चौथे स्थान पर चल रहे एसी मिलान से पांच अंक पीछे है। यूवेंटस को अब सिर्फ दो मैच खेलने हैं।

### जैडसन मोराइस पर 5 मैचों का प्रतिबंध लगा

**बीजिंग।** सीएसएल के मैच के दौरान टियांजिन खिलाड़ी को मारने के लिए शेडोंग ताइशन के डिफेंडर जैडसन मोराइस पर पांच मैचों का प्रतिबंध लगाया गया है। 31 वर्षीय ब्राजीलियाई खिलाड़ी को पिछले शनिवार को 3-3 से ड्रॉ के स्टॉपेज समय के दौरान टियांजिन के स्ट्राइकर रॉबर्ट बेरीक के चेहरे पर मुक्का मारने के बाद लाल कार्ड दिखाया गया था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि घटना के परिणामस्वरूप, बेरीक की नाक टूट गई थी और उसे चिकित्सा के लिए अस्पताल ले जाया गया था। सीएफए ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा, जैडसन ने एक विरोधी खिलाड़ी को चेहरे पर मारकर आक्रामकता का प्रदर्शन किया, जिससे पीड़ित को शारीरिक चोट लगी।

# चेन्नई ने गुजरात को दिया 173 रनों का लक्ष्य

**एजेंसी। चेन्नई**

चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के को जीत के लिए 173 रन का टारगेट दिया है। जवाब में गुजरात 10.3 ओवर में 3 विकेट पर 72 रन बना लिए हैं। शुभमन गिल क्रीज पर हैं। दासुन शनाका 17 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रवींद्र जडेजा ने महीश तीक्षणा के हाथों कैच कराया। इससे पहले, कप्तान हार्दिक पंड्या 8 और ओपनर ऋद्धिमान साहा 12 रन बनाकर आउट हुए। उरङ की ओर से दीपक चाहर और महीश तीक्षणा को एक-एक विकेट मिला। 173 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस ने तीसरे ही ओवर में ऋद्धिमान साहा का विकेट गंवा दिए। नंबर-3 पर हार्दिक पंड्या बैटिंग करने आए। लेकिन 7 बॉल में 8 ही रन बनाकर आउट हो गए। टीम 6 ओवर में 2 विकेट खोकर 41 रन ही बना सकी। एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) में गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। उरङ ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 172 रन बनाए। ओपनर ऋतुराज गायकवाड ने 44 बॉल पर 60 रन और कॉन्वे ने 34 बॉल पर 40 रन बनाए। दोनों के बीच 64 बॉल पर 87 रनों की साझेदारी हुई। गुजरात से मोहित शर्मा और मोहम्मद शमी ने 2-2 विकेट लिए, जबकि राशिद खान, दर्शन नालकंडे और नूर अहमद को एक-एक विकेट मिला।



## वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए भारत का पहला बैच लंदन के लिए रवाना



**नई दिल्ली।** भारतीय खिलाड़ियों का पहला बैच सपोर्ट स्टाफ के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल खेलने के लिए मंगलवार तड़के लंदन के लिए रवाना हुआ। मैच 7-11 जून को द ओवल में खेला जाएगा। लंदन जाने वाली भारतीय टीम अलग-अलग ग्रुप में रवाना हो रही है और डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए पूरी टीम आईपीएल फाइनल के बाद 30 मई तक लंदन पहुंचेगी। पहले बैच में अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर जैसे खिलाड़ी हैं। सीनियर्स विराट कोहली और आर अश्विन, जिनकी टीमें रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और राजस्थान रॉयल्स भी आईपीएल से बाहर हैं, बाद में, संभवतः 24 मई को रवाना होंगे। उमेश यादव, जिनकी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स भी आईपीएल से बाहर हो गई है, वे भी बाद में इंग्लैंड पहुंच सकते हैं। लंदन के लिए रवाना हुए शार्दुल ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, मूल योजना आईपीएल लीग चरण के तुरंत बाद पहला बैच भेजने की थी। हालांकि, कुछ खिलाड़ियों ने बीसीसीआई से अनुरोध किया है कि उन्हें बाद में जाने की अनुमति दी जाए। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 30 मई तक हर दिन बैच जाएगा। इस बीच, जयदेव उनादकट, जो कंधे की चोट के लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में हैं, के डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए फिट होने की उम्मीद है और वह 27 मई के बाद रवाना हो सकते हैं। तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पहले बैच का हिस्सा होंगे और अन्य दो, ऋतुराज गायकवाड़ और सूर्यकुमार यादव आईपीएल मैचों के बाद जाएंगे।

## एथलेटिक्स रैंकिंग : नीरज चोपड़ा पुरुषों की भालाफेंक में दुनिया के नंबर 1 पर पहुंचे



**एजेंसी। मुंबई**

भारत के टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा सोमवार को नवीनतम पुरुषों की भालाफेंक में शीर्ष पर पहुंच गए और विश्व एथलेटिक्स द्वारा जारी रैंकिंग में नए विश्व नंबर 1 बन गए। चोपड़ा 1455 अंकों के साथ ग्रेना के एंडरसन पीटर्स से 22 अंक आगे चल रहे थे। चोपड़ा 30 अगस्त, 2022 से नंबर 2 की पोजीशन पर थे, लेकिन इस हफ्ते मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन पीटर्स को पीछे छोड़ दिया। चेक गणराज्य के जैकब वडलेज्च 1410 अंकों के साथ तीसरे, जर्मनी के जूलियन वेबर 1385 अंकों के साथ चौथे और पाकिस्तान के अरशद नदीम 1306 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। नंबर 1 रैंकिंग चोपड़ा के लिए एक बढ़ावा के रूप में आएगी, जो अगली बार 4 जून को नीदरलैंड में होने वाले एफबीके गेम्स 2023 में प्रतिस्पर्धा करेंगे। उन्होंने 13 जून को फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी गेम्स 2023 में भाग लेने की भी पुष्टि की। हरियाणा के 25 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल सितंबर से शानदार प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए हैं, जब चोपड़ा ने ज्यूरिख में डायमंड लीग 2022 फाइनल जीता था, प्रतिष्ठित डायमंड लीग ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए। हालांकि, वह ज्यूरिख में जीत के बाद चोट के कारण बाहर हो गए थे। पुरुषों के भालाफेंक में भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड रखने वाले चोपड़ा ने इस साल 5 मई को सीजन-ओपनिंग दोहा डायमंड लीग में वापसी की और 88.67 मीटर की थ्रो के साथ पहले स्थान पर रहे। दोहा बैठक में एंडरसन पीटर्स 85.88 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा का शीर्ष पर पहुंचना अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले उनकी शानदार फॉर्म का संकेत है। दुनिया के 15वें नंबर के रोहित यादव और दुनिया के 17वें नंबर के डीपी मनु शीर्ष 20 में शामिल अन्य भारतीय भालाफेंक खिलाड़ी हैं। पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में भारत के अविनाश साबले शीर्ष 20 में हैं, मोरक्को के सौफियान ईएल बक्कली के नेतृत्व वाली रैंकिंग में 1286 अंकों के साथ 14वें स्थान पर हैं।

## आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर की मेजबानी करेगा युगांडा

**एजेंसी। कंपाला**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर के अंतिम दौर की मेजबानी के लिए युगांडा को चुना है। युगांडा क्रिकेट एसोसिएशन (यूसीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलन मुगुमे ने सिन्हुआ न्यूज एजेंसी से इस फैसले की पुष्टि की। राजधानी कंपाला के लुगोगो क्रिकेट ओवल में होने वाला इवेंट 7-18 दिसंबर को है। मेजबान युगांडा सहित आठ टीमें इसमें हिस्सा लेंगी -- जिम्बाब्वे, तंजानिया, रवांडा, नाइजीरिया, नामीबिया और दो अन्य सहित टीमें



इसमें हिस्सा लेंगी। आईसीसी के अनुसार, शीर्ष दो टीमें अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने के लिए वैश्विक क्वालीफायर के लिए खेलेंगी। महिला टी20 विश्व कप 2024 बांग्लादेश में आयोजित किया जाएगा। यूसीए के संचालन प्रबंधक जोशुआ म्वांजा ने युगांडा को इस आयोजन की मेजबानी देने के लिए आईसीसी को धन्यवाद दिया। म्वांजा ने कहा, हम टी20 महिला क्वालीफायर की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं। यह इस विश्वास को दशार्ता है कि आईसीसी के पास इतने बड़े आयोजन की मेजबानी करने की हमारी क्षमता है।

## मैनेजर ऑर्टिज ने क्लब अमेरिका से नाता तोड़ा

**एजेंसी। मेक्सिको सिटी**

फर्नांडो ओर्टिज ने 14 महीने तक क्लब अमेरिका के मैनेजर पद पर रहने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया है। मैक्सिकन टीम ने यह जानकारी दी। लीगा एमएक्स क्लॉसुरा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में ग्वाडलजारा से अमेरिका की हार के कुछ ही घंटे बाद यह घोषणा की गई। एक क्लब बयान में कहा गया है, क्लब अमेरिका ने सूचित किया है कि फर्नांडो ऑर्टिज पुरुषों की टीम के मैनेजर के रूप में जारी नहीं रहेंगे और उनका चक्र समाप्त हो गया है। शिन्हुआ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ऑर्टिज पिछले साल मार्च से मैक्सिकन जायंट्स के प्रभारी थे, जब उन्होंने अर्जेंटीना के साथी सैंटियागो सोलारी की जगह ली थी। अमेरिका ने कहा कि वह 45 वर्षीय का उत्तराधिकारी नियुक्त करने में जल्दबाजी नहीं करेगा। क्लब अमेरिका के अध्यक्ष सैंटियागो बानोस ने सोशल मीडिया पर कहा, इस टूर्नामेंट में क्या हुआ और टीम के साथ स्थिति का गहराई से विश्लेषण करेंगे। नौटियाल ने बताया कि उनके खिलाड़ियों का फॉर्म शानदार रहा है, और वे सकारात्मक नोट पर पहले वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट इवेंट की ओर बढ़ रहे हैं। नौटियाल के हवाले से एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया, अवनि (लेखरा) और रुबीना (फ्रांसिस) अच्छी फॉर्म में हैं, वह (लेखरा) अधिक आत्मविश्वास से भरी हुई दिखती हैं। मनीष (नरवाल) भी प्रशिक्षण में अच्छी शूटिंग कर रहे हैं; स्वरूप ट्रेनिंग में विश्व स्कोर कर रहे हैं।



**रोमांचित** | इस साल लंका प्रीमियर लीग का अपना पहला सीजन

# सितारों से सजे आइकॉन प्लेयर्स लाइन-अप की घोषणा

कोलंबो, कोलंबो स्ट्राइकर्स, जो इस साल लंका प्रीमियर लीग का अपना पहला सीजन खेलेगा, ने मंगलवार को सितारों से सजे आइकॉन प्लेयर्स लाइन-अप की घोषणा की, जिसमें पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और तेज गेंदबाज नसीम शाह और श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना और चमिका करुणारत्ने शामिल हैं। 20 वर्षीय पथिराना ने हाल के दिनों में टी20 में अपने प्रदर्शन से क्रिकेट की दुनिया में तहलका मचा दिया है। तेज गेंदबाज ने 20 मैचों में 22.36 की शानदार औसत से 22 विकेट लिए हैं। इस बीच, कोलंबो स्ट्राइकर्स टीम में गेंदबाजी ऑलराउंडर चमिका करुणारत्ने अहम भूमिका निभाएंगे। अनुभवी करुणारत्ने ने 93 टी20 मैचों में 60 विकेट लिए हैं और 726 रन बनाए हैं।

कोलंबो फ्रेंचाइजी निश्चित रूप से अपने सेट-अप में पाकिस्तान के सुपरस्टार बाबर आजम के साथ दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों का ध्यान आकर्षित करेगी। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ने 260 टी20 में 44.02 की शानदार औसत से 9201 रन बनाए हैं।



तेज गेंदबाज नसीम शाह पथिराना के साथ गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करते दिखेंगे। इस युवा खिलाड़ी ने 76 मैचों में 29.75 की शानदार औसत से 73 विकेट लिए हैं।

एक मीडिया विज्ञप्ति में सागर खन्ना ने कहा, हम अपने आइकॉन प्लेयर्स लाइन-अप के हिस्से के रूप में सबसे बड़े टी20 सितारों में से चार को पाकर बहुत रोमांचित हैं। हमने खिलाड़ियों का एक मजबूत कोर ग्रुप बनाया है जिसके चारों ओर हम सीजन के लिए एक मजबूत टीम का निर्माण करेंगे। इन सुपरस्टार्स के साथ हम एक पावर-पैक टीम बनाने के अपने रास्ते पर हैं।

30 जुलाई से 20 अगस्त, 2023 तक होने वाले लीग के चौथे संस्करण से पहले, कोलंबो स्ट्राइकर्स की ओर से, अन्य चार फ्रेंचाइजी टीमों ने भी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों पर हस्ताक्षर किए।

दांबुला ऑरा ने मैथ्यू वेड, कुसल मेंडिस, लुंगी एनगिडी, अविष्का फर्नांडो को साइन किया है, जबकि गाले ग्लैडिएटर्स को शाकिब अल हसन, दासुन शनाका, तबरेज शम्सी, भानुका राजपक्षे की सेवाएं मिलेंगी।

दूसरी ओर, जाफना किंग्स ने डेविड मिलर, थिसारा परेरा, रहमानुल्लाह गुरबाज, महेश थीक्षणा को अनुबंधित किया है, जबकि कैंडी फाल्कन्स ने मुजीब उर रहमान, वानिंदु हसरंगा, फखर जमान, एंजेलो मैथ्यूज जैसे खिलाड़ियों को अनुबंधित किया है।

